


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 17 मार्च, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-74

### लेक्स फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में बोले पीएम मोदी

# मेरी ताकत 140 करोड़ देशवासी और हजारों साल की समृद्ध परंपरा है

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।** पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपनी ताकत बताई और पाकिस्तान के साथ देश के रिश्तों पर बात की।

पीएम मोदी ने पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान कहा, मेरी ताकत मोदी नहीं है, 140 करोड़ देशवासी और हजारों साल की महान संस्कृति और परंपरा हमारी ताकत है। इसलिए मैं जहां भी जाता हूं, मैं अपने साथ हजारों साल की वैदिक परंपरा, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद, सपनों और आकांक्षाओं का सार लेकर जाता हूं। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो मोदी हाथ नहीं मिलाता है, 140 करोड़ लोगों की ताकत उनसे हाथ मिलाती है। इसलिए यह मेरी ताकत नहीं है, बल्कि यह भारत की ताकत है।

उन्होंने कहा कि जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। भारतीयों में संघर्ष और टकराव का समर्थन करने की आदत नहीं है। हम इसकी बजाय सद्भाव और समन्वय का समर्थन करते हैं। हम न तो प्रकृति के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते हैं, न ही राष्ट्रों के बीच संघर्ष को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम शांति के पक्षधर हैं, और जहां भी हम शांति निर्माता के रूप में कार्य कर सकते हैं, हमने खुशी-खुशी उस जिम्मेदारी को



### पाकिस्तान से बेहतर रिश्तों को लेकर भारत ने की पहल

स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनका प्रारंभिक जीवन अत्यधिक गरीबी में बीता, लेकिन हमने कभी गरीबी का बोझ महसूस नहीं किया। जो व्यक्ति बढ़िया जूते पहनने का आदी है, उसे उनकी कमी तब खलेगी जब उसके पास जूते नहीं होंगे। लेकिन हमने अपने जीवन में कभी जूते नहीं पहने थे, तो हम कैसे जान सकते थे कि जूते पहनना कोई बड़ी बात है? हम तुलना करने की स्थिति में नहीं थे। हम बस ऐसे ही जीते थे। पीएम मोदी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्तों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, जब मैं प्रधानमंत्री बना, तो मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को विशेष रूप से आमंत्रित किया था ताकि हम एक नई शुरुआत कर सकें। फिर भी, शांति को बढ़ावा देने के हर नेक प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। हम उम्मीद करते हैं कि उन्हें सद्बुद्धि मिले और वे शांति का रास्ता चुनें।

फ्रिडमैन ने पीएम मोदी से उन पर की गई आलोचना और इससे निपटने के तरीके के बारे में पूछा। इस पीएम ने कहा कि वे इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, ममेरा दृढ़ विश्वास है कि आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। अगर लोकतंत्र वास्तव में आपकी रगों में बहता है, तो आपको इसे अपनाना चाहिए। हमें अधिक आलोचना करनी चाहिए, और यह तीखी और सुविचारित होनी चाहिए। हमारे शास्त्रों में कहा गया है: मअपने आलोचकों को हमेशा अपने पास रखेंफ। आलोचकों को आपका सबसे करीबी साथी होना चाहिए क्योंकि वास्तविक आलोचना के माध्यम से आप जल्दी सुधार कर सकते हैं और बेहतर अंतर्दृष्टि के साथ लोकतांत्रिक तरीके से काम कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, वास्तव में, मेरा मानना है कि हमें अधिक आलोचना करनी चाहिए, और यह तीखी और सुविचारित होनी चाहिए। लेकिन मेरी असली शिकायत यह है कि आजकल, हम जो देखते हैं वह वास्तविक आलोचना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए, वास्तविक आलोचना आवश्यक है।

आरएसएस से अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला। उन्होंने कहा, मबचपन में ठडड की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही मसंघफ (आरएसएस) ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं है... आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है, इसके कामकाज को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

▶10 पर

### मीडिया का मुँह बंद कराने पर तुली तेलंगाना कांग्रेस सरकार

महिला पत्रकारों पर दबिश के बाद मुख्यमंत्री ने धमकाया, कहा

# नंगा करूंगा, कुटवाऊंगा परेड निकलवाऊंगा

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)** तेलंगाना में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर दो महिला पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है। अब सीएम रेड्डी ने खुलकर धमकी दी है। कांग्रेस सरकार के मुखिया रेड्डी ने कहा कि उनके खिलाफ अपशब्द वाली टिप्पणी करने वालों को नंगा कर पीटा जाएगा और उसका परेड निकाला जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को दंडित करने के लिए विधानसभा में बिल लाने की भी बात कही है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, यह मत सोचिए कि मैं चुप हूँ, क्योंकि मैं मुख्यमंत्री हूँ। मैं आपको नंगा कर दूँगा और आपको पीटूँगा। ऐसे लाखों लोग हैं, जो मेरे आह्वान पर आपको पीटने के लिए सड़कों पर उतर आएँगे। लेकिन, मैं अपने पद के कारण सहनशील बना हुआ हूँ। हालाँकि, अपनी धमकी को कानूनी जामा पहनाते हुए उन्होंने कहा, मैं जो भी करूँगा, कानून के दायरे में रहकर करूँगा।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले डिजिटल मीडिया पत्रकारों, विशेष रूप से यूट्यूब चैनल चलाने वालों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं जानना चाहता हूँ कि पत्रकार कौन है? क्या कोई ङ्गट्यूबफ (यूट्यूब चैनल) शुरू कर सकता है और किसी की आलोचना करना शुरू कर सकता है? क्या उन्हें पत्रकार माना जा सकता है?

शनिवार को विधानसभा में बोलते हुए सीएम रेड्डी ने कहा कि इसके लिए एक विधेयक लाया जाएगा। रेवंत रेड्डी ने कहा, हम सार्वजनिक जीवन में हैं और आलोचना के लिए तैयार हैं, लेकिन हमारे परिवार के सदस्यों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि पत्रकारिता की आड़



में सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री फैलाने की संस्कृति पनपने तक वे चुप नहीं रहेंगे।

इठढ पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के बारे में अपमानजनक भाषा पोस्ट की थी। मेरे परिवार की महिलाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट में इस्तेमाल की गई भाषा पर मेरा खून खौल रहा है। अगर बीआरएस के नेताओं की माताओं, बहनों और पत्नियों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जाए तो क्या वे चुप रहेंगे?पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस पर आरोप लगाते हुए सीएम रेड्डी ने कहा, वे (बीआरएस) अपने पार्टी कार्यालय में पैसे लेकर आए कलाकारों को लाए, इसे रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। अब, वे परेशान हैं क्योंकि दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस केस दर्ज किया गया है। इन महिलाओं की गिरफ्तारी का बीआरएस ने विरोध किया है।दरअसल, सीएम रेड्डी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने 10 मार्च को पोगदादंडा रेवती और उनकी सहकर्मी संध्या उर्फ तन्वी यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

▶10 पर

## हैदराबाद में पुलिस ने 55 लाख से अधिक मूल्य के पुराने नोट जब्त किए



**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो** हैदराबाद में 55.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पुराने और अमान्य नोटों को बदलने का प्रयास करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (आयुक्त कार्य बल) वाईवीएस सुधींद्र ने एक विज्ञप्ति में बताया कि विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों ने शनिवार रात गिरोह को उस समय पकड़ा जब वे संभावित ग्राहकों से कमीशन के आधार पर अवैध रूप से 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को वैध भारतीय मुद्रा से बदलने का प्रयास कर रहे थे। विज्ञप्ति में बताया गया कि चारों व्यक्तियों को जब्त नोटों के साथ जांच के लिए अबिड्स पुलिस थाने के प्रभारी को सौंप दिया गया।

## सरकारों के पैनल में 30% महिला वकीलों को किया जाए शामिल : जस्टिस बीवी नागरत्ना

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने केंद्र और राज्य सरकारों के वकील पैनल में 30 फीसदी महिला वकीलों को शामिल करने की अपील की है। नागरत्ना ने कहा कि वकालत आदि कानूनी सलाहकार भूमिकाओं में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने के कारण न्यायपालिका में लैंगिक असमानता पैदा हुई है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हाईकोर्ट में सक्षम महिला अधिवक्ताओं की पदोन्नति बेंच में अधिक विविधता लाने का एक अहम समाधान हो सकता है। जस्टिस नागरत्ना ने सवाल उठाया कि यदि पुरुष अधिवक्ताओं को 45 वर्ष से कम आयु होने पर हाईकोर्ट में जज भी नियुक्त किया जा सकता है, तो सक्षम महिला अधिवक्ताओं को क्यों नहीं?

नागरत्ना ने कहा कि सफलता के लिए कोई ऐसा गुण नहीं है जो केवल पुरुषों के लिए हो और महिलाओं में न हो। युवा महिलाओं के पास ऐसे रोल मॉडल और मार्गदर्शकों का अभाव है जो उन्हें कानूनी पेशे में आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित और मदद



कर सकें। शीर्ष अदालत की जस्टिस ने जोर दिया कि कानूनी पेशे में महिलाओं की प्रगति केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं बल्कि प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने के सामूहिक प्रयासों से जुड़ी है। कांच की छत को तोड़ने के लिए पारंपरिक लिंग भूमिकाओं और गुणों को चुनौती देने की आवश्यकता है।

नागरत्ना ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा सर्वोपरि है और कार्यबल में उनकी निरंतर भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। जब लड़कियां शिक्षित होती हैं, तो वे बड़े सपने देखने, अपने जुनून को पूरा करने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त होती हैं। उन्होंने करियर और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन बनाते समय महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते कहा कि शादी का इरादा रखने वाली महिलाओं को मातृत्व दुविधा बल्कि ङ्गपति दुविधाफ में रहती हैं, ये ऐसे प्रश्न हैं जिन पर हमें आधुनिक समाज के रूप में विचार-विमर्श करना चाहिए और उन पर लगातार कार्य करना चाहिए।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि जहां तक कानूनी पेशे का सवाल है, केंद्र या राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले कम से कम 30 प्रतिशत विधि अधिकारी महिलाएं होनी चाहिए। इसके अलावा, सभी सार्वजनिक क्षेत्रों के विधिक सलाहकारों के पैनल में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं होनी चाहिए, इसी तरह सभी राज्य संस्थाओं और एजेंसियों में भी। इसके अलावा, उच्च न्यायालयों में सक्षम महिला अधिवक्ताओं की पदोन्नति बेंच में अधिक विविधता लाने का एक समाधान है।

नागरत्ना ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग: विमेन हू मेड इट विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रही थीं। मुंबई विश्वविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित यह सेमिनार भारत की पहली महिला वकील कॉर्नेलिया

▶10 पर

## विवादित बयान के बाद उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दिया इस्तीफा




**देहरादून, 16 मार्च (एजेंसियां)।** विधानसभा सत्र के दौरान विवादित बयान देने के बाद उत्तराखंड सरकार में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना पद छोड़ने से पहले कहा कि उनके खिलाफ माहौल बनाया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वो भावुक भी हो गए। फरवरी महीने में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्षी विधायकों के साथ बहस में उन्होंने कहा था, मक्या यह राज्य पहाड़ियों के लिए बनाया गया है? इस टिप्पणी से राज्य में आक्रोश फैल गया, और अलग-अलग संगठनों और राजनीतिक दलों ने उनके इस्तीफे की मांग की थी।

प्रेमचंद अग्रवाल राज्य सरकार में वित्त और संसदीय कार्य मंत्री थे। उन्होंने इस विवाद के बाद भावुक होकर कहा कि उनके खिलाफ माहौल बनाया गया है। उन्होंने खुद को राज्य का आंदोलनकारी बताते हुए इस्तीफे की पेशकश की।

आज अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि मउत्तराखंड के अलग राज्य के आंदोलन के लिए 1994 से लगातार आंदोलन किया था। राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रहा। तत्कालीन सरकार ने एनएसए लगाने की भी उन पर कोशिश की थी। हमेशा से राज्य के लिए लड़ाई लड़ी। उसके बाद इस तरह का माहौल मेरे विरुद्ध बनाया गया कि आज मुझे इस्तीफा देना पड़ रहा है।बता दें कि अग्रवाल के उस बयान को लेकर प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी का भी होली पर एक गाना वायरल हुआ जिसमें उनके बोल थे ममत मारो प्रेम लाल पिचकारीफ नरेंद्र सिंह नेगी ही वह शख्स है जिनके गाने की वजह से 2010 के दशक में तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की सरकार हिल गई थी। बीजेपी के प्रदेश नेतृत्व ने भी उन्हें तलब कर बयानों में संयम बरतने और उचित शब्दावली का प्रयोग करने की कड़ी हिदायत दी है।

## गडकरी के समर्थन में उतरे कांग्रेस और उद्धव गुट के नेता



**मुंबई, 16 मार्च (एजेंसियां)।** अक्सर देखा जाता है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की तारीफ विपक्ष के नेता भी करते हैं । एक बार फिर नितिन गडकरी के समर्थन में कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी नेता भी आ गए हैं। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने नितिन गडकरी के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं भी नितिन गडकरी के बयान से सहमत हूं। बता दें कि नितिन गडकरी के मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा शिक्षा की जरूरत वाले बयान पर राजनीतिक दलों के नेताओं की लगातार प्रतिक्रिया आ रही है। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा, अगर नितिन गडकरी ने कहा है तो ये बड़ी बात है। भाजपा में रहकर अगर वह इस तरह की बातें करते हैं तो कुछ तो कारण होगा।

▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $36^0$
न्यूनतम : $24^0$

## उत्तरी मैसेडोनिया के नाइटक्लब में भीषण आग, 50 लोगों की मौत



**स्कोप्जे, 16 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तरी मैसेडोनिया के कोकानी में एक नाइटक्लब में भीषण आग लग गई। आग में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। देश के प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना पर अफसोस जताते हुए लोगों से इस दुख की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की अपील की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि नाइटक्लब में एक कॉन्सर्ट के दौरान लगभग 1,500 लोग मौजूद थे, जब अचानक आग लग गई। आग तेजी से छत और बिल्डिंग के अन्य हिस्सों में फैल गई, जिससे पूरा नाइटक्लब जलकर राख हो गया।

आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ के कारण भी कई लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या का अभी भी आकलन किया जा रहा है। बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है और राहत कार्य जारी है।इस घटना पर उत्तरी मैसेडोनिया के प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गहरे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे कोकानी में हुई भयानक त्रासदी की खबर मिली। मैसेडोनिया के लिए यह एक कठिन और बहुत दुखद दिन है! इतने सारे युवा जीवन की अपूरणीय हानि है।

▶10 पर

### क्या केदारनाथ में अब सिर्फ हिंदू ही जा सकेंगे?

## चारधाम यात्रा से पहले भाजपा विधायक ने उठाई बड़ी मांग

**केदारनाथ धाम, 16 मार्च (एजेंसियां)।** चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले केदारनाथ में गैर हिंदुओं की एंट्री बैन का मुद्दा उठ गया है। इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के भी अलग-अलग बयान आ रहे हैं। इसी कड़ी में केदारनाथ से विधायक आशा नौटियाल ने मांग की है कि गैर-हिंदुओं को इस क्षेत्र से बैन किया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि वे स्थानीय लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली प्रथाओं में लिप्त होकर आस्था को बदनाम कर रहे हैं। इस बयान पर सियासत भी देखने को मिल रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस बयान को पद का अपमान करार दिया है। रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी की विधायक आशा नौटियाल ने कहा, मैंने स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक की



और उन्होंने मुझे बताया कि गैर-हिंदू वहां धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। दुनिया भर से लोग बाबा केदार की पूजा करने जाते हैं, इसलिए गैर-हिंदुओं को वहां जाने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। स्थानीय व्यापारियों ने भी मांग की है कि ऐसी चीजों को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। बीजेपी के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने नौटियाल के बयान का समर्थन किया है।

▶10 पर





# यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी हमले में 22 लोगों की मौत, ट्रंप ने दी कड़ी चेतावनी

**वाशिंगटन, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिका ने शनिवार को बड़ा हमला किया, जिसमें अब तक 22 लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हूतियों के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हूती विद्रोही हमले जारी रखते हैं, तो उनकी स्थिति नरक से भी बदतर हो जाएगी।

अमेरिका ने शनिवार को यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर बड़ा हमला किया, जिसमें अब तक 22 लोगों की मौत हुई है। हूतियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण मंत्रालय ने साबा समाचार एजेंसी पर एक बयान में कहा कि नौ नागरिक मारे गए और नौ अन्य घायल हैं, इनमें अधिकांश हालत गंभीर है।

ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद मिडिल ईस्ट में यह सबसे बड़ा सैन्य अभियान है। लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प ने हूतियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिखा, ईरान से आर्थिक समर्थन पाने वाले हूतियों ने अमेरिकी विमानों पर मिसाइलें दागी हैं और हमारे सैनिकों और सहयोगियों को निशाना बनाया है। समुद्री डकैती, हिंसा और आतंक से अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और लोगों की जान खतरे में पड़ी है।

उल्लेखनीय है कि हूती विद्रोहियों ने नवंबर 2023 से अब तक शिपिंग पर 100 से अधिक हमले किए, जिसे रोकने के लिए अमेरिकी सेना को कई अभियान चलाने पड़े।पिछले राष्ट्रपति बाइडेन ने हूतियों के खिलाफ सीमित कार्रवाई की थी लेकिन अब ट्रम्प ने अधिक आक्रामक रुख अपनाने की मंजूरी दी है।

हूती यमन के अल्पसंख्यक शिया जैदी समुदाय का हथियारबंद समूह है, जिसने पिछले दशक में यमन के ज्यादातर हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। हूती गाजा में हमास–इजराइल संघर्ष में फिलिस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुतिन ने अमेरिकी दूत को कराया इंतजार! ट्रंप ने मीडिया खबरों को बताया फर्जी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन मीडिया आउटलेट्स की आलोचना की है, जो झूठा दावा फैला रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को घंटों इंतजार करवाया। ट्रंप ने कहा कि ऐसी कोई देरी नहीं हुई। शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि हमेशा की तरह, फिर से फर्जी खबरें आ रही हैं। वे ईमानदार क्यों नहीं हो सकते कल रात मैंने पढ़ा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मेरे सम्मानित राजदूत और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को नौ घंटे से ज्यादा वक्त तक इंतजार करवाया, जबकि वास्तव में कोई इंतजार नहीं करवाया गया था। ट्रंप ने आगे कहा कि रूस के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें हुईं और जाहिर है, उनमें कुछ वक्त लगा, लेकिन वे बहुत प्रोडक्टिव था। उन्होंने केवल इसलिए यह कहानी गढ़ी है, जिससे लोगों को नीचा दिखाया जा सके, क्योंकि वे बीमार और पतित लोग हैं, जिन्हें समाचारों को सही ढंग से रिपोर्ट करना नहीं आता है। यही कारण है कि उन्होंने अपनी रेटिंग, अपने दर्शक और सम्मान खो दिया है। इस मामले पर आपके ध्यान के लिए धन्यवाद और गॉड अमेरिका को आशीर्वाद दें। शुक्रवार को ट्रंप ने न्याय विभाग में एक स्पीच के वक्त प्रमुख समाचार नेटवर्क पर निशाना साधते हुए सुझाव दिया था कि उनकी रिपोर्टिंग को अवैध माना जाना चाहिए और उसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मेरा मानना है कि जो सचमुच मेरे बारे में 97.6 फीसदी बुरा लिखते हैं, डेमोक्रेट पार्टी की राजनीतिक शाखाएं हैं और मेरी राय में, वे वास्तव में भ्रष्ट हैं अवैध हैं, वे जो करते हैं वह अवैध हैं।



### तूफानी बवंडर से हिल गया अमेरिका 27 की मौत, 10 करोड़ लोगों पर संकट



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भयानक तूफान देखने को मिला है, जिसने भारी तबाही मचाई है। अमेरिका के कुछ हिस्सों में हिंसक बवंडर का खतरा जानलेवा और विनाशकारी साबित हुआ। शनिवार को मिसिसिपी वैली और डीप साउथ की ओर तेज हवाएं बढ़ीं, जिसमें कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और कई घर तबाह हो गए। मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास और ओक्लाहोमा सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्य हैं। देश भर में चल रहे एक विशाल तूफान प्रणाली के कारण हवाएं पैदा हुईं, जिसने घातक धूल भरी आंधी और 100 से अधिक जंगल की आग को भड़काया। कनाडाई सीमा से टेक्सास तक 80 मील प्रति घंटे (130 किमी प्रति घंटे) तक की हवाएं चलने की संभावना है, जो ठंडे उत्तरी क्षेत्रों में बर्फीले मौसम और गर्म, शुष्क क्षेत्रों में जंगल की आग के खतरे को बढ़ा सकती हैं। पूरे देश में 10 करोड़ लोगों पर इसका असर पड़ सकता है। ओक्लाहोमा में 130 से ज्यादा आग की घटनाएं दर्ज की गईं, जिस कारण कुछ इलाकों को खाली करने का आदेश दिया गया। ओक्लाहोमा में आग के कारण लगभग 300 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं। गवर्नर केविन स्टिट ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनके राज्य में अब तक लगभग 69 हेक्टेयर इलाका जल चुका है। स्टेट हाईवे पेट्रोल ने कहा कि हवाएं इतनी तेज थीं कि उन्होंने कई ट्रैक्टर–ट्रेलरों को पलट दिया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मार्च में ऐसे मौसम के चरम देखना असामान्य नहीं है।

### कनाडा में भारतीयों का दबदबा, दमदार विभागों के मुखिया बने अनीता आनंद और कमल खेड़ा



**ओटावा।** कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की विदाई के साथ ही नई कैबिनेट में भारतीय मूल की दो नेताओं को जगह मिली है। ये अनिता आनंद और दिल्ली में जन्मी कमल खेड़ा हैं, जिन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। पीएम कार्नी लिबरल पार्टी के सदस्य और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर हैं। कार्नी को गवर्नर जनरल मैरी साइमन की मौजूदगी में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसी समारोह में 30वें कनाडियन मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। 58 साल की अनिता आनंद को इनोवेशन, साइंस एंड इंडस्ट्री मंत्रालय सौंपा गया है। वहीं 36 साल की कमल खेड़ा, कनाडा की संसद में चुनी जाने वाली सबसे कम उम्र की महिलाओं में से एक हैं। उन्हें स्वास्थ्य मंत्री का पद सौंपा गया है। दोनों नेता पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की कैबिनेट में भी मंत्री रह चुकी हैं। हालांकि तब उन्हें अलग–अलग जिम्मेदारी दी गई थी।

# अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 9 महीने से फंसीं सुनीता विलियम्स धरती पर वापस लौटेंगी



**फ्लोरिडा, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

**अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में लगभग नौ माह से फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को घर वापस लाने की योजना के तहत एक नए चालक दल को लेकर स्पेसएक्स रॉकेट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गया है। अंतरिक्ष यात्रियों के आईएसएस पर केवल आठ दिन रहने की उम्मीद थी, लेकिन प्रायोगिक अंतरिक्ष यान में तकनीकी समस्याओं के कारण वे नौ महीने से अधिक समय से वहां फंसे हैं।**

नासा के मुताबिक स्पेसएक्स क्रू–10 मिशन के चार चालक दल के सदस्यों को शुक्रवार शाम 7:03 बजे पूर्वी समय पर फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना किया गया। स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट ने नासा के अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएक्सए) के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव के साथ ड्रैगन अंतरिक्ष यान को कक्षा में पहुंचाया। लंबे इंतजार के बाद 14 मार्च को इलॉन मस्क की स्पेस एजेंसी स्पेसएक्स का रॉकेट फॉल्कन 9 भारतीय समयानुसार करीब 4:30 बजे लॉन्च किया गया था। नासा के अनुसार अंतरिक्ष यान ने 15 मार्च को लगभग 11:30 बजे स्टेशन के हार्मनी मॉड्यूल के आगे वाले पोर्ट पर स्वायत्त रूप से डॉक किया। इसके तुरंत बाद चालक दल कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में लंबे समय तक रहने के लिए शामिल हो गए। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान का हैच 16 मार्च को सुबह 1:35 बजे खुला और क्रू–10 के सदस्य अपने उत्साहित एक्सपीडिशन 72 चालक दल के बाकी सदस्यों के साथ अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश कर गए। नासा ने %एक्स% पर लिखा, अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉकिंग के कुछ ही समय बाद क्रू–10 का स्वागत कक्षीय सूर्योदय द्वारा किया गया। अंतरिक्ष में आपका स्वागत है, ऐनी, निकोल, टाकुया और किरिल। स्पेस स्टेशन में 9 महीने से फंसी भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स चार दिन बाद यानी 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से धरती पर वापसी करेंगी। सुनीता और उनके साथ गए बुच विलमोर नौ महीने से आईएसएस पर फंसे हैं। उनके स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसकी वजह से उनकी वापसी तय समय पर नहीं हो पाई थी। नए दल में नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल अयर्स, जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जेएक्सए के टकुया ओनिशी और रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के कोस्मोनॉट किरिल पेस्कोव शामिल हैं। ये चारों अंतरिक्ष यात्री आईएसएस में अब सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर और क्रू–9 के दो अन्य सदस्यों की जगह लेंगे।

**स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी से वापस नहीं आ पाए थे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और विलियम्स**

# रूस सुमी क्षेत्र पर हमले की बना रहा योजना, यूक्रेन भी पूरी ताकत से देगा जवाब : जेलेंस्की



**कीव, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि यूक्रेनी सैनिक अब भी रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रूसी और उत्तर कोरियाई सेनाओं से मुकाबला करर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि रूस सुमी क्षेत्र पर हमले की योजना बना रहा है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में जेलेंस्की ने कहा कि कीव के सैनिक कुर्स्क में घिरे नहीं हैं, लेकिन रुस एक अलग हमले के लिए अपनी सेना इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस की सुमी क्षेत्र पर हमला करने की योजना है। हमें इसकी जानकारी है और हम पूरी ताकत से इस हमले का मुकाबला करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने 2024, अगस्त में रूस के कुर्स्क क्षेत्र के करीब 1300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर रखा था। इस दौरान यूक्रेन ने कहा था कि यह कदम भविष्य की वार्ताओं में मोलभाव करने और रूस को पूर्वी यूक्रेन से पीछे हटने के लिए मजबूर करने का प्रयास था। हालांकि हाल के दिनों में रूसी सेना को इस इलाके में अहम सफलता मिली है। रूसी सेना के मुताबिक हालिया तेज बढ़त के कारण अब यूक्रेन के पास कुर्स्क में 200 वर्ग किलोमीटर से भी कम क्षेत्र बचा है। मॉस्को ने दावा किया है कि उसने इस क्षेत्र के अहम शहर सुदजा पर कब्जा कर लिया है।

जेलेंस्की ने कहा कि मैं चाहता हूं कि सभी हमारे साझेदार यह समझें कि पुतिन क्या योजना बना रहे हैं, वे किसके लिए तैयारी कर रहे हैं और वे किस बात को नजरअंदाज करेंगे। रुसी राष्ट्रपति पुतिन ने गुरुवार को कहा था कि वह यूक्रेन के साथ 30 दिन के युद्धविराम के ट्रंप के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। हालांकि उन्होंने कुछ मुद्दों पर स्पष्टीकरण की मांग की थी और कुछ शर्तें भी रखीं थी। शनिवार को ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने करीब 25 यूरोपीय नेताओं और अन्य सहयोगियों की बैठक में कहा था कि युद्धविराम को स्वीकार करने के लिए पुतिन पर दबाव बढ़ाने की जरूरत है। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना की तैयारियां यह दर्शाती हैं कि मॉस्को कूटनीति को नजरअंदाज करना जारी रखना चाहता है। यह साफ है कि रूस युद्ध को लंबा खींच रहा है। अपने बयान में जेलेंस्की ने कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पूर्वी यूक्रेनी शहर पोक्रोवस्क के पास युद्ध की स्थिति अब स्थिर है और यूक्रेन ने जंग में अपनी नई घरेलू रूप से निर्मित लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल किया है। कीव अपने घरेलू रक्षा उद्योग का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि पश्चिमी सहयोगियों पर निर्भरता कम की जा सके जिन्होंने उसे तोपखाने, वायु रक्षा और लंबी दूरी की हमले की क्षमताएं प्रदान की हैं।

## हवाना में ब्लैकआउट



हवाना में ब्लैकआउट के दौरान लोग अपने इलेक्ट्रानिक उपकरण एक सड़क पर चार्ज करते हुए।

# अब नेपाल के प्रसिद्ध मुक्तिनाथ मंदिर में भारतीय श्रद्धालु यूपीआई से दे सकेंगे दान

**काठमांडू, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

भारतीय श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुक्तिनाथ मंदिर में अब भारतीय ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम भीम यूपीआई से दान दक्षिणा दिए जाने की व्यवस्था की गई है। नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी ने मुक्तिनाथ मंदिर के प्रांगण में इस सुविधा का अनावरण किया है। नेपाल के फोन पे के साथ समझौता होने के बाद इस सुविधा की शुरुआत हो चुकी है।



अभी तक काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में भारत के किसी भी ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम से दान देने या विशेष पूजा का शुल्क जमा करने की सुविधा थी, लेकिन अब यह सुविधा मुक्तिनाथ मंदिर में भी शुरू की गई है। राष्ट्र बैंक के गवर्नर अधिकारी ने इसकी शुरुआत करते हुए कहा कि अब भारतीय श्रद्धालुओं को इस मंदिर में आने के बाद कैश से दान या दक्षिणा देने के बजाए क्यू आर कोड के जरिए भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर के बाद भारतीय श्रद्धालु मुक्तिनाथ मंदिर जाते हैं। अधिकारी ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा होने से अब भारतीय पर्यटकों और श्रद्धालुओं को काफी आसानी हो गई है। भारत के रिजर्व बैंक ने नेपाल में सिर्फ 100 या उससे कम के नोट ही कानूनी रूप से वैध किये हैं। इस कारण भारतीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटक अपने साथ में 25 हजार से अधिक रुपए कैश नहीं रख सकते हैं। इस कारण भी भारतीय नागरिकों को काफी दिक्कतें आती थी।

# यूएन प्रमुख गुटेरेस का बांग्लादेश दौरा, रोहिंग्या शरणार्थियों की स्थिति पर जताई चिंता

**ढाका, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों की विकट स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वित्तीय और राजनीतिक सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों और उन्हें शरण देने वाले बांग्लादेशी समुदायों को समर्थन नहीं मिलने की स्थिति में मानवीय संकट उत्पन्न हो सकता है।**



गुटेरेस चार दिवसीय बांग्लादेश यात्रा पर शुक्रवार को ढाका पहुंचे थे। उन्होंने कॉक्स बाजार का दौरा किया, जहां लाखों रोहिंग्या शरणार्थी अस्थायी शिविरों में कठिन परिस्थितियों में जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने वहां की स्थिति को नजदीक से देखा और इस संकट के समाधान के लिए वैश्विक समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया।

गुटेरेस ने अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा बांग्लादेश को दी जाने वाली मानवीय सहायता में कटौती को अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि इन कटौतियों के चलते पहले से ही कठिन हालात झेल रहे रोहिंग्या शरणार्थियों का भविष्य और अधिक अनिश्चित हो गया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे इस संकट को नजरअंदाज न करें और शरणार्थियों के लिए वित्तीय और राजनीतिक समर्थन सुनिश्चित करें।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने बांग्लादेश की सरकार और जनता की असाधारण उदारता की सराहना की, जिन्होंने भारी सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के बावजूद रोहिंग्या शरणार्थियों को शरण दी।

गुटेरेस ने आश्वासन दिया कि संयुक्त राष्ट्र रोहिंग्या संकट के स्थायी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों की स्वैच्छिक, सुरक्षित, गरिमापूर्ण और स्थायी वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार में अनुकूल परिस्थितियां बनाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र सदस्य राष्ट्र रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति पर एक उच्च–स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने की योजना बना रहे हैं, जिससे इस संकट का दीर्घकालिक समाधान निकाला जा सके।

गुटेरेस ने कहा कि इस बार उन्होंने बांग्लादेश का दौरा रोहिंग्या शरणार्थियों और उन्हें शरण देने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए किया है। इससे पहले, वे 2018 में कॉक्स बाजार गए थे और तब भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समर्थन की अपील की थी।

बांग्लादेश सरकार के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने भी इस संयुक्त प्रेस वार्ता में हिस्सा लिया और रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के इस दौरे से उम्मीद की जा रही है कि रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए वैश्विक स्तर पर अधिक सहायता जुटाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# वैष्णो देवी आने वालों की संख्या के साथ दान-राशि भी बढ़ी

**जम्मू, 16 मार्च (ब्यूरो)।**

तिरुपति बाला जी के बाद वैष्णो देवी तीर्थ स्थान भगवान में आस्था और श्रद्धा रखने वालों के लिए दूसरे स्थान पर है। वैष्णो देवी तीर्थ स्थान पर आने वालों और उनके द्वारा दिए जाने वाले दान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।



पिछले साल तिरुपति बाला जी में दान के आंकड़े चौंकाने वाले थे। वर्ष 2023 में तिरुपति बाला जी में 773 करोड़ का दान श्रद्धालुओं द्वारा किया गया था। श्रद्धालुओं ने 1031 किलो सोना भी चढ़ाया था। इस बार माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल को मिले दान में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में जनवरी तक 171.90 करोड़ रुपए का दान मिला है। जबकि 2020-21 में दान की राशि 63.85 करोड़ रुपए थी। मंदिर में दिए गए चढ़ावे में 27.7 किलोग्राम सोना और 3,424 किलोग्राम चांदी है। यह जानकारी श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने दी है।

वैष्णो देवी मंदिर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 9.075 किलोग्राम सोना, 2021-22 में 26.351 किलोग्राम सोना, 2022-23 में 33.258 किलोग्राम सोना, 2023-24 में 23.477 किलोग्राम सोना और 2024-25 (जनवरी तक) में 27.717 किलोग्राम सोना चढ़ाया गया। मंदिर को दान के रूप में वित्त वर्ष 2020-21 में 753.630 किलोग्राम चांदी, 2021-22 में 2400.705 किलोग्राम चांदी, 2022-23 में 3756.582 किलोग्राम चांदी, 2023-24 में 4072.486 किलोग्राम चांदी और 2024-25 (जनवरी तक) में 3424.538 किलोग्राम चांदी चढ़ी है।

बोर्ड का कहना है कि जो धातु मिले हैं वे अशुद्ध रूप में हैं इसलिए अभी उसकी कीमत नहीं बताई जा सकती है। येलो मेटल सोने जैसा दिखता है जबकि सफेद मेटल चांदी जैसा दिखता है। इसको गलाने के बाद इसे सिक्के के रूप में ढाला गया है। एक आरटीआई के जवाब में श्राइन बोर्ड ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 में 63.85 करोड़, 2021-22, में 166.68 करोड़, 2022-23 में 223.12 करोड़ और 2023-24 में 231.50 करोड़ का दान प्राप्त हुआ था जबकि 2024-25 के वित्त वर्ष में जनवरी महीने तक 171.90 करोड रुपए के दान मिले हैं। 2020 में कोरोना के वक्त 17.20 लाख तीर्थयात्री पहुंचे थे जो कि पिछले तीन दशकों में सबसे कम हैं। तीर्थस्थान कोविड-19 महामारी के कारण पांच महीने के लिए बंद था। यह अगस्त 2020 में दोबारा खुला था।

जानकारी के लिए 1986 में वैष्णो देवी में 13.95 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे जबकि श्राइन बोर्ड ने तीर्थस्थल के प्रबंधन की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद से हर साल तीर्थयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2021 में 1.04 करोड़ तीर्थयात्री पहुंचे थे जबकि 2011 में 1.01 करोड़ तीर्थयात्रियों ने मत्था टेका था। 2021 में 55.88 लाख तीर्थयात्री माता के दरबार पहुंचे थे जबकि 2022 में 91.25 लाख, 2023 में 95.22 लाख और 2024 में 98.84 लाख तीर्थयात्री पहुंचे थे।

# भारत पहली बार करेगा काउंटर टेररिज्म बैठक की सह अध्यक्षता

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत में पहली बार काउंटर-टेररिज्म पर अंतरराष्ट्रीय बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमें कई देशों के प्रतिनिधि आतंकवाद विरोधी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप की 14वीं बैठक होगी, जो 19 से 20 मार्च, 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य वैश्विक आतंकवाद और उग्रवाद के बदलते खतरों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार करना है।

भारत इस बैठक में पहली बार सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाएगा और इसके लिए मलेशिया भारत का सहयोगी देश होगा। इस बैठक में आसियान के 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, वियतनाम,



सिंगापुर और थाईलैंड शामिल हैं। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन, अमेरिका और रूस जैसे आठ संवाद भागीदार देशों के साथ-साथ टिमोर-लेस्ते और आसियान सचिवालय के सदस्य भी इस बैठक में भाग लेंगे। उद्घाटन सत्र में भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह मुख्य भाषण देंगे।


यह बैठक 2024-2027 की समयावधि के लिए काउंटर-टेररिज्म पर एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक होगी। इसमें आतंकवाद से निपटने के लिए रक्षा बलों के अनुभवों को साझा करने और एक व्यापक रणनीति विकसित करने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, इसमें विभिन्न रक्षा अभ्यासों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस एक ऐसा मंच है, जो सदस्य देशों के रक्षा संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

इस बैठक के दौरान आतंकवाद विरोधी प्रयासों के अलावा समुद्री सुरक्षा, मानवीय सहायता, आपदा प्रबंधन, शांति रक्षा अभियानों, सैन्य चिकित्सा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप इन विषयों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करता है और तीन साल के चक्र में अपनी गतिविधियां संचालित करता है। इस दौरान नियमित बैठकों और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाता है, जिससे व्यावहारिक सहयोग को परखा और मजबूत किया जा सके।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता शुरू : व्यापारिक संबंधों में नया अध्याय

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत और न्यूजीलैंड ने अपने द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता शुरू करने की आज घोषणा की। यह महत्वपूर्ण पहल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की द्विपक्षीय बैठक के पूर्व संध्या पर की गई।



इस निर्णय की आधिकारिक घोषणा भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री श्री टॉड मैक्ले के बीच 16 मार्च 2025 को हुई बैठक के दौरान की गई। इस बैठक ने दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नींव रखी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, मजबूत आपसी संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित साझेदारी रही है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग को निरंतर मजबूत करने का प्रयास किया है।

एफटीए वार्ता का उद्देश्य एक संतुलित व्यापार समझौता तैयार करना है, जो आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को बढ़ावा दे, बाजार पहुंच में सुधार करे और द्विपक्षीय व्यापार को गति प्रदान करे। यह समझौता दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने के साथ-साथ व्यापारिक लचीलापन और समृद्धि को भी प्रोत्साहित करेगा। यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और आर्थिक साझेदारियों का महत्व बढ़ता जा रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के इस कदम से दोनों देशों के व्यापारियों, निवेशकों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

# लापता तीन दोस्तों में से दो के शव मिले, तीसरा गायब

## कठुआ के दोनों लापता नाबालिग मिल गए

**जम्मू, 16 मार्च (ब्यूरो)।**

कठुआ जिले से जो दो नाबालिग लड़के लापता हुए थे दोनों मिल गए हैं। हालांकि वे दावा करते हैं कि उन्हें अपहृत किया गया था जिसकी पुलिस जांच कर रही है पर काजीगुंड से लापता हुए तीन दोस्तों में से अभी तक एक नहीं मिला है जबकि दो के शव मिल गए हैं।

पुलिस ने बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को खोज निकाला है, जो एक पखवाड़े पहले कठुआ जिले के राजबाग से लापता हो गए थे। यह घटना उस समय हुई है जब क्षेत्र में हाल ही में तीन नागरिकों की हत्या के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। पुलिस ने कहा कि 12 और 15 साल के लड़के जाहिर तौर पर काम की तलाश में पंजाब गए थे, लेकिन वे अपने ठिकाने के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए।

हालांकि, उनमें से एक ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें हरदोई मुथी गांव से काले रंग के वाहन में सवार लोगों ने अगवा कर लिया था, एक घर में ले गए और उन्हें खाना खिलाया। कुछ दिनों बाद, वे कथित तौर पर बस और ट्रेन में सवार हुए और फिर क्रांडी पहुंचे। लड़के 27 फरवरी को भंबरवान बकरी फार्म के पास मवेशी चराते समय लापता हो गए थे। उनके परिवारों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पंजाब और पड़ोसी इलाकों में कई टीमों को भेजकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। जम्मू, सांबा और कठुआ रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से उनके परिवारों से मुलाकात की और खोज में सहायता के लिए उनकी तस्वीरें प्रसारित करने का निर्देश दिया। राजबाग स्टेशन हाउस ऑफिसर अजय सिंह चिब ने पुष्टि की कि लड़के राजबाग के एक खेत में पाए गए और अपने परिवारों से मिल गए।

दोनों ने दावा किया कि एक व्यक्ति उन्हें पठानकोट ले गया था, कुछ दिनों तक उन्हें खाना खिलाया और बाद में उन्हें बेहोश करके खेत में छोड़ दिया। पुलिस इन दावों की जांच कर रही है।

इस बीच पुलिस ने रविवार को एक और गुज्जर युवक का शव बरामद किया, जो पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के इस जिले में दो अन्य लोगों के साथ लापता हो गया था। चटा डूंडा, राजौरी (वर्तमान में चंदियन पजान, काजीगुंड में रह रहे) निवासी मोहम्मद सादिक बजाड़ के बेटे मोहम्मद शौकत का शव आज सुबह कुलगाम जिले के माह अश्मुजी में वैशो नाले में मिला। पिछले महीने, तीन युवक- रियाज अहमद बजाड़, उसका छोटा भाई शौकत अहमद बजाड़ और तीसरा व्यक्ति मुख्तार अहमद- काजीगुंड से लापता हो गए थे।

उनके रिश्तेदार पिछले एक महीने से उनकी तलाश कर रहे थे और स्थानीय पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रियाज का शव तीन दिन पहले उसी नाले में मिला था। तीनों राजौरी के रहने वाले थे और काजीगुंड में मजदूर के रूप में काम करते थे। तीनों 13 फरवरी को एक रिश्तेदार के घर समारोह में शामिल होने के लिए अश्मुजी, कुलगाम के लिए निकले थे। हालांकि, वे अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही लापता हो गए। लापता होने के बाद से उनके फोन बंद हैं। लापता तीनों लोगों का पता लगाने के लिए कुलगाम पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने तलाशी अभियान शुरू किया। अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीसरे लापता युवक की तलाश जारी है।

# कर्नाटक में भाजपा की लहर, जल्द सत्ता में आएगी पार्टी: येदियुरप्पा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि राज्य में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल है और पार्टी जल्द ही सत्ता में आएगी। उन्होंने पार्टी में चल रही गुटबाजी को लेकर कहा कि हर किसी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और यह समय आपसी मतभेद भुलाने का है। पूर्व सीएम ने पत्रकारों से कहा भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में हम सौ फीसदी कर्नाटक में सरकार बनाएंगे। हम



सब मिलकर पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। कर्नाटक भाजपा में गुटबाजी खुलकर सामने आई है। बता दें कि, बीजापुर सिटी के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल और गोकक के विधायक रमेश जारकीहोली ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने बीवाई विजयेंद्र पर कांग्रेस सरकार के साथ समझौते की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीवाई विजयेंद्र और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा पर भाजपा को अपनी पकड़ में रखने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, जब येदियुरप्पा से यतनाल के आरोपों पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कोई जवाब देने से इनकार कर दिया। पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा, 'इन गारंटी योजनाओं का कोई मतलब नहीं है। इन्हें लोगों को खुश करने के लिए घोषित किया गया था, लेकिन सही तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है। यह सरकार एक तरह से 'तुगलक दरबार' चला रही है। देखते हैं, यह कब तक चलेगा। वहीं जब पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा से पूछा गया कि क्या वर्तमान कांग्रेस की राज्य सरकार के बजट में उत्तर कर्नाटक के साथ अन्याय हो रहा है, तो उन्होंने कहा, 'यह बात सभी को पता है कि यह सच है।

# मुंबई आतंकी हमला: मास्टरमाइंड सईद के सहयोगी की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुख्य कमांडर और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी। 'द न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अबू कताल, जिसका असली नाम जिया उर रहमान था, मंगला-झेलम रोड पर बंदूक से उस समय हमला हुआ जब वह अपनी काली जीप में यात्रा कर रहा था। अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जाता है कि हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार थे और उन्होंने जीप पर गोलियां चलाईं।

सूत्रों का कहना है कि हमले के तुरंत बाद एक संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया था, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'जियो टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार झेलम जिले के पुलिस अधिकारी तारिक अजीज संधो टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

सूत्रों ने दावा किया कि लश्कर के सबसे कुख्यात आतंकवादी अबू क़ताल को जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की योजना बनाने और उनका नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। जिसमें नौ जून, 2024 को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी मंदिर से वापस आ रहे तीर्थयात्रियों की बस पर घात लगाकर हमला भी शामिल है। सईद ने ही कथित तौर पर अबू क़ताल को लश्कर का मुख्य ऑपरेशनल कमांडर नियुक्त किया था और नियमित रूप से उसे कश्मीर में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के निर्देश दिए थे।

अबू क़ताल का नाम 2023 के राजौरी हमले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा तैयार की गई चार्जशीट में भी शामिल है।

# बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के नाम से जानी जायेगी दिल्ली की एक सड़क: शाह

**नयी दिल्ली/कोकराझाड़, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राजधानी दिल्ली की एक सड़क बोडो सामाजिक कार्यकर्ता बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के नाम से जानी जायेगी और केन्द्र तथा असम सरकार उनके हर सपने को पूरा करेगी।

श्री शाह ने रविवार को असम के कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन के 57वें वार्षिक सम्मेलन को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा, विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, केन्द्रीय गृह सचिव और खुफिया ब्यूरो के निदेशक सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि बोडोलैंड क्षेत्र में कायम शांति, विकास और उत्साह में यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके बिना बोडो समझौता नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि जब पूरा बोडोलैंड अपने नेता बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा के बताए रास्ते पर चल रहा है, ऐसे समय में केन्द्र सरकार ने दिल्ली में एक प्रमुख सड़क का नामकरण बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा के नाम पर करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और असम सरकार बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा का हर स्वप्न धरातल पर उतारेगी।श्री शाह ने कहा कि विपक्ष बोडो शांति समझौते का मजाक उड़ा रहा था, लेकिन आज केन्द्र सरकार और असम सरकार ने इस समझौते की 82 प्रतिशत शर्तों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार अगले दो वर्षों में इस समझौते को शत-प्रतिशत क्रियान्वित कर देगी।

इसके बाद क्षेत्र में चिरकालिक शांति होगी।

## कुपवाड़ा के सामान्य क्षेत्र में आईईडी जब्त,किया नष्ट

**श्रीनगर, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद व नष्ट करके एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,आईईडी कुपवाड़ा के नारिकुट वन क्षेत्र में बरामद किया गया था।

सेना ने कहा,चिनारवारियर्स और सीमा सुरक्षा बल ने आज कुपवाड़ा के नारिकुट वन क्षेत्र में एक आईईडी बरामद करके उसे नष्ट करके एक आतंकी घटना को टाल दिया। भारतीय सेना कश्मीर को आतंक मुक्त रखने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

# मर्डर केस के दो आरोपियों को बिहार पुलिस ने हरियाणा से किया गिरफ्तार

**पटना, 16 मार्च (एजेंसियां)।**

सुपौल के प्रतापगंज प्रखंड क्षेत्र के बहुचर्चित अरविंद हत्याकांड में शामिल दो अहम आरोपियों को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। शनिवार को दोनों को जिला न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। प्रतापगंज थानाध्यक्ष प्रमोद झा के अनुसार गिरफ्तारी हरियाणा के कैथल जिले के गुहाल थाना क्षेत्र के चिका गांव से हुई। हत्या के बाद गोविंदपुर पंचायत के घटहा वार्ड 9 निवासी मुकेश कुमार यादव और कौआखानी निवासी संजीव सुतिहार फरार हो गए थे। दोनों हरियाणा में मजदूरी कर रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। जिसमें दोनों को हत्या के दिन मृतक अरविंद के साथ होटल में खाना खाते देखा गया। इसी आधार पर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई। जिसके बाद आदेश मिलते ही थानाध्यक्ष प्रमोद झा, पुअनि बालेश्वर कुमार, दो सशस्त्र बल के जवान और चौकीदार राहुल की टीम हरियाणा पहुंची। जहां गुहाल थाना पुलिस से संपर्क कर दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में सहयोग मांगा। वहीं स्थानीय पुलिस के सहयोग से चिका गांव स्थित तिलक राम राइस मिल से दोनों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष के अनुसार हत्या में इस्तेमाल स्कॉर्पियो का ड्राइवर मुकेश था। जबकि संजीव ने लाइनर का काम किया।

पूछताछ में दोनों ने कई अहम राज खोले। हालांकि पुलिस फिलहाल मामले में कुछ भी खुल कर बोलने से परहेज कर रही है।

## आईआईएमटी विवि में नमाज पढ़ने का मामला

# नमाज के लिए उकसाने और वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार


**मेरठ, 16 मार्च (एजेंसियां)।** मेरठ के आईआईएमटी विश्वविद्यालय में बिना इजाजत छात्रों के नमाज पढ़ने का मामला गरमा गया है। वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों ने हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में 50-60 मुस्लिम छात्र परिसर में नमाज अदा करते दिखे। पुलिस ने वीडियो वायरल करने वाले खालिद प्रधान उर्फ खालिद मेवाती को गिरफ्तार कर लिया।

गंगानगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि कार्तिक हिंदू की शिकायत पर खालिद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट में केस दर्ज हुआ। शिकायत में कहा गया कि होली के दिन वीडियो जानबूझकर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के लिए शेयर किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी सख्ती दिखाई। प्रवक्ता सुनील शर्मा ने कहा कि जांच में खालिद और तीन सुरक्षाकर्मियों की गलती पाई गई, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। खालिद अपने इंस्टाग्राम पेज खालिद प्रधान 302 से वीडियो अपलोड कर वायरल करने में शामिल था। हिंदू संगठनों ने इसे शिक्षा के मंदिर में गलत हरकत बताया और कार्रवाई की मांग की।

पुलिस का कहना है कि जांच जारी है। इलाके में तनाव को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लोगों का कहना है कि ऐसे कदमों से सौहार्द बिगड़ सकता है।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

# मुमताज ने 17 साल बॉलीवुड में किया राज, 100 से ज्यादा की फिल्में



- मुमताज ने 11 साल की उम्र में करियर शुरू किया।
- दिलीप कुमार की मदद से बड़ी हीरोइन बनीं।
- अब 77 साल की मुमताज लंदन में रहती हैं।

आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे गाना सुनते ही आपके जहन में कौन आता है। ऑरेंज रंग की साड़ी पहनी मुमताज न? जी हां, उन्होंने छोटी सी उम्र में करियर शुरू किया और ढेर सारी फिल्में कीं। लेकिन क्या आप जानते हैं मुमताज ने शुरुआत में बी ग्रेड फिल्में भी की थीं। इस वजह से कई बार बड़े बड़े हीरो ने उनके साथ काम करने से भी मना कर दिया था। चलिए बताते हैं ये किस्सा जब उन्होंने खुद अपने करियर और रोल्स को लेकर बातचीत की थी।

सिर्फ 11 साल की उम्र में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट मुमताज ने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने शम्मी कपूर, जितेंद्र, राजेश खन्ना, दिलीप कुमार, देव आनंद, सुनील दत्त और धर्मेंद्र जैसे सभी बड़े सुपरस्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने करीब 17 साल का करियर बॉलीवुड में जिया और 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। मगर जब 27 साल की उम्र में उन्होंने शादी करने का फैसला लिया तो मुमताज ने फिल्मों को अलविदा कह दिया।

77 साल की हो चुकीं मुमताज के पिता भारतीय और मां ईरानी हुआ करती थीं। उनके पिता का ड्राईफ्रूट्स बेचने का काम था। उनकी एक बड़ी बहन भी हैं जिन्होंने इंडियन रेसलर रंधावा संग शादी की। खुद मुमताज ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री कदम रख दिया था। शुरुआत में कई छोटे छोटे रोल करने की वजह से उन्हें बी-ग्रेड हीरोइन के रूप में टाइपकास्ट किया जाने लगा। एक बार उन्होंने खुद इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्होंने एक बड़ी हीरोइन के रूप में अपनी पहचान बनाने की कोशिश की, तो कई एक्टर्स ने उनके साथ काम करने से इनकार कर दिया। इस बारे में 'द डॉन' को दिए एक इंटरव्यू में मुमताज ने कहा था: मैंने बस अपनी आँखें मूंद ली थी और काम करती जा रही थी। मैंने ये सोचा कि अब जो कुछ होगा भगवान भरोसे है। फिल्म इंडस्ट्री में मेरी शुरुआत सही नहीं रही। मैं इसका दोष किसी भी हीरो को नहीं दूंगी। क्योंकि सब अपनी कामयाबी के बारे में भी सोचते हैं। ये सही भी है।

मुमताज ने अपने सिर से छोटी फिल्मों की हीरोइन का ठप्पा हटाने के लिए दारा सिंह के साथ कई फिल्में कीं। जैसे- 'वीर भीमसेन', 'सैमसन', 'टार्जन कम्स टू दिल्ली', और 'टार्जन एंड किंग कॉन्ग'। इसी के साथ मुमताज को स्टंट हीरोइन या एक्शन हीरोइन का दर्जा भी मिल गया।

आगे चलकर मुमताज को सहारा मिला दिलीप कुमार का। जिनकी दरियादिली की वजह से मुमताज को उनकी फिल्म राम और श्याम में अहम रोल मिल गया। इस फिल्म में उनकी जोड़ी बनी राजेश खन्ना के साथ। दिलीप कुमार का ये एक्सपेरिमेंट कामयाब हो गया। लोगों को फिल्म और जोड़ी सबकुछ काफी पसंद आई। फिर समय के साथ, मुमताज ने अपनी छवि को बनाया और खूब काम किया। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि वह हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा फीस ली जाने वाली एक्ट्रेस बन गईं।

मुमताज ने कई इंटरव्यूज में फिल्मी सफर में दूसरी हीरोइन की इनसिक्योरिटी पर भी बात की। जहां एक तरफ वह दारा सिंह, राजेश खन्ना और शम्मी कपूर की करीबी दोस्त हुआ करती थीं तो दूसरी ओर ये भी मलाल था कि कोई भी हीरोइन उनकी दोस्त नहीं थी। एक बार इस बारे में फिल्मफेयर से बात करते हुए मुमताज ने कहा था: मुझे नहीं पता कि किसके दिल में क्या है। मैं एकदम टॉमबॉय जैसी लड़की थी। लड़कों के साथ अच्छी दोस्ती होती है। लेकिन हीरोइनों ने कभी मेरी दोस्त बनने की कोशिश नहीं की। हीरोइनों से पूछना चाहिए कि वे मेरे करीब क्यों नहीं थीं। किसी ने भी मुझसे दोस्ती करने की कोशिश नहीं की। लोग आपसे जल सकते हैं या आपसे प्यार कर सकते हैं। मगर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।





मुमताज का उस जमाने में शर्मिला टैगोर से काफी कॉम्पिटिशन माना जाता था। इस बारे में उन्होंने 'टाइम्स एंटरटेनमेंट' के साथ एक और इंटरव्यू में कह था, हीरोइनें दोस्त नहीं हो सकतीं, न तब, न अब। हम साथ में खाना नहीं खाते थे या घूमने नहीं जाते थे। हमेशा ऐसा ही रहा है।

### बिकिनी पहनने पर मुमताज

इसी इंटरव्यू में मुमताज ने उस जमाने में बिकिनी पहनने और फिटनेस को लेकर भी बात की थी। उस जमाने में शर्मिला टैगौर, परवीन बॉबी, जीनत अमान और डिंपल कपाड़िया ने कई फिल्मों में ऐसे बिकिनी वाले सीन्स दिए। मगर मुमताज ने फिरोज खान की सिर्फ एक फिल्म अपराध के लिए ऐसे सीन्स देने के लिए हामी भरी। ऐसा उन्होंने क्यों किया। वह इंटरव्यू में बताती हैं कि ईरानियों की जांघें मोटी होती हैं। उन्हें भी ऐसा लगता था। वह तो इसकी वजह से रोजाना सात किलोमीटर साइकिल चलाती हूं। ज़ूम को दिए इंटरव्यू में मुमताज ने कहा: मैंने फिरोज खान के लिए बिकिनी पहनी थी। मुझे आत्मविश्वास नहीं था लेकिन उन्हें मुझ पर भरोसा था। मैं अपनी मोटी ईरानी जांघों को लेकर असहज थी। तब उन्होंने मुझे समझाया कि अगर मुझे सीन्स अच्छे नहीं लगे तो वह हटा देंगे। फिर मैं भी मान गई। जब शूटिंग पूरी हुई तो मैंने सीन्स देखें मुझे देखकर अच्छा लगा। मैं सही दिख रही थी। इसके बाद तो कई फिल्ममेकर्स ने मुझसे बिकिनी सीन्स के लिए संपर्क किया। लेकिन मैंने मना कर दिया। मैंने उसके बाद कभी बिकिनी नहीं पहनी।

### मुमताज कहां रहती हैं

बता दें अब मुमताज 77 साल की हो चुकी हैं। जो ज़्यादातर लंदन में रहती हैं, कभी-कभी भारत आती हैं। उनकी बेटी नताशा की शादी उनके पसंदीदा सह-कलाकार के बेटे फरदीन खान से हुई है।

# रानी मुखर्जी ने रिजेक्ट की फिल्म तो डायरेक्टर यशा चोपड़ा ने बना लिया मां-बाप को बंदी!



फिल्म बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कभी पैसों की आफत तो कभी फेवरेट स्टार को कास्ट करने की चाहत। हर चीज पर काफी समय और पैसा इन्वेस्ट होता है। तब जाकर एक फिल्म बनती है। ऐसे ही एक किस्सा बड़ा दिलचस्प है। जब सुपरस्टार हीरोइन ने साउथ की रीमेक में काम करने से मना कर दिया। मगर डायरेक्टर भी उसी हीरोइन को मना करना चाहता था। ऐसे में एक दिन उन्होंने हीरोइन के पैरेंट्स को अपने ऑफिस में बंदी बना लिया। फिर उस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को हां भरनी पड़ी और वो फिल्म सुपरहिट हुई। इतना ही नहीं, वो एक्ट्रेस आगे चलकर उस घर की बहू बनी।

हुआ ये कि मणिरत्नम ने तमिल में एक फिल्म बनाई। जिसका नाम था अलाईपयुथेइ ये वहां सुपरहिट रही तो बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर यश चोपड़ा ने हिंदी के लिए इसके राइट्स खरीद लिए। वह इस फिल्म को उसी सादगी और खूबसूरती के साथ बनाना चाहते थे। उन्होंने ये भी तय कर लिया था कि अलाईपयुथेइ के हिंदी रीमेक के लिए वह रानी मुखर्जी को ही कास्ट करेंगे।

### रानी मुखर्जी नहीं करना चाहती थीं 'साथिया'

जब यश चोपड़ा ने रानी मुखर्जी को ये फिल्म की कहानी सुनाई और उनके रोल के बारे में बताया तो एक्ट्रेस के मन में सवाल उठने लगे और वह इस फिल्म को लेकर डाउट में थीं। मगर यश चोपड़ा जैसे सम्मानित डायरेक्टर को वह भला मना कैसे करें।

### बना लिया पैरेंट्स को बंदी

ऐसे में उन्होंने एक दिन यश चोपड़ा के यहां अपने मां और पिता को भेजा। रानी ने पैरेंट्स को समझाया कि वह दोनों मिलकर यश चोपड़ा को समझा लें कि बेटी ये फिल्म नहीं करना चाहती हैं। अब जब यश जी रानी मुखर्जी के पैरेंट्स से मिले तो उन्होंने उनकी



एक नहीं सुनी। उन्होंने साफ कह दिया कि फिल्म में तो वह रानी मुखर्जी को ही लेंगे।

### यश चोपड़ा ने रानी मुखर्जी को समझाया

कहते हैं कि तभी यश चोपड़ा ने रानी मुखर्जी से बात की और कह दिया कि जब तक वह इस फिल्म के लिए हां नहीं कहेंगी वह उनके पैरेंट्स को बंदी बना लेंगे। साथ ही यश चोपड़ा ने रानी को समझाया कि ये फिल्म अगर वह रिजेक्ट करेंगी तो ये उनके करियर की सबसे बड़ी भूल होगी। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर होने वाली है।

### 'साथिया' है साउथ की रीमेक

अब यश चोपड़ा के इतना कहने पर रानी मुखर्जी ने अलाईपयुथेइ के हिंदी रीमेक के लिए हां कहा। वह यश चोपड़ा ने इस फिल्म को 'साथिया' नाम दिया। यश चोपड़ा ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया और डायरेक्टर की कुर्सी पर बंटी और बबली, झूम बराबर झूम जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक शाद अली को बैठाया। वहीं एआर रहमान ने म्यूजिक दिया तो रानी मुखर्जी के साथ विवेक ओबेरॉय को कास्ट किया।

### यश चोपड़ा की भविष्यवाणी हुई सच

जैसा कि यश चोपड़ा ने कहा था। ठीक वैसा ही हुआ। 'साथिया' फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हुई। फिल्म के गाने हो या सादगी सबकुछ लोगों को खूब पसंद आई। रिलपळश्रज्ञ के मुताबिक, 'साथिया' का बजट 7 करोड़ रुपये था और इसने वर्ल्डवाइड 22 करोड़ के करीब कमाए। अगर आप इस फिल्म को अब देखना चाहता हैं तो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रानी मुखर्जी बनीं उसी घर की बहू

'साथिया' आई थी साल 2002 में। तब कहां रानी मुखर्जी ने सोचा था कि वह एक दिन इसी घर की बहू बनेंगी। मगर किस्मत को तो यही मंजूर था। साल 2014 में यश चोपड़ा के बड़े बेटे आदित्य चोपड़ा संग रानी ने शादी की और अब दोनों की एक बेटी भी है।

## माथे पर भस्म, गले में माला और शिव भक्ति में लीन...

# महाकालेश्वर में विलेन रंजीत कुमार, गदर डायरेक्टर भी साथ

रंजीत कुमार, जिन्हें बॉलीवुड के खूंखार विलेन के तौर पर जाना जाता है। हाल में ही उनका एकदम अलग अंदाज देखने को मिला और वह काफी दिनों के बाद स्पॉट हुए। दरअसल रंजीत कुमार उज्जैन स्थित बाबा महाकालेश्वर का दर्शन करने के लिए पहुंचे। रविवार को वह बाबा के दरबार में नजर आए। इतना ही नहीं, उनके साथ गदर फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा भी नजर आए। चलिए दिखाते हैं उनकी तस्वीर।





सोशल मीडिया पर सामने आई फोटो में वह बाबा महाकालेश्वर मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर शिव भक्ति में डूबे नजर आए। अभिनेता ने बाबा महाकाल की विधि-विधान से पूजन की और नंदी हॉल में बैठकर शिव साधना करते नजर आए। उन्होंने चांदी द्वार पर माथा भी टेका। पुरोहित सत्यनारायण जोशी ने पूजन सम्पन्न करवाया। नीचे फोटो में देख सकते हैं कि एक्टर के माथे पर विभूति लगी है तो गले में माला भी पहने हुई है।

अपनी खलनाइकी के लिए खास तौर पर मशहूर अभिनेता सामने आई तस्वीरों और वीडियोज में काले रंग की पोशाक में नजर आए। इसके साथ ही वह माथे पर तिलक के साथ गले में प्रसाद स्वरूप मिले फूलों की माला को पहने नजर आए। वह नंदी हॉल में हाथ जोड़कर प्रार्थना करते और शिव भक्ति में लीन दिखे।

बता दें, महाकाल के दरबार पहुंचने वाले सितारों की सूची लंबी होती जा रही है। रंजीत कुमार से पहले अभिनेता-मॉडल अर्जुन राम महाकाल का दर्शन करने के लिए पहुंचे थे, जहां वह भस्म आरती में भी शामिल हुए थे। महाकालेश्वर के दरबार पहुंचे रामपाल मस्तक पर तिलक, 'जय श्री महाकाल' नाम के अंगवस्त्रम के साथ भक्ति में लीन दिखे।

उन्होंने बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। इसके बाद रामपाल 'ओम नमः शिवाय' और 'जय श्री महाकाल' का जाप भी किया। मंदिर में दर्शन कर आनंद और शांति महसूस कर रहे अभिनेता ने बताया कि मंदिर आने की कोई योजना नहीं थी, यह अचानक से बनी।

उन्होंने बताया, मैं पहले भी कई मंदिरों में गया हूं और आरती की है, मगर यहां का अनुभव, यहां की ऊर्जा अद्भुत है। ये पहली बार है, जब मुझे इतना आनंद, इतनी शांति महसूस हुई। यहां आनंद ही आनंद है, मैं आकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

## बेटी को जन्म देते ही हुई पत्नी की मौत

# मारा-मारा फिरता रहा राजपाल यादव, दूसरी शादी करते ही पलटी किस्मत, बन गया स्टार



बॉलीवुड में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राजकुमार राव जैसे कई कलाकार हैं जिन्होंने अपने संघर्ष से सफलता की दास्तां लिखी है। ऐसे ही एक एक्टर राजपाल यादव भी हैं। अक्सर पर्दे पर अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने वाले राजपाल यादव की खुदकी जिंदगी काफी दर्द भरी रही। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पढ़ने के बाद भी राजपाल यादव को इंडस्ट्री में 13 साल तक संघर्ष करना पड़ा था और एक दशक के लंबे स्ट्रगल के बाद भी काम न मिलने पर उन्होंने आखिरकार थक-हारकर एक्टिंग छोड़ने का फैसला कर लिया था।


राजपाल यादव को 'हंगामा', 'भूल भुलैया', 'मालामाल वीकली', 'ढोल', 'चुपचुप के', 'भागम भाग', 'खट्टा मीठा', 'हेरा-फेरी' जैसी सुपरहिट कॉमेडी फिल्मों में देखा गया है। राजपाल यादव को 'भूल भुलैया' में छोटा पंडित के रोल से जबरदस्त पहचान मिली। ये फिल्म उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। 54 वर्षीय एक्टर को उनका पहला बड़ा ब्रेक राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'जंगल' से मिला था। इस फिल्म में उन्होंने नेगेटिव किरदार अदा किया था।

### कपड़ा फैक्ट्री में करते थे काम

फिल्मों में अपने हुनर का लोहा मनवा चुके राजपाल यादव का शुरुआती जीवन काफी मुश्किलों भरा रहा। फिल्मों में ही नहीं उन्हें उनकी निजी जिंदगी में भी काफी स्ट्रगल करना पड़ा था। आज लाखों की संपत्ति का मालिक ये एक्टर कभी कपड़ा फैक्ट्री में काम किया करता था। वो फैक्ट्री में दिन-रात काम करके पाई-पाई जोड़कर अपना घर चलाते, लेकिन महज 20 साल की उम्र में उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था।

### बेटी के जन्म के वक्त पत्नी ने तोड़ा दिया था दम

राजपाल यादव ने अपने पुराने इंटरव्यू में बताया था कि वो महज 20 साल के थे कि तभी उनकी पहली पत्नी उनका साथ छोड़ गईं। बेटी को जन्म देने के दौरान आई दिक्कतों के कारण राजपाल यादव की पहली पत्नी ने दम तोड़ दिया था। एक्टर ने कहा था कि वो अगले ही दिन अपनी पत्नी और बेटी से मिलने जा रहे थे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही उनकी पत्नी ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था।



### परिवार ने की बेटी की देखभाल

पत्नी के गुजर जाने से राजपाल यादव को गहरा सदमा लगा था। उन्हें दिन-रात बस एक ही चिंता सताती कि पत्नी के चले जाने के बाद उनकी नवजात बेटी का क्या होगा और बिन मां के वो बच्ची कैसे बड़ी होगी। हालांकि एक्टर ने अपने इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया है कि उनके परिवार ने उनकी बेटी की बहुत अच्छे से देखभाल की थी और कभी उसे मां की कमी का एहसास नहीं होने दिया।

### 13 साल के संघर्ष बाद मिली पहचान

सदमे से उबरने के बाद राजपाल यादव ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला लिया था और यहीं से फिल्मों की दुनिया में उनके सफर की शुरुआत हुई थी। 13 साल तक फिल्म इंडस्ट्री में दर-दर की ठोकर खाने के बाद राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'जंगली' से उन्हें उनका पहला ब्रेक मिला।

### साल 2003 में की दूसरी शादी

साल 2003 में संघर्ष कर रहे राजपाल यादव ने राधा का हाथ थामा और एक्टर का हमेशा से मानना रहा है कि उनकी पत्नी राधा उनके लिए लकी हैं। उन्होंने न सिर्फ उनकी बेटी को सगी मां की तरह संभाला बल्कि जिंदगी की हर मुश्किल में डटकर उनका साथ दिया।

# राहु दोष दूर करने के लिए करें ये उपाय खुशियों से भर जाएगा जीवन

सोमवार का दिन देवों के देव महादेव को प्रिय है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा एवं भक्ति की जाती है। साथ ही उनके निमित्त सोमवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक के जीवन में खुशियों का आगमन होता है। साथ ही साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिष मनचाहा वरदान पाने और कुंडली में चंद्र एवं शुक्र मजबूत करने के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं।



देवों के देव महादेव की पूजा करने से कुंडली में अशुभ ग्रहों का प्रभाव भी समाप्त हो जाता है। साथ ही शुभ ग्रहों की कृपा बरसती है। भगवान शिव की कृपा से साधक के सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। अगर आप भी मायावी ग्रह राहु और केतु के बुरे प्रभाव से बचना चाहते हैं, तो सोमवार के दिन पूजा के समय ये उपाय जरूर करें।

**सोमवार के उपाय**

अगर आप राहु और केतु की कुदृष्टि (बुरी नजर) से बचना चाहते हैं, तो सोमवार के दिन पूजा के समय गंगाजल या कच्चे दूध में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से राहु और केतु का प्रभाव समाप्त हो जाता है।

सोमवार या शनिवार के दिन विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। वहीं, पूजा के बाद बहती जलधारा में जटा वाला नारियल प्रवाहित करें। इस उपाय को करने से भी राहु और केतु की बुरी दृष्टि से मुक्ति मिलती है।

सोमवार के दिन स्नान-ध्यान के बाद भक्ति भाव से देवों के देव महादेव की पूजा करें। साथ ही पूजा के बाद तांबे से निर्मित नाग और नागिन बहती जलधारा में प्रवाहित करें। इस उपाय को करने से भी राहु और केतु से मुक्ति मिलती है।

देवों के देव महादेव की कृपा पाने और कालसर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय नाग स्तोत्र का पाठ करें।

सोमवार के दिन सफेद चीजों का दान करने से कुंडली में चंद्रमा मजबूत होता है। कुंडली में चंद्रमा मजबूत होने से जातक को मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है।

# आज वसुमती योग और संकष्टी चतुर्थी का संयोग, गणेशजी की कृपा से मेष तुला सहित अन्य राशियों को मिलेगा लाभ

आज चैत्र कृष्ण चतुर्थी तिथि का संयोग बन रहा है। ऐसे में आज संकष्टी चतुर्थी पर संकटों को दूर करने वाला वसुमती नामक शुभ योग भी चंद्रमा के तुला राशि में गोचर करने से बन रहा है। इसके साथ ही आज चित्रा और स्वाति नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। और इस पर ध्रुव योग भी कर मौजूद रहने वाला है जिससे कि आज सप्ताह के पहले ही दिन मेष, मिथुन सहित 5 राशियों को भगवान गणेशजी की कृपा का प्रसाद मिलने वाला है। और इनकी कोई बड़ी मनोकामना पूरी हो सकती है।

**मेष** –कल यानी 17 मार्च का दिन मेष राशि के जातकों के लिए व्यापार और करियर में वृद्धि का संयोग बना रहा है। व्यापार में नए समझौते हो सकते हैं जिनसे आपको भविष्य में लाभ मिल सकता है नौकरीपेशा लोगों को को कुछ नई योजना पर काम करने का मौका मिलेगा। अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में भी आपके प्रेम और मधुरता बनी रहेगी। आप अपनी बातों और व्यवहार से भी आज लाभ पा सकेंगे।

**मिथुन** – मिथुन राशि के जातकों के लिए बुद्धि और कार्यकुशलता से लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर होगी। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। कारोबारी जातकों के लिए आज सप्ताह का पहला दिन लाभदायक रहेगा। संचार, मीडिया, लेखन और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े जातकों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। आज की अच्छी बात यह भी है कि आपको आज अपनी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता का भी फायदा मिलेगा। पारिवारिक जीवन में प्रेम और खुशी का माहौल रहेगा। संतान से भी सुख सहयोग पाएंगे।



मिथुन राशि के उपाय, आपको भगवान गणेशजी को लड्डू का भोग लगाना चाहिए और चावल को सिंदूर में रंग कर ओम गं गणपतये नमः मंत्र से कम से कम 11 बार चावल अर्पित करना चाहिए।

**कर्क** – कर्क राशि के जातकों को आज कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत और कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा। वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य की सराहना करेंगे और आपके लिए उन्नति का संयोग बनेगा। व्यापारी जातको को कमाई के नए अवसर प्राप्त होंगे। रियल एस्टेट, गृह सज्जा और वाहन के कारोबार से जुड़े जातकों को विशेष लाभ मिलेगा। जो लोग वाहन खरीदने के प्रयासरत हैं उनकी चाहत भी पूरी हो सकती है। पूर्व में किया गया निवेश भी आपको आज लाभ दे सकता है। घर में सुख और सहयोगपूर्ण माहौल बना रहेगा।

कर्क राशि के उपाय, आपको दूध से भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए और किसी छोटे बच्चे के लिए दूध का दान भी करना चाहिए।

**तुला** –तुला राशि के जातकों को आज चंद्रमा के गोचर का फायदा मिलेगा। आपकी निर्णय क्षमता बढेगी। नौकरी में आपके काम और व्यवहार की प्रशंसा होगी। कारोबारी जातकों को आज साझेदारी में लाभ मिलेगा। कोई बड़ी डील मिलने से भी खुशी होगी। आप आज किसी जमा योजना में पैसा लगाकर भी धन अर्जित कर सकते हैं। आपको निकट संबंधी से कोई अच्छी खबर मिलेगी। रिश्तों में प्रेम और तालमेल बढेगा। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदर्शन बेहतर होगा।

तुला राशि के उपाय, तुलसी की माला बनाकर हनुमानजी को माला पहनाएं।

**धनु** – धनु राशि के जातकों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी सफल रहेगी और वरिष्ठ अधिकारियों से आपको सहयोग और प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापारी वर्ग को भी लाभदायक डील मिलने की संभावना है। आपको किसी नए प्रोजेक्ट से जुड़कर काम करने का भी मौका मिलेगा। कमाई के मामले में भी आज का दिन लाभदायक रहेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। पारिवारिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और घर का वातावरण आनंददायक रहेगा।

धनु राशि के उपाय, नारियल के पानी से भोलेनाथ का अभिषेक करें और राहु के मंत्र का जप करें फायदा होगा।

# आज चित्रा नक्षत्र में बना है ध्रुव योग, धन दौलत में होगा लाभ

आज सोमवार 17 मार्च को ध्रुव योग में भगवान शिव की कृपा से मिथुन और सिंह सहित 5 राशियों के लोगों को आर्थिक मामलों में जबर्दस्त सफलता प्राप्त होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में आपको धन सम्मान का लाभ होगा। आपके काम की तारीफ होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

**मेष : दिन महत्वाकांक्षाओं से भरा रहेगा**

मेष राशि वालों के लिए दिन महत्वाकांक्षाओं से भरा रहेगा और आपको हर मामले में लाभ होगा। यात्रा से सामान्य लाभ मिलेगा। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से विवाद हो सकता है, जिससे आप परेशान रहेंगे। कानूनी मामले एक नया मोड़ ले सकते हैं। शाम के समय योजनाएं पूरी होंगी और लाभ मिलेगा। मेहमानों के आने से खर्च बढ़ सकता है। इसलिए बजट का ध्यान रखें।

**वृषभ : आपका सम्मान बढ़ेगा**

वृषभ राशि वालों के कार्यक्षेत्र में अधिकारी या व्यापारी से अनबन हो सकती है। लेकिन अपने कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर के लिए कोई पसंदीदा वस्तु खरीदेंगे, जो एक शुभ व्यय होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखें, इससे समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें और विवादों से बचें।

**मिथुन : मनचाहा फल मिलेगा**

मिथुन राशि वालों के लिए दिन थोड़ा मुश्किलों से भरा हो सकता है। परिवार से दूर होने का दुख आपको परेशान करेगा। राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावटें आ सकती हैं। दोपहर बाद नए काम की योजना बनेगी। अच्छे काम करने से आपको मनचाहा फल मिलेगा। रात में किसी शुभ समारोह में शामिल हो सकते हैं। धैर्य रखें और सकारात्मक रहें।

**कर्क : दिन भाग्यशाली रहेगा**

कर्क राशि वालों के लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी और व्यापारिक साझेदारों का सहयोग मिलेगा। अच्छे काम में रुचि बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को तरक्की मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अधिक काम करने से आपको थकान हो सकती है, इसलिए आराम भी करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह : पदोन्नति के अवसर मिलेंगे**

सिंह राशि वालों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। समाज में आपकी अच्छी छवि बनेगी। चल रहे कामों में सावधानी बरतें।



पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। बाधाएं आने पर भी आप अपने कामों में सफल होंगे। सकारात्मक रहें और मेहनत करते रहें। अपने काम पर फोकस करने की सलाह है। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

**कन्या : मान-सम्मान बढ़ेगा**

कन्या राशि वालों के लिए दिन धन लाभ के योग बना रहा है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जिम्मेदारियां बढ़ने से थोड़ी परेशानी हो सकती है, लेकिन घबराएं नहीं और अपने काम को ध्यान से करें। शाम को पुराने दोस्तों से मिलकर मन खुश रहेगा। किसी शुभ समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। अपने रिश्तों को महत्व दें और आगे बढ़ें।

**तुला : सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी**

तुला राशि वालों के लिए दिन सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। व्यापार में सफलता मिलेगी। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम के समय किसी कीमती वस्तु के खोने या चोरी होने का डर है, इसलिए सावधान रहें। अपनी चीजों का ध्यान रखें। परिवार के लोगों से आपको आर्थिक मदद मिलेगी और धन के मामले में लाभ होगा।

**वृश्चिक : सम्मान में वृद्धि के योग हैं**

वृश्चिक राशि वालों का दिन परोपकार में बीतेगा। दूसरों की मदद करने से आपको संतुष्टि मिलेगी। ऑफिस में आपके अधिकार बढ़ने से सहकर्मियों का मूड खराब हो सकता है। शाम का समय धार्मिक कार्यों में बीतेगा। अपने काम पर ध्यान दें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं और आपको धन लाभ जबर्दस्त होगा।+

**धनु : आर्थिक मामलों में लाभ होगा**

धनु राशि वालों का दिन समस्याओं से भरा होगा। आप अपने धैर्य और अच्छे व्यवहार से माहौल को ठीक कर लेंगे। किसी प्रिय व्यक्ति की मदद करने से आपको परे-शानी हो सकती है। रात का समय मनोरंजन में बीतेगा। शांत रहें और समस्याओं को समझदारी से सुलझाएं। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है और आर्थिक मामलों में लाभ होगा।

**मकर : धन के मामले में लाभ होगा**

मकर राशि वालों को किसी नए सौदे से अचानक धन लाभ होगा। परिवार में किसी की तबीयत खराब होने से चिंता हो सकती है। गाड़ी चलाते समय या कोई महत्वपूर्ण काम करते समय सावधान रहें। जोखिम भरे कामों से दूर रहें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सावधानी बरतें। परिवार के लोगों से आपको आर्थिक मदद लेनी पड़ सकती है। धन के मामले में लाभ होगा।

**कुंभ : दिन खुशियों से भरा रहेगा**

कुंभ राशि वालों के लिए दिन खुशियों से भरा रहेगा। किसी बड़ी सफलता की खुशी मिलेगी। धन लाभ होगा। पारिवारिक कलह भी सुलझ जाएगी। बातचीत से समस्याओं का समाधान करें। रात का समय घूमने-फिरने में बीतेगा। सकारात्मक रहें और रिश्तों को महत्व दें। आपको अपने घर में किसी की मदद करनी पड़ सकती है। धन लाभ के योग हैं।

**मीन : योजनाएं सफल होंगी**

मीन राशि वालों के लिए दिन आर्थिक मामलों में अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से खुशी मिलेगी। नए करियर शुरू करने वालों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम का समय मिलने-जुलने में बीतेगा। अपने काम पर ध्यान दें और रिश्तों को मजबूत करें। आपको धन लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी।

# रामायण और महाभारत में ही नहीं कलियुग में भी धर्म के लिए महायुद्ध करेंगे ये महान योद्धा



महाभारत में कुछ ऐसे योद्धा रहे हैं, जिन्होंने रामायण काल में भी युद्ध किया था। इन योद्धाओं के बारे में कहा जाता है कि इनके पास ऐसी दिव्य शक्तियां थीं, जो इन्हें महान योद्धा बनाती थी। पौराणिक कहानियों के अनुसार महाभारत और रामायण के कई योद्धा कलियुग में धर्म युद्ध लड़ेंगे।

**कलियुग में धर्म की लड़ाई लड़ेंगे ये योद्धा**

कल्कि अवतार में कई पात्र नए नामों से पुनर्जन्म लेंगे और कल्कि का साथ देंगे। इनमें बर्बरीक, युयुत्सु, बलराम, उडुपी नरेश, संजय, विभीषण, कृपाचार्य, वेदव्यास, मार्कण्डेय ऋषि, विदुर, धृतराष्ट्र, रुक्मि और पांडव शामिल हैं। मयासुर, राजा बलि, अश्वत्थामा और दुर्वासा जैसे कुछ अन्य पात्र भी कलयुग के अंत में प्रकट होंगे।

**हनुमान जी** – हनुमान जी, एक अमर शक्ति, त्रेता युग से लेकर कलयुग तक, विभिन्न अवतारों के साथ रहे हैं। रामायण में वे श्रीराम के परम भक्त और सहायक थे। महाभारत में उन्होंने पांडवों, विशेष रूप से अर्जुन और श्रीकृष्ण की रक्षा की। अब कलयुग में, वे भगवान कल्कि के साथ होंगे।

**परशुराम** – परशुराम, भगवान विष्णु के छठे 'आवेश अवतार' हैं। त्रेता में राम के धनुष तोड़ने पर वे जनक की सभा में उपस्थित थे। द्वापर में उन्होंने कृष्ण को सुदर्शन चक्र प्रदान किया और कर्ण को ब्रह्मास्त्र का ज्ञान दिया। महाभारत में उनका भीष्म से भीषण युद्ध हुआ था। कलयुग में भगवान कल्कि के अवतार में वे उनका साथ देंगे।

**जामवंत**– जामवंत एक अमर चरित्र हैं जिन्होंने कई अवतारों को देखा है। उन्होंने श्री राम के साथ वानर सेना में भी लड़ाई लड़ी थी। द्वापर युग में श्रीकृष्ण से उनका युद्ध हुआ, फिर उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया।

# सांप से भी हजार गुना खराब होते हैं ऐसे लोग, इनका साथ रखने से जीवन में आता है दुर्भाग्य!

चाणक्य नीति में जीवन को लेकर व्यावहारिक शिक्षा दी गई है। आचार्य चाणक्य ने धर्म, संस्कृति, न्याय, शिक्षा और मानव जीवन को लेकर कई बातें कही हैं। इन्हें समझकर कोई भी मनुष्य अपने जीवन को अपेक्षाकृत आसान बना सकता है। उन्होंने जीवन की रीति-नीति से जुड़ी बातों को व्यावहारिकता के साथ चाणक्य नीति में समझाया है। चाणक्य की नीतियां राजा और प्रजा दोनों के लिए ही हैं। उन्होंने अच्छे और खराब मनुष्य का अंतर भी बताया है। आचार्य चाणक्य बताते हैं कि सुशील व्यक्ति शिक्षा, विद्या आदि गुणों वाला होता है और हमेशा अच्छे काम करता है। वहीं दुष्ट व्यक्ति में द्वेष, ईर्ष्या, मूर्खता होती है। चाणक्य नीति में दुष्ट लोगों से दूर रहने की हिदायत दी गई है। इनके बारे में कहा गया है कि ऐसे लोग हजार सांपों से भी खराब होते हैं।

**कदम-कदम पर धोखा देता है दुष्ट व्यक्ति**

**दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।**
**सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे।।**

चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट व्यक्ति की दुष्ट दृष्टि से दूर रहना चाहिए। उसका दुष्प्रभाव कम से कम हो। आचार्य चाणक्य का मानना है कि दुष्ट और सांप की तुलना की जाए तो सांप ज्यादा अच्छा है, क्योंकि सांप एक बार काटता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर डसता है। ऐसे में दुष्ट व्यक्ति से दूरी बनाकर चलना ही बेहतर है। चाणक्य नीति में यहां तक कहा गया है कि सांप दुष्ट व्यक्ति से हजार गुना अच्छा होता है। दुष्ट व्यक्ति का कोई भरोसा नहीं होता है कि वह किस कदम पर आपको धोखा दे दे। वहीं सांप तभी काटता है जब उस पर पांव पड़ जाए या उससे छेड़छाड़ की जाए, लेकिन दुष्ट व्यक्ति की प्रवृत्ति इससे भी नीच होती है। वह बेवजह भी आपको दुख पहुंचाने का प्रयास कर सकता है, क्योंकि उसको इन्हीं सब में आनंद की अनुभूति होती है।



**दुष्ट राजा हो या शिष्य, कर लेना चाहिए त्याग**

**कुराजराज्येन कुतः प्रजासुखं कुमित्रमित्रेण कुतोऽभिनिवृत्तिः।**
**कुदारदारैश्च कुतो गृहे रतिः कृशिष्यमध्यापयतः कुतो यशः।।**

आचार्य चाणक्य कहते हैं कि दुष्ट राजा के साथ कभी भी प्रजा सुखी कैसे रह सकती है। इसी तरह दुष्ट मित्र के साथ आनंद कैसे मिल सकता है। दुष्ट पत्नी के साथ घर में सुख कैसे प्राप्त हो सकता है। इसी प्रकार दुष्ट शिष्य को पढ़ाकर यश कैसे हासिल हो सकता है। वह समझाते हैं कि दुष्ट राजा के राज्य में प्रजा दुखी रहती है। इसी तरह दुष्ट मित्र के साथ दुख मिलता है। दुष्ट पत्नी घर की सुख-शांति को खत्म कर देती है और दुष्ट शिष्य सम्मान नहीं दिलाता है। इसलिए इनका न होना ही बेहतर है। सुखी रहने के लिए ऐसे लोगों से निकटता नहीं लानी चाहिए। वह कहते हैं कि सुखी रहने के लिए अच्छे राजा के राज्य में रहना चाहिए। संकट के समय साथ के लिए अच्छे व्यक्ति से मित्रता करनी चाहिए। रतिभोग के लिए कुलीन कन्या से विवाह करना चाहिए और यश और मान-सम्मान पाने के लिए योग्य पुरुष को ही शिष्य बनाना चाहिए।

**मूर्खों-वेश्याओं से दूर रहना ही बेहतर**

**मूर्खाणां एण्डिता द्वेष्या अधनानां महाधना।**
**वारांगना कुलीनानां सभगानां च दुर्भगा।।**

चाणक्य नीति में बताया गया है कि कैसे लोगों में द्वेष की भावना होती है इसलिए उनसे दूर रहना ही बेहतर है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि मूर्ख पंडितों से , निर्धन धनियों से, वेश्याएं कुलवधुओं से द्वेष रखती हैं। वह कहते हैं कि मूर्ख व्यक्ति विद्वानों, पंडितों से जलता है। इसी तरह निर्धन व्यक्ति अमीर की संपन्नता देखकर ईर्ष्या करता है। वहीं वेश्याएं अच्छे कुल की बहू-बेटियों से जलती हैं, क्योंकि उन्हें कुलवधुओं के समान प्रेम नहीं मिल पाता है।

**शांत मनुष्यों को बदनाम करने वालों से रहें दूर**

**अन्यथा वेदपाण्डित्यं शास्त्रमाचारमन्यथा।**
**अन्यथा वदतः शांतं लोकाः क्लिश्यन्ति चान्यथा।।**

आचार्य चाणक्य कहते हैं कि जो लोग वेदों, शास्त्रों, पांडित्य को, सदाचार को और शांत मनुष्य को बदनाम करते हैं वे बेकार कष्ट करते हैं। क्योंकि जो इनकी बुराई करता है, वो मूर्ख है और उसके ऐसा करने से इनका महत्व कम नहीं होता है। इसे कभी भी लोकहित की भावना से प्रेरित कदम नहीं माना जा सकता है और ऐसा करने वाला व्यक्ति निंदनीय होता है। उससे दूरी बनाना ही सबसे अच्छा है।

# शीतला अष्टमी पर करें ये आसान उपाय, रोग-दोष से मिलेगी राहत



शीतला अष्टमी का पर्व बहुत शुभ माना जाता है। यह होली के आठ दिन बाद यानी चैत्र महीने में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत गर्मियों की शुरुआत का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन माता रानी की पूजा करने और उपवास का पालन करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही रोग-दोष से मुक्ति मिलती है। वहीं, इस दिन को लेकर कुछ चमत्कारी उपाय बताए गए हैं, जिन्हें करने से रोग-दोष से छुटकारा मिलता है।

**कैसे मिलेगा आरोग्य का वरदान?**

शीतला अष्टमी पर अच्छी सेहत के लिए विधि-विधान के साथ शीतला माता की पूजा करें। मां को कुमकुम, रोली, अक्षत और लाल रंग के फूल आदि चीजें अर्पित करें। इसके बाद देवी को बासी पूड़ी-हलवे का भोग लगाएं। ऐसा करने से रोग-दोष से मुक्ति मिलेगी। साथ ही घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**करें इस मंत्र का जाप**

सभी कष्टों से मुक्ति के लिए शीतला अष्टमी पर 'ॐ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः' मंत्र का जप करें। ऐसा करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है।

**दान-दक्षिणा जरूर दें**

शीतला अष्टमी के मौके पर किसी कुम्हारन को जरूरत का सामान और दान-दक्षिणा जरूर दें, क्योंकि यह इस दिन के अनुष्ठान का अहम हिस्सा माना जाता है। कहते हैं कि जब तक कुम्हारन कुछ नहीं खाती है, तब तक शीतला माता की पूजा का फल प्राप्त नहीं होता है।

**शीतला अष्टमी 2025 शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 22 मार्च को सुबह 04 बजकर 23 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 23 मार्च को सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए 22 मार्च को शीतला अष्टमी मनाई जाएगी।

संपादकीय

# कांग्रेस की स्थायी नीति है मुस्लिम तुष्टीकरण

**कांग्रेस** के लिए मुस्लिम वोटबैंक सर्वोपरि है इसलिए मुस्लिम तुष्टीकरण को उसने अपनी स्थायी नीति बना रखा है। कांग्रेस समय-समय पर अपने प्रिय वोटबैंक को संदेश देने का प्रयास करती है। उसी क्रम में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का हालिया निर्णय है, जिसमें उसने सरकारी ठेकेदारी में मुसलमानों के लिए विशेष आरक्षण किया है। यह एक नये प्रकार का आरक्षण लाकर कांग्रेस ने स्थापित कर दिया है कि वह मुसलमानों को साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अन्यथा सरकारी ठेकेदारी में आरक्षण का प्रावधान का क्या अर्थ है? याद रखें कि कांग्रेस के समय से अन्य पिछड़ा वर्ग में भी मुसलमानों को आरक्षण की सुविधा का लाभ दिया गया है। यह भी एक तरह से पिछड़ा वर्ग समुदायों के हक दूसरों को देने जैसा है। बहरहाल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुस्लिम तुष्टीकरण के इस निर्णय की जमकर आलोचना हो रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को नये समय की 'मुस्लिम लीग' कह दिया है। याद रखना होगा कि मुस्लिम लीग भी प्रत्येक बात में अलग से मुसलमानों की हिस्सेदारी की माँग करती थी। मुस्लिम वर्ग को अलग महत्व देने का ही परिणाम था कि एक वर्ग में अलग देश की बात घर कर गई और परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया। प्रगत सोच का मुस्लिम समुदाय भी कांग्रेस की इस तरह की तुष्टीकरण नीति का समर्थक नहीं है। वह समाज में एक जैसा दिखना चाहता है लेकिन कांग्रेस की नीतियां एवं निर्णय उसे विशेष पहचान देने का प्रयास करते हैं। कर्नाटक में 13 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम जनसंख्या है, जिसे साधने का प्रयास मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में अवश्य आ गई लेकिन उसकी नीतियों के कारण वह जल्द ही जनता के बीच अप्रासंगिक होने लगी है। कांग्रेस को भी भय है और राजनीतिक विश्लेषक भी मानकर चल रहे हैं कि अगले चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर सत्ता से बाहर हो जाएगी। संभव है कि इस बार कांग्रेस को और अधिक नुकसान हो। संभवतः यही कारण है कि कांग्रेस राज्य के 13 प्रतिशत जनसंख्या के वोटबैंक को अपने पक्ष में सुनिश्चित करना चाह रही हो। यह तो जगजाहित तथ्य है कि मुस्लिम समाज रणनीतिक मतदान करता है। जो भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी भाजपा को हराने में सक्षम दिखायी देता है, मुस्लिम समुदाय उसी को वोट करता है। इधर, कुछ वर्षों में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस से छिटक कर स्थानीय राजनीतिक दलों के पाले में चला गया है। इसलिए भी कांग्रेस अपने वोटबैंक को वापस पाने के लिए अतिरिक्त तुष्टीकरण करती दिखायी दे रही है। संविधान के जानकार भी कर्नाटक सरकार के इस निर्णय को विधि एवं संविधान सम्मत नहीं मान रहे हैं। भाजपा के नेताओं की ओर से कहा जा रहा है कि वे इस असंवैधानिक निर्णय को रुकवाने के लिए न्यायालय की शरण में जाएंगे। देखना होगा कि आगे चलकर मुस्लिम तुष्टीकरण का यह निर्णय लागू हो पाता है या फिर न्यायालय में जाकर अटक जाएगा। फिलहाल तो संपूर्ण देश की जनता में यही संदेश गया है कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की अपनी नीति पर मजबूती के साथ अड़ी हुई है।

कांग्रेस समय-समय पर अपने प्रिय वोटबैंक को संदेश देने का प्रयास करती है। उसी क्रम में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का हालिया निर्णय है, जिसमें उसने सरकारी ठेकेदारी में मुसलमानों के लिए विशेष आरक्षण किया है। यह एक नये प्रकार का आरक्षण लाकर कांग्रेस ने स्थापित कर दिया है कि वह मुसलमानों को साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अन्यथा सरकारी ठेकेदारी में आरक्षण का प्रावधान का क्या अर्थ है? याद रखें कि कांग्रेस के समय से अन्य पिछड़ा वर्ग में भी मुसलमानों को आरक्षण की सुविधा का लाभ दिया गया है। यह भी एक तरह से पिछड़ा वर्ग समुदायों के हक दूसरों को देने जैसा है। बहरहाल, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुस्लिम तुष्टीकरण के इस निर्णय की जमकर आलोचना हो रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को नये समय की 'मुस्लिम लीग' कह दिया है। याद रखना होगा कि मुस्लिम लीग भी प्रत्येक बात में अलग से मुसलमानों की हिस्सेदारी की माँग करती थी। मुस्लिम वर्ग को अलग महत्व देने का ही परिणाम था कि एक वर्ग में अलग देश की बात घर कर गई और परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया।

### रुपए के प्रतीक-चिन्ह पर पूर्व और वर्तमान सीएम (बाप-बेटा) आमने-सामने

# भाषा के बाद अब रुपए के प्रतीक-चिन्ह पर विवाद



डॉ. मोतीलाल गुप्ता 'आदित्य'

राजनीति में सत्ता पाने के लिए नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। राष्ट्रीय एकता की बात तो बहुत दूर, बाप को भी नीचा दिखा सकते हैं। यह तो सर्वविदित है कि तमिलनाडु में पेरियार से लेकर स्टालिन तक उत्तर-दक्षिण, द्रविड-आर्य और तमिल-संस्कृत या तमिल-हिंदी के नाम पर तमिलनाडु के लोगों को भड़का कर, उनके हितों को क्षति पहुंचा कर सत्ता-सुख पाते रहे हैं। अब जबकि नई शिक्षा नीति में तमिलनाडु की बात छोड़िए, देश के किसी भी हिस्से में कोई भी भाषा पढ़ना अनिवार्य नहीं किया गया है। केवल इतना कहा गया है कि संविधान की अष्टम अनुसूची में दी गई भाषाओं में से कोई दो भारतीय भाषाएं और अंग्रेजी या अन्य कोई भाषा पढ़नी है। कोई विद्यार्थी चाहे तो वह तमिल के साथ कन्नड़ या अन्य कोई भारतीय भाषा भी ले सकता है। लेकिन फिर भी इंडी गठबंधन के घटक दल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन हिंदी विरोध के नाम पर तलवार भांज रहे हैं।

अब तमिलनाडु में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की स्थिति कमजोर है। स्टालिन का स्वास्थ्य भी बहुत ठीक नहीं है। लगता है वे अगला चुनाव जीतकर, देश के अन्य खानदानी दलों की तरह राजतांत्रिक रूप से अपने बेटे की ताजपोशी करने के फेर में हैं। तमिलनाडु में अब भाषा की राजनीति की पहले जैसी स्थिति नहीं रह गई है। अब वहां हिंदी विरोध के नाम पर पहले जैसा ध्रुवीकरण भी नहीं हो पा रहा है। इसके चलते स्टालिन ने एक और दांव खेल दिया है, जो न केवल हास्यास्पद है बल्कि इसके पीछे राज्य को अलगाववाद की तरफ ले जाने की कोशिश भी दिखती है। उन्होंने अचानक रुपए के प्रतीक-चिन्ह को अस्वीकार कर अलग से प्रतीक-चिन्ह बनाया और राज्य के बजट में उसका प्रयोग करना शुरू कर दिया। उनका तर्क है कि यह तो हिंदी की लिपि देवनागरी से जुड़ा है जो उन्हें स्वीकार नहीं। तो पिछले 15 साल से इन्हें यह क्यों नहीं दिखाई नहीं दिया?

यहां सोचने वाली बात यह है भी कि आखिर वे किसका विरोध कर रहे हैं? रुपए का वर्तमान प्रतीक-चिन्ह किसी सरकार ने नहीं बनाया। 2010 में जब देश में यूपीए की सरकार थी, जो यूपीए थोड़े फेरबदल के साथ, अब इंडिया गठबंधन के रूप में मौजूद है और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम उसका हिस्सा है। उसके शासनकाल में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रुपए के लिए प्रतीक-चिन्ह बनाने के लिए देशवासियों से एक प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतीक-चिन्ह के प्रारूप मांगे गए थे।

डी. उदय कुमार 2010 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के विद्यार्थी थे जो द्रविड़ मुनेत्र कड़गम दल के ही एक पूर्व विधायक के पुत्र हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी में डिजाइन विभाग में अपनी नई नौकरी शुरू करने से बस एक या दो दिन दूर थे, जब उन्होंने भारतीय रुपए के प्रतीक को डिजाइन करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती। उनकी डिजाइन, जिसमें देवनागरी और रोमन लिपियों के तत्व शामिल थे, उसे भारतीय मुद्रा का प्रतिनिधित्व करने के लिए सैकड़ों प्रविष्टियों में से चुना गया था। डी उदय कुमार खुद तमिलनाडु राज्य के रहने वाले हैं। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री के पिता करुणानिधि ने न केवल डी. उदय कुमार का सम्मान किया था, बल्कि उन्हें तमिलनाडु का गौरव भी बताया था।

लगता है कि 15 साल के बाद अब बेटे को यह ध्यान आया कि उसका बाप गलत था, या यूं कहे कि वह तमिल विरोधी और हिंदी समर्थक था। उन्होंने आनन-फानन में तमिल लिपि में एक नया प्रतीक-चिन्ह बनवाया और अपने बजट में उसे घुसा दिया। उन्हें पता था कि इस पर बवाल तो होगा ही, और जब बवाल होगा तो वे हिंदी विरोधी और तमिल समर्थक महान नेता के तौर पर उभर कर आएंगे, और एक बार फिर तमिलनाडु की जनता का राज्य की स्थिति से ध्यान बंटा कर सत्ता पा जाएंगे।

यह तो कोई सामान्य बुद्धि रखने वाला व्यक्ति भी समझ सकता है कि इस प्रकार अपने ही प्रदेश के व्यक्ति द्वारा, अपने ही दल के पूर्व विधायक के बेटे द्वारा बनाया गया प्रतीक-चिन्ह, जिसे उनके मुख्यमंत्री पिता ने तमिलनाडु का सम्मान माना था, अचानक उसके विरोध और उसको अस्वीकार करने की बात क्यों और कैसे उठी है? तमिलनाडु के लोग इतने नासमझ हों, ऐसी तो बात नहीं है। खैर, चुनाव में स्टालिन को इसका कितना लाभ मिलेगा यह तो वक्त बताएगा। जिस प्रकार द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के कार्यकर्ता तमिलनाडु में हिंदी में लिखे बोर्डों पर कालिख पोत रहे हैं, वे चाहें तो रुपए के नोटों पर भी कलिख पोत कर इस प्रतीक-चिन्ह का विरोध कर सकते हैं। तब वह नोट किसी कागज के टुकड़े से अधिक नहीं होगा।

अब बड़ा प्रश्न यह है कि क्या कोई राज्य सरकार, संघ सरकार द्वारा या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित रुपए के प्रतीक-चिन्ह को अपने राज्य में बदल सकती है? सीधी सा जवाब है कि यह संभव नहीं है। अगर ऐसा होने लगा तो हर राज्य रुपए के अलग चिह्न बना लेगा, कल को अलग से मुद्रा भी छपने लगेगी। तब देश में व्यापार-व्यवसाय अर्थव्यवस्था कैसी चलेगी? संविधान के नाम पर हो-हल्ला करने वाले इस पर चुप हैं, हालांकि मुद्रा संबंधी कार्य संघ के कार्य क्षेत्र में आता है जिसका दायित्व भारतीय रिजर्व बैंक पर है। इस संबंध में विधि में अलग से कुछ नहीं कहा गया है। बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है, जिसका लाभ उठाकर स्टालिन राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं। हालांकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि यह चलने वाला नहीं है। उनका उद्देश्य तो इस बहाने लोगों को उकसा कर राजनीतिक लाभ लेना है। अब केंद्र सरकार इसमें क्या करे। इस संबंध में अधिक जानकारी तो विधि विशेषज्ञ ही दे सकेंगे। लेकिन यह कोई बहुत कठिन काम भी नहीं है। सरकार यदि इसे एक राष्ट्रीय प्रतीक-चिन्ह घोषित कर दे तो बात खत्म हो जाएगी। लेकिन इस बहाने तमिल की लिपि और देवनागरी लिपि के बीच संग्राम खड़ा करके वे अपने राजनीतिक मंसूबे पूरे करने का प्रयास तो कर ही सकते हैं।

इसमें सर्वाधिक चिंता उत्पन्न करने की बात यह है कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और उनकी सरकार लगातार अलगाववाद की राह पर चल रही है, जिसके लिए वह अपने प्रदेश में तमिल और अंग्रेजी के अलावा किसी भारतीय भाषा को पढ़ाने का विकल्प समाप्त करना चाहती है। देश में सबसे अधिक संख्या वाले धर्म को खुलेआम गालियां देती है और उसे मिटाने का अभियान चलाती है। उत्तर-दक्षिण और आर्य-द्रविड़ के नाम पर तो घृणा फैलाने का उसका पुराना खेल चलता ही रहता है। यह सब राष्ट्र विरोधी है।

यहां इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि कांग्रेस के नेतृत्व में जिस यूपीए सरकार के समय में रुपए का यह प्रतीक-चिन्ह बनाया गया और स्वीकार किया गया था उस समय द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, यूपीए सरकार का हिस्सा थी। राजनीतिक लाभ के लिए अब कांग्रेस और उनका इंडी गठबंधन भी इस चिन्ह के विरोध पर चुप्पी साधे है। इस अलगाववाद पर विपक्ष का मौन, राष्ट्रीय एकता के लिए घातक है। यह राजनीति का विद्रुप चेहरा है। अब यह खेल एक रोचक मोड़ पर है। आगे-आगे देखिए, होता है क्या?

**(लेखक सेवानिवृत्ति क्षेत्रीय उपनिदेशक, (पश्चिम क्षेत्र) राजभाषा विभाग और निदेशक, वैश्विक हिंदी सम्मेलन हैं)**

# महिला पुरस्कारों की गरिमा और निष्पक्षता पर उठते प्रश्न

**हाल** ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। कई वर्षों से, महिला पुरस्कार मान्यता के चमकदार प्रतीक के रूप में खड़े हैं, जो उन क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करते हैं जहाँ उन्हें अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। ये सम्मान सिर्फ़ समावेशन के लिए एक प्रेरणा से कहीं ज़्यादा है; इनका उद्देश्य ऐसे समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना है जो अक्सर महिलाओं के योगदान को अनदेखा करता था। हालाँकि, राजनीतिक प्रभावों और बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से चुनौती के कारण इन पुरस्कारों की अखंडता अब जोखिम में है। महिला पुरस्कारों का भविष्य समाज की निष्पक्षता, मान्यता और समावेशिता के बीच संतुलन खोजने की क्षमता पर निर्भर करता है। ऐसे में ये महत्त्वपूर्ण है कि हम आगे चलकर महिला उपलब्धियों का सम्मान कैसे करते हैं। महिला पुरस्कारों ने ऐतिहासिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में महिला उपलब्धियों को स्वीकार करने और सम्मानित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे साहित्य, विज्ञान, खेल या फ़िल्म हो, इन पुरस्कारों ने उन क्षेत्रों में आवश्यक मान्यता प्रदान की है जहाँ महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, हमारे तेज़ी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, इन पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। अतीत में, महिला पुरस्कार उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता की कड़ी मेहनत से स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे, जहाँ अक्सर महिला प्रतिभा को अनदेखा किया जाता था। वे सिर्फ़ समावेश के प्रतीक नहीं थे, बल्कि लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अग्रणी सफलता के प्रतीक थे। हालाँकि, आज, इन पुरस्कारों की अखंडता खोने का जोखिम है-महिलाओं की उपलब्धियों में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उनकी मान्यता का मूल अर्थ धुंधला, राजनीतिकरण या पूरी तरह से खारिज हो रहा है। ऐसे समय में जब समावेशिता को अपनाने का दावा किया जाता है, महिला पुरस्कारों का अनूठा उद्देश्य उल्टा जोखिम में है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि समानता के उद्देश्य वाले समाज में लिंग-विशिष्ट पुरस्कार अब मौजूद नहीं होने चाहिए। लेकिन क्या सच्ची समानता उन मंचों को ख़त्म करने से आती है जो कभी महिलाओं की आवाज़ को बुलंद करते थे? समान अवसर बनाने के बजाय, हम एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहे हैं: महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए डिज़ाइन किए गए पुरस्कारों का मिश्रण, पुनर्उद्देश्य या पूर्ण रूप से हटाना। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। वास्तविक योग्यता का जश्न मनाने के बजाय, चयन समितियाँ राजनीतिक शुद्धता के साथ संरेखित विकल्प चुनने के लिए बाध्य महसूस कर रही हैं, जो पुरस्कारों की अखंडता से समझौता कर सकती हैं। यदि किसी महिला को उसकी असाधारण क्षमताओं के लिए नहीं बल्कि इसलिए सम्मानित किया जाता है क्योंकि वह किसी विशिष्ट कथा में फिट बैठती है, तो क्या वह मान्यता वास्तव में समान महत्त्व रखती है? महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डालना जारी रखना चाहिए। इसका उत्तर इन पुरस्कारों के महत्त्व को बढ़ाने में है-यह सुनिश्चित करना कि वे केवल एक प्रतीकात्मक इशारे के बजाय सच्ची उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि हम वास्तव में महिलाओं का जश्न मनाना चाहते हैं, तो उनके पुरस्कार केवल औपचारिकता नहीं होने चाहिए। उन्हें प्रतिभा, लचीलेपन और महत्त्वपूर्ण योगदान की सही स्वीकृति के रूप में काम करना चाहिए।

कुछ अलग

# बरामदा कैबिनेट की बैठक

**आज** तोताराम अपनी पत्नी मैना के साथ आया। बड़ी हड़बड़ाहट में था। बैठने से पहले ही बोला- भाभी को जल्दी बुला। हमने पूछा- क्यों, क्या मैना को कोई समस्या आ गई? बोला- समस्या कुछ नहीं। बस, प्रांतीय महत्व के एक काम के लिए तत्काल मीटिंग करनी है और सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास करना है। हमने कहा- यहां कोई विपक्ष भी नहीं है और अगर होता भी तो अध्यक्ष से एक ही झटके में 100-150 को एक साथ निलंबित करवा देते और जो करना होता सो कर लेते। मीटिंग क्या, तू जब कहे, जो प्रस्ताव कहे पास करवा दें। बरामदा संसद का लंगड़ा ही सही बहुमत अपने पास है तो चुनाव आयोग, न्यायालय, पुलिस, ईडी सब अपनी मुट्ठी में हैं। नहीं होता तो 'ऑपरेशन तोता' चलाकर खरीद लेते। वैसे ऐसा क्या जरूरी काम आ गया? बोला- कल 8 फरवरी को बरामदा संसद के सभी सदस्य कुम्भ में स्नान करेंगे और उसके बाद मंत्री परिषद की बैठक होगी जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। हमने कहा- वैसे तो संसद के सामने कोई एजेंडा नहीं है फिर भी बैठक के लिए वहां जाकर मरने की बजाय यहीं ठीक है। चार कंधे तो मिल जाएंगे। कुम्भ में मरने पर सरकार इमेज बचाए रखने और मुआवजे से बचने के लिए पुलिस से लाश ही गंगा में फिंकवा देगी। बोला- योगी जी ने भी तो अपने मंत्रीमंडल के साथ स्नान किया था और अब भजन जी भी मंडली के साथ कल कुम्भ में स्नान करेंगे। क्या सब मूर्ख है जो वहीं स्नान-ध्यान, काम-करम कर रहे हैं। हमने कहा- हो सकता है कोई बड़ा पाप धोने के लिए गए हों जो उन्हें रातों को डराता हो, सोने नहीं देता हो। हमने कोई पाप नहीं कर रखा जिसे धोने के लिए आज ही कुम्भ स्नान करना पड़े। पहले पाप करने के लिए कोई पद तो मिले फिर धोने के लिए कुम्भ में भी चले चलेंगे। बोला- क्या कुम्भ में जाने वाले सभी पापी होते हैं? कुम्भ में तो अंबानी, अदानी, शाह, स्टीव जॉब्स की पत्नी, शाहरुख, सलमान, अमिताभ, आलिया भट्ट, रणवीर, विराट कोहली, रोनाल्डो, मैसी आदि तो गए हैं तो क्या सब पापी हैं? और कुम्भ में तो नेहरू जी भी गए थे तो क्या वे भी पापी थे? हमने कहा- हम यह नहीं कह रहे लेकिन नेहरू जी कुम्भ स्नान करने नहीं बल्कि वहां की व्यवस्था देखने गए थे। उसके बाद भगदड़ वाली दुर्घटना होने पर उन्होंने संसद में उस पर चर्चा की और भविष्य में नेताओं को मेले के समय कुम्भ में जाने से परहेज करने की सलाह भी दी थी। जबकि अब तो विज्ञापन करके लोगों को बुलाया जा रहा है। हजारों करोड़ खर्च करके लाखों करोड़ का सपना देखने दिखाने का धंधा चल रहा है, कुम्भ के बहाने चुनाव की राजनीति की जा रही है। वरना कर्म, सत्कर्म, दुष्कर्म कुछ भी करने के लिए कहीं भी जाने की कोई जरूरत नहीं होती। रैदास के तो कठौते में ही गंगा थी। बोला- तो क्या गंगा, जमुना, हिमालय, प्रकृति, तीज-त्योहार, संस्कृति का कोई मतलब नहीं? हमने कहा- है लेकिन प्रेम और प्रदर्शन में बहुत फ़र्क होता है। जिसके मन में प्रेम नहीं होता वही बाहर बाहर प्रेम का ढिंढोरा पीटता फिरता है, प्रदर्शन करता है। हमारे दादाजी भी रामेश्वरम गए थे 1932 में पैदल लेकिन उनके साथ कोई फोटोग्राफर नहीं था और न ही गांव में आकर भक्ति का नाटक किया। हमारे मामाजी 1965 में पोते की मन्नत मांगने अकेले हरिद्वार से कांवड़ लाए थे लेकिन न किसीने रास्ते में हैलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की और न ही रास्ते में किसी मुसलमान ठेले से फल लेने या किसी की जाति पूछे बिना उसकी गुमटी से चाय पी लेने से उनका धर्म भ्रष्ट हुआ। माल-ए-मुफ़्त दिल-ए-बेरहम। जनता का पैसा है फूंकें तरह तरह के तमाशों में। नेता बनने से पहले ये रईस की दुम एक बनियान को तीन दिन पहना करते थे।

देश दुनिया से

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण

**खालिस्तानी** अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए। अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कुकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, धराशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। आतंक किसी एक देश नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिये गंभीर खतरा है। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर में बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है।

आप का नजरिया

# कांग्रेस प्रवक्ता की ओछी मानसिकता

**कांग्रेस** के पोस्टर बॉय राहुल गांधी अपनी पार्टी को 'मोहब्बत की दुकान' बताते थकते नहीं हैं लेकिन निरंतर अंतराल पर कांग्रेस की ओर से आते बयान कुछ और ही बयां करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रही है, लेकिन कांग्रेस के नेता देश और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की जगह अत्यंत ओछी टिप्पणियां कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के शरीर को लेकर घोर आपत्तिजनक एवं निंदनीय बयान दिया है। उन्होंने लिखा कि "रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। निश्चित रूप से यह भारत का अब तक का सबसे निराशाजनक कप्तान"। कोई भी सभ्य नागरिक किसी के शरीर को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी नहीं कर सकता। दरअसल, ऐसा लगता है कि नफरत और नकारात्मकता की आग कांग्रेस के खेमे में इस हद तक फैल गई है कि उसके दायरे में अब केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं है अपितु उसके निशाने पर कोई भी आ सकता है। कांग्रेस के प्रवक्ता की इस टिप्पणी के बाद उनकी जमकर आलोचना हो रही है। डॉ. शमा को भी मजबूरी में यह टिप्पणी हटानी पड़ी है लेकिन अपनी ओछी एवं संकीर्ण मानसिकता के लिए उन्होंने अब तक सार्वजनिक रूप से माफी नहीं माँगी है। यह बताता है कि उन्होंने अपने नेताओं के दबाव में पोस्ट तो हटा ली लेकिन उनका मौलिक दृष्टिकोण नकारात्मक ही है। एक अन्य पोस्ट में कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा लिखते हैं- "अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में रोहित शर्मा में ऐसा क्या विश्वस्तरीय है? वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ एक औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान बनने का सौभाग्य मिला"। बहरहाल, डॉ. शमा को पता होना चाहिए कि रोहित शर्मा न केवल बेहतरीन खिलाड़ी हैं अपितु उनकी कप्तानी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। किसी खिलाड़ी की योग्यता को उसके रूप-रंग और शरीर की बनावट के आधार पर नहीं अपितु उसकी उपलब्धियों एवं आंकड़ों के देखना चाहिए। रोहित शर्मा दुनिया के उन गिने-चुने बल्लेबाजों में हैं, जिन्होंने अपने देश के लिए सबसे अधिक बार शतक लगाए हैं। एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में 32 शतक लगाकर रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं। सभी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में सर्वाधिक शतक लगाने के मामलों में वह दसवें स्थान पर हैं। एक दिवसीय मुकाबले में अपनी टीम के लिए सबसे अधिक दोहरे शतक (3) लगाने का कीर्तिमान भी उनके नाम है। एक दिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में सबसे अधिक शतक (5) लगाने का अद्भुत कीर्तिमान भी उनके नाम है। इसके अलावा और भी कई उपलब्धियां हैं, जो उन्हें विश्व के बेहतरीन खिलाड़ियों में शुमार कराते हैं। एक कप्तान के तौर पर भी वे अब तक के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में भारत बिना कोई मैच हारे एक दिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में अंतिम मुकाबले तक पहुँची।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज सावधानी रखने की जरूरत हैं । यदि आवश्यक न हो तो यात्रा को टालें। जोखिम वाले काम करते समय सावधान रहें, चोट लगने की आशंका है। धन लाभ होने की संभावना है। लंबित कार्य पूरे होंगे। आपके विरोधी शांत रहेंगे। विवादों से दूर रहें। आमदनी में बढ़ोतरी होगी। मन प्रसन्न रहेगा। सेहत ठीक रहेगी। रिश्तेदारों की ओर से खुशखबरी मिल सकती है। तनाव दूर होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत हैं

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के चलते दिनभर व्यस्त रहेंगे। मकान या जमीन खरीदने के लिए अपने परिवार से चर्चा कर सकते हैं। ऑफिस में आपको खुशखबरी मिलेगी। किसी सगे संबंधी से विवाद होने की आशंका है। तनाव बना रहेगा। बोलचाल के दौरान नियंत्रित रहें। अपने खानपान को नियंत्रण में रखें। कैरियर से जुड़ी कोशिश कामयाब रहेगी। छात्रों को कामयाबी मिलेगी। घर–परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज का दिन सकारात्मक रहेगा ।व्यापार के हिसाब से लाभदायक हैं आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। आपके स्वभाव से सभी प्रभावित होंगे। सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। आपकी सराहना होग।ऋण से मुक्ति मिलेगी। आय के नए स्रोत मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की हो सकती है। आपका व्यवसाय आगे बढ़ेगा। आप अपने परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। सेहत को लेकर चिंतित हो सकते हैं। तले हुए भोजन से दूरी बनाकर रखें शरीर और मन दोनो स्वस्थ्य रहेंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज गाय को केले का फल खिलाए व्यवसाय में लाभ होगा। आप के काम मे तेजी रहेगी । रिश्तेदारों से मुलाकात के मौके मिलेंगे। ऑफिस का माहौल ठीक नहीं रहेगा। आफिस में किसी से विवाद होने की आशंका है। आपकी सेहत बिगड़ी सकती है। छात्रों को काफी मेहनत करनी होगी। कैरियर से जुड़े कार्य पूरे कर पाएंगे। युवाओं को कामयाबी मिलेगी। जोखिम न लें। कर्ज की रकम वापस मिलेगी। आय में बढ़ोतरी होगी। आप खुश रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज भागमदौड ज्यादा रहेगी । आज रिश्तेदारों की ओर से दुखद सूचना मिल सकती है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। आज सामाजिक जिम्मेदारी पूरा करने में विलंब हो सकता है। किसी से विवाद होने की आशंका है। कर्ज की रकम वापस मिलने में दिक्कत होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। चिड़चिड़ापन बना रहेगा। कारोबार में प्रगति होगी। आप को सेहत का ध्यान रखना होगा तरल पदार्थ का ही सेवन करें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आप रिस्क का काम भी हाथ मे ले सकते हैं । पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी। आज खर्च ज्यादा हो सकता है। भौतिक संसाधन जुटाने के लिए खर्च कर सकते हैं। निवेश से आपका अच्छा–खासा लाभ होगा। आपके कार्य आसानी से पूरे होंगे। छात्रों की दिक्कत दूर होगी। कैरियर से जुड़ी बाधा दूर होने की संभावना है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। दिनचर्या में परिवर्तन संभव है। यात्रा पर जा सकते हैं। शुभ सूचना मिलेगी। दाम्पत्य जीवन मे संयम की आवश्यकता हैं तनाव मुक्त रहेंगे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज विरोधी आप पर हावी हो सकते हैं आपको सतर्क रहना होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगें । आप का दिन कुछ परेशानी व चिंता में बीतेगा। परिवार के किसी सदस्य की सेहत बिगड़ सकती है। रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। व्यवसाय अच्छा चलेगा। नए प्रोजेक्ट परकार्य शुरू करेंगे। धन लाभ हो की संभावना है। कर्ज की रकम फिलहाल वापस नहीं मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। युवाओं को सफलता मिल सकती है। बेरोजगारी दूर होगी कोशिश व्यर्थ नही जाएगी।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज केले के झाड मे घीका दीपक प्रज्वलित करें आपके रूके हुए कार्य पूरे होंगे। किसी से विवाद न करें। आपकी परेशानी का हल निकलेगा। कैरियर आगे बढ़ाने के प्रयास सफल रहेंगे। लेनदेन करते समय सावधान रहें। सेहत ठीक रहेगी। सगे संबंधियों से मुलाकात के दौरान कुछ मतभेद उभर सकते हैं। सावधानी से बोलें। खुशखबरी मिलेगी। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। जोखिम वाले कार्यों से दूर रहें। खर्चे पर अंकुश लगाए भविष्य सुनहरा होगा ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज प्रसन्नता रहेगी दिल दिमाग दोनो शान्त रहेंगे । आपके कार्य मन मुताबिक पूरे होंगे। जीवनसाथी की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। खुश रहेंगे। धन लाभ होगा। नशे से दूर रहें। किसी की बातों में न आएं। शत्रु सक्रिय रहेंगे। दफ्तर का माहौल ठीक रहेगा। पुरानी बीमारी उभर सकती है। बुजुर्गों का ख्याल रखें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। किसी से रिश्ते में खटास आ सकती है। कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। डिनर के बाद हल्का सी चहलकदमी करें पाचनशक्ति तीव्र होगी।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज शान्त रहने की आवश्यकता हैं वाणी पर संयम रखें । सेहत बिगड़ सकती है। जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। अनजान लोगों से सावधान रहें।किसी मित्र से मतभेद होने की आशंका है।कारोबार को आगे बढ़ाने का प्लान बना सकते है। कर्ज की रकम वापस नहीं मिलेगी। दिनचर्या में परिवर्तन लाने का प्रयास करें। समय पर कार्य पूरे कर पाने में असमर्थ रहेंगे। दफ्तर का माहौल ठीक रहेगा। खर्च ज्यादा होगा। किसी काम मे रुकावटें आ रही हैं तो अपने मित्रों का सहयोग लें कार्य पूरें होंगे ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज आप अपनी जिमेदारी पूरी करेंगे दिन फायदेमंद रहेगा। शासकीय कार्य पूरे होंगे । सेहत ठीक रहेगा। धर्म कर्म में मन लगेगा। दंपत्तियों के बीच सामंजस्य रहेगा। कर्ज की रकम वापस मिल सकती है। व्यवसाय के सिलसिले में यात्रा पर जाएंगे। किस्मत का साथ रहेगा। बचत योजना में निवेश के प्रस्ताव मिलेंगे। उधार देते समय सावधान रहें। दफ्तर में किसी से अनबन होने की आशंका है। कोई भी निर्णय लेने से पहले एक्सपर्ट से राय–मशवरा जरूरी करलें ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

छात्रों के लिए अपार सफलता हैं परिणाम मन मुताबिक आंएगे । कानूनी मामले आगे बढ़ेंगे। कारोबार में लाभ के अवसर आएंगे। आज आप धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आज किस्मत का साथ मिलेगा। रिश्तेदारों से मुलाकात लाभदायक रहेगी। नौकरी में तरक्की हो सकती है। कारोबार को आगे बढ़ाने का प्लान बना सकते हैं। शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं। दाम्पत्य जीवन मे आपसी तालमेल बहतर रहेगा दिन का उत्तरार्ध अच्छा बीतेगा ।

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 17 मार्च 2025 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 07:36 तक
नक्षत्र : चित्रा दोपहर 02:47 तक
योग : ध्रुव सायं 03:44 तक
करण : विष्टि रात्रि 07:36 तक
चन्द्रराशि : तुला
सूर्योदय : 06:22 , सूर्यास्त 06:26 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:25 , सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:18 , सूर्यास्त 06:22 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:14 , सूर्यास्त 06:17 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रातः 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– भालचन्द्र संकष्ट चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय रात्रि 08:54 , कल्पादि तिथि , उत्तराभाद्रपदा में रवि रात्रि 03:11 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# राजस्थान कांग्रेस में जल्द होगा बड़ा संगठनात्मक बदलाव

## निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी तय




**जयपुर,16 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान में कांग्रेस संगठन को धारदार बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक जयपुर के हरीशचंद्र तोतूका भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने की। इसमें राजस्थान प्रभारी एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट, सह प्रभारी ऋत्विक मकवाना, चिरंजीव राव समेत वरिष्ठ नेता, विधायक, सांसद, जिलाध्यक्ष और एआईसीसी डेलीगेट मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और निष्क्रिय पदाधिकारियों पर सख्ती बरतने का फैसला लिया गया।

डोटासरा ने कहा कि जो पदाधिकारी बिना कारण लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहेंगे, उन्हें पदमुक्त कर सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा। वहीं, प्रदेश में प्रशासनिक तौर पर गठित आठ नए जिलों और अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में नई जिला कांग्रेस इकाइयों के गठन का प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर एआईसीसी को अनुमोदन के लिए भेजा गया। बैठक में फैसला लिया गया कि उन विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां कांग्रेस का प्रदर्शन कमजोर रहा है। डोटासरा ने बताया कि 200 समन्वयकों की नियुक्ति की जा चुकी है, जो ब्लॉक और मंडल स्तरीय बैठकों की निगरानी करेंगे और अनुपस्थित पदाधिकारियों की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देंगे। साथ ही, एक महीने के भीतर सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जाएंगे।बैठक में राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि संगठन में निष्क्रियता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, जो काम नहीं करेगा, उसे पद पर रहने का हक नहीं है। कांग्रेस के सभी बड़े नेता अब ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठकों में हिस्सा लेंगे और मैं खुद भी बिना बताए निरीक्षण करूंगा।बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, एआईसीसी सचिव एवं सह प्रभारी ऋत्विक मकवाना और चिरंजीव राव ने भी संबोधित किया।

# मेवाड़ की विरासत को आगे बढ़ाने में अरविंद सिंह ने निभाई अहम भूमिका : भजनलाल



**जयपुर,16 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मेवाड़ के पूर्व राजघराने के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर दुख जताया है। सीएम ने कहा कि उन्होंने मेवाड़ की वैभवशाली विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, विधायक रविंद्र सिंह भाटी, राज्य सरकार में मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भी अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर दुख जताया है। मेवाड़ के पूर्व राजघराने के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ (81) का रविवार सुबह निधन हो गया।

उन्होंने शंभू निवास में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उदयपुर स्थित उनके आवास पर उनका इलाज किया जा रहा था। अरविंद सिंह मेवाड़ के बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने बताया कि सोमवार को उनका अंतिम संस्कार होगा। अंतिम संस्कार में देश–विदेश के बड़े लोगों के पहुंचने की संभावना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने मेवाड़ की वैभवशाली विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व और अनुकरणीय चरित्र भावी पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। वसुंधरा राजे ने एक्स पर लिखा, महाराज अरविंद सिंह मेवाड़ के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने उदयपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर्यटन के क्षेत्र में उन्होंने जो प्रयास किए वह सदैव याद रहेंगे। शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह दिवंगत की आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करें।

विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा, मेवाड़ राजवंश के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। वह न केवल मेवाड़ की शान थे, बल्कि अपने प्रयासों से उदयपुर को पर्यटन के मानचित्र पर एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सेवाएं और योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति दें। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एक्स पर अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा, मेवाड़ राजवंश के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन अत्यंत दुखद है। उनकी सेवाएं और योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा, उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की हिम्मत प्रदान करे। उल्लेखनीय है कि अरविंद सिंह मेवाड़ भगवंत सिंह मेवाड़ और सुशीला कुमारी के बेटे थे। पिछले साल नवंबर में उनके बड़े भाई महेंद्र सिंह मेवाड़ का निधन हो गया था। महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन से उदयपुर में शोक की लहर है।

# ट्रेलर में घुसी बस दो की मौत,16 घायल



**बीकानेर,16 मार्च (एजेंसियां)।** जिले के नापासर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जब लोक परिवहन की बस सड़क पर खड़े ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के केबिन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसा रायसर के पास नेशनल हाईवे–11 पर हुआ। नापासर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को बीकानेर के PBM अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। हादसे में हवा कंवर और निरमा देवी (60) की मौत हो गई, जबकि 16 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती घायलों में कई की हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्रशासन ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन ने वाहन चालकों से हाईवे पर सतर्कता बरतने की अपील की है। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर दिया।

# भरतपुर में 150 मकानों पर संकट, प्रशासन के नोटिस से मची हलचल

**भरतपुर,16 मार्च (एजेंसियां)।** भरतपुर नगर निगम क्षेत्र की तीन कॉलोनियों में बने 150 मकानों पर बुलडोजर चलने की आशंका ने निवासियों की रातों की नींद उड़ा दी है। भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इन मकानों को अवैध करार देते हुए नोटिस जारी किया है, जिससे मकान मालिकों में हड़कंप मच गया है।

नोटिस मिलने के बाद लोग सदमे में हैं। कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई, तो कुछ ने होली का त्योहार तक नहीं मनाया।



परेशान लोगों ने जिला कलेक्टरेट पर प्रदर्शन भी किया, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई संतो–षजनक जवाब नहीं मिला। हताश लोगों का कहना है कि यदि उनके मकान तोड़े गए, तो उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं बचेगी और उन्हें आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

निवासियों के मुताबिक, उनके पास मकानों की रजिस्ट्री, बिजली बिल और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं। कुछ मकानों का निर्माण तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार द्वारा दी गई राशि से हुआ है। स्थानीय निवासी राधा ने बताया कि उन्होंने मेहनत–मजदूरी कर जमीन खरीदी और रजिस्ट्री करवाई थी। घर बनाने के लिए उन्हें पीएम आवास योजना की राशि भी मिली, लेकिन अब उनके घर को अवैध बता दिया गया है।

सुनीता देवी ने भी यही दर्द बयां किया। उन्होंने बताया कि जयपुर बुलाकर उन्हें पीएम आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए 30,000 का चेक दिया गया था। कॉलोनी के 10–15 अन्य मकान भी इसी योजना के तहत बने हैं, लेकिन अब उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। आयुक्त प्रतीक जुड़कर ने स्पष्ट किया कि ये नोटिस केवल उन लोगों को दिए गए हैं, जिन्होंने अवैध भूमि पर कब्जा कर मकान बनाए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत बने मकानों की भी जांच की जा रही है।

जांच के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा।इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी लोगों के आक्रोश को और बढ़ा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे का क्या हल निकालता है, या फिर लोगों की आवाज अनसुनी रह जाएगी?

# रंग लगाने के विवाद के बाद मकानों पर पेट्रोल बम से हमला



**जोधपुर,16 मार्च (एजेंसियां)।** जोधपुर की सड़कों पर होली की मस्ती कब दहशत में बदल गई, किसी को समझ नहीं आया। ममता नगर की शांत गलियों में अचानक धमाकों की गूंज सुनाई दी। मकानों पर पेट्रोल बम फेंके गए, एक घर में आग लग गई और पूरा इलाका सहम गया। वजह? महज रंग लगाने को लेकर हुआ विवाद।

14 मार्च की आधी रात को जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब कुछ सिरफिरे युवाओं ने शराब की बोतलों को आग का गोला बना दिया। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कैसे एक बम घर के बाहर गिरा और दूसरा आंगन में फटा। शुक्र है कि कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन जो हुआ, उसने दोस्ती, त्योहार और शरारत–तीनों को शर्मसार कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ लिया और तीन नाबालिगों को डिटेन किया है। डक्ज हमीर सिंह के मुताबिक, जिनके बीच विवाद हुआ था, वे पहले दोस्त ही थे। मगर एक छोटी–सी कहासुनी ने उन्हें क्राइम की दुनिया में धकेल दिया। अब सवाल यह उठता है–क्या त्योहारों पर हमारे जज्बात इस कदर उग्र हो चुके हैं कि रंगों की जगह आग बरसने लगे?

# भाजपा ने हरियाणा में बनाए 27 जिले, जिला अध्यक्षों का चयन आज तक होगा : बड़ौली



**चंडीगढ़,16 मार्च (एजेंसियां)।** निकाय चुनाव के तुरंत बाद भाजपा ने संगठन विस्तार प्रक्रिया को तेज कर दिया है। भाजपा ने जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ–साथ संगठनात्मक दृष्टि से प्रदेश में पांच जिले और बढ़ा दिए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 22 जिले हैं, लेकिन संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा ने 27 जिले बनाए हैं जिनमें हांसी, गोहाना, डबवाली, बल्लभगढ़, गुरुग्राम महानगर शामिल है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में भाजपा के 27 जिला अध्यक्ष होंगे। बड़ौली ने कहा कि सिरसा से डबवाली, सोनीपत से गोहाना, हिसार से हांसी, गुरुग्राम से गुरुग्राम महानगर, फरीदाबाद से बल्लभगढ़ को जिला बनाया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष का लोकतांत्रिक तरीके से चयन होता है। निकाय चुनाव के कारण संगठन विस्तार की प्रक्रिया रूक गई थी, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया है। रविवार को जिला अध्यक्षों के चयन के लिए प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन जमा कराए हैं। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया जाएगा।

बड़ौली ने प्रदेश में संगठनात्मक दृष्टि से जिला बढ़ाने पर कहा कि इससे काम का बंटवारा भी ठीक हो जाएगा और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ जिले भौगोलिक दृष्ट से बड़े हैं। किसी जिला में चार विधानसभाएं हैं तो किसी जिला में दो विधानसभाएं ही हैं, इसलिए हमने तीन–तीन विधानसभाओं के हिसाब से जिले बनाए हैं।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गौरव के साथ–साथ 140 करोड़ लोगों के मान–सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की नायब सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबके विश्वास के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता हजम नहीं हो रही है, इसलिए अनाप–शनाप बोलते रहते हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी को दुनिया सुनना चाहती है।

# घर में संदिग्ध हालत में मिले महिला और युवक के शव

**चरखी दादरी,16 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा में चरखी दादरी के गांव हुई में एक घर में प्रेमी जोड़े का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला का शव घर की छत पर और युवक का शव रसोईघर के पास पड़ा मिला। महिला का पति दूसरे कमरे में और उसके सास–ससुर घर में ही सो रहे थे। सुबह परिजनों के देखने पर मामले का खुलासा हुआ।


मृत महिला दादरी और युवक भिवानी के गांव ओबरा का निवासी है। दोनों का प्रेम प्रसंग था और उसी के चलते मौत होने का शक भी जताया जा रहा है। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर बाढड़ा थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा मिलने से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा : गर्ग

**चंडीगढ,16 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने व्यापारी व उद्योगपतियों से हरियाणा के वार्षिक बजट पर विचार करने के उपरांत कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जो वित्त मंत्री के पद पर भी है उनसे मांग की है कि 17 मार्च 2025 को हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों को विशेष पैकेज देना चाहिए और प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा रियायतें देने का काम करना चाहिए ताकि हरियाणा में उद्योग जो नुकसान में चल रहे है, उस से राहत मिल सके जबकि सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश में लगातार व्यापार व उद्योग कम होते जा रहे है।

जिस का मुख्य कारण टैक्स की दरें ज्यादा होना है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को बजट में छोटे व मध्यम उद्योगों को बिजली के बिलों में 50 प्रतिशत सब्सिडी देनी चाहिए। बजट में सरकार को गांव स्तर पर छोटे व मध्यम उद्योग लगाने पर 25 लाख रुपए तक बिना ब्याज लोन देने का नियम बनाना चाहिए। सरकार को बजट में पेट्रोल व डीजल पर से वेटकर कम करना चाहिए।

# अमृतसर में मंदिर पर हुए ग्रेनेड हमले से पंजाब सरकार को अलर्ट होना चाहिए : मनोहर लाल



**करनाल,16 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शनिवार को हरियाणा के करनाल पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान पंजाब के अमृतसर में मंदिर पर हुए ग्रेनेड हमले पर प्रतिक्रिया दी। मीडिया से उन्होंने कहा कि पंजाब में जो यह घटना हुई है इसे लेकर वहां की सरकार को अलर्ट रहना चाहिए। अगर सरकार अलर्ट नहीं रहती है तो जनता उसे सबक सिखाएगी।

सोनीपत में भाजपा नेता सुरेंद्र जवाहरा की हत्या पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ये मेरी जानकारी में नहीं है, पर मैं इस बारे में जानकारी लूंगा और जो भी दोषी होंगे उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में इस तरह के क्राइम करने वाले अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा। बता दें कि हरियाणा के सोनीपत जिले के जवाहरा गांव में होली के दिन भाजपा नेता सुरेंद्र जवाहरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के पीछे जमीनी विवाद बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्या का कारण एक पुरानी रंजिश थी, जिसमें पड़ोसी से जमीन को लेकर आपसी मतभेद थे। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने बताया कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। जल्द ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कल जवाहरा गांव में गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस को बताया गया कि सुरेंद्र नामक व्यक्ति को गोली लगी है, जिससे उसकी मौत हो गई है। मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने बताया कि जवाहरा ने आरोपी और उसकी बुआ की जमीन खरीदी थी, जिसे लेकर विवाद चल रहा था और हत्या की वजह यही है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

### योगी सरकार के आठ साल के कार्यकाल में सख्त रही व्यवस्था

# पुलिस एनकाउंटर में ढेर हुए 222 अपराधी

- मुठभेड़ों में 8,118 अपराधी जख्मी होकर पकड़े गए
- 20,221 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया
- 79,984 अपराधियों पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई
- 930 पर रासुका 142 अरब की संपत्ति जब्त हुई
- 2023-2024 में 51 अपराधियों को मिला मृत्युदंड
- 6,287 अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा

**लखनऊ, 16 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश जिसे कभी देश में अपराधियों के आतंक, दंगों और जघन्य अपराधों के लिए जाना जाता था, आज उसी उत्तर प्रदेश की सूरत और सीरत दोनों ही पूरी तरह से बदल गई है। आज देश ही नहीं दुनियाभर में उत्तर प्रदेश मजबूत कानून व्यवस्था और प्रदेश में स्थापित कानून के राज के लिए जाना जाता है। जिन प्रदेशवासियों को कभी प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने की बात असंभव लगती थी, उसी प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों में अपनी जीरो टॉलरेंस नीति से असंभव को संभव करके दिखाया है, जिसका डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है। आज हर प्रदेशवासी, बेटी, व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं क्योंकि उन्हे पता है कि अगर उनके साथ किसी ने बदसलूकी की तो प्रदेश के मुखिया उसे छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में प्रदेश की कमान संभालते ही जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए दुर्दांत अपराध, माफिया के खिलाफ ऐसी जंग छेड़ी की, आज प्रदेश से माफिया और अपराधी पलायन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी पुलिस ने पिछले आठ वर्षों में 222 दुर्दांत अपराधियों के मुठभेड़ में मार गिराया जबकि 8,118 अपराधी घायल हुए हैं। इसमें 20,221 इनामी अपराधी भी शामिल हैं। वहीं अब तक 79,984 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 930 अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत सख्त कदम उठाए गए हैं। योगी सरकार ने अवैध रूप से अर्जित बेनामी संपत्तियों को चिन्हित कर माफिया



अपराधियों से मुक्त कराया और 142 अरब 46 करोड़ 18 लाख से अधिक की संपत्तियों को जब्त और ध्वस्त किया।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 से दिसंबर 2024 तक चिन्हित 68 माफिया अपराधियों के लंबित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 73 अभियोगों में 31 माफिया और 74 सह अपराधियों को अलग-अलग अभियोगों में आजीवन कारावास/कारावास व अर्थदंड की सजा दिलाई गई। इनमें से दो अपराधियों को फांसी की सजा भी सुनाई गई है। प्रदेश में 68 चिन्हित माफियाओं और उनके गैंग के 1,408 सहयोगियों के विरुद्ध 795 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें से 617 की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा, 359 अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए और 18 अपराधियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्यवाही की गई। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 752 अपराधियों को दंडित किया गया, जबकि 4,076 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई। महिलाओं और नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर भी योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। अब तक 27,425 अभियोगों, पॉक्सो अधिनियम के 11,254 अभियोगों और दहेज हत्या के 3,775 मामलों में दोषियों को सजा दिलाई गई है।

डीजीपी ने बताया कि योगी सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के तहत जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 6,287 अपराधियों को आजीवन कारावास, 1,091 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक की सजा, 3,868 अपराधियों को 10 से 19 वर्ष तक की सजा और 5,788 अभियुक्तों को 5 वर्ष से कम की सजा दिलाई गई। योगी सरकार ने चार स्तरीय एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन कर 66,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। 142 भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा वर्ष 2017 से अब तक 653 जघन्य अपराध घटित होने से पहले ही रोके गए। वहीं, एटीएस ने 2017 से अब तक 130 आतंकवादियों और 171 रोहिंग्या/बांग्लादेशी अपराधियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। योगी सरकार की पुलिसिंग न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में उभर रही है। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था में हुए ऐतिहासिक सुधारों के कारण प्रदेश में अपराध दर में भारी गिरावट आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने न केवल संगठित अपराधियों और माफियाओं पर शिकंजा कसा है, बल्कि आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव भी मजबूत किया है।

### सोमवार से उत्तर प्रदेश में शुरू होगी गेहूं की खरीद

# 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर सरकार खरीदेगी गेहूं

**लखनऊ, 16 मार्च (एजेंसियां)।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 17 मार्च से गेहूं खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। इसके लिए 6500 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। वहीं केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष से 150 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कर दिए जाएं। सीएम ने जोर दिया है कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी।

गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल या विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफ कर अच्छी तरह से सुखाकर



ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं।

इस वर्ष भी बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी।

खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक होगी। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। विभाग ने इसकी तैयारी भी कर ली गई है।

किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल था। इस बार सरकार ने 150 रुपए प्रति क्विंटल में वृद्धि की है। खाद्य विभाग समेत आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खाद्य व रसद विभाग ने गेहूं के मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई है। 17 मार्च से शुरू होने वाली गेहूं खरीद के लिए विभाग ने सारी तैयारी कर ली है। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद होगी।

### गैर जिम्मेदार मीडिया के कारण दंगा होते होते बचा

# जिसे कहा हिंदुओं ने मारा वह हार्ट अटैक से मरा था

**उन्नाव, 16 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में होली के दिन शरीफ नाम के 55 साल के मुस्लिम अधेड़ की मौत ने पूरे इलाके में हंगामा मचा दिया था। शुरुआत में उनके घर वालों ने दावा किया कि कुछ स्थानीय युवकों ने जबरन रंग डाला और मारपीट करके उनकी जान ले ली। इस खबर को कई बड़े मीडिया संस्थानों जैसे जी न्यूज़, आजतक और टीवी9 ने बिना सच्चाई का पता लगाए प्रसारित कर छाप दिया। इन खबरों से शहर में तनाव फैल गया, लोग सड़कों पर जमा हो गए और पुलिस को फोर्स तैनात करनी पड़ी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मृत्यु की असली वजह और मीडिया की गैरजिम्मेदारी सामने ला दी है।

शनिवार की सुबह शरीफ अपने घर से कासिमनगर मोहल्ले में निकले थे। दो महीने पहले सऊदी से लौटे शरीफ रोजा रखे हुए थे और कुछ सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में कासिफ अली सराय के पास होली खेल रहे कुछ युवकों ने उन पर रंग डालने की कोशिश की। शरीफ ने मना किया, जिसके बाद थोड़ी बहस हुई। परिजनों का कहना है कि इसके बाद मारपीट हुई और शरीफ गिर पड़े। उनकी बेटी मुस्कान और भतीजे शमीम ने कहा कि युवकों ने उन्हें इतना पीटा कि उनकी जान चली गई। जबकि चश्मदीदों का कहना है कि कुछ बच्चों ने रंग डालने की कोशिश की, लेकिन कोई मारपीट नहीं हुई। बुजुर्ग शरीफ बच्चों को कोसते हुए ई-रिक्शा पकड़ कर चले गए। अचानक रास्ते में ही वे बेहोशी की हालत में गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम से पता चला कि शरीफ की मौत हार्ट अटैक से हुई। एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि शरीफ की मौत हार्ट अटैक (कार्डियक अरेस्ट) से हुई थी। उनके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। थाना प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को मौत की असली वजह के बारे में बता दिया गया। अब इलाके में शांति है। इस घटना ने फिर साबित किया कि बिना पुख्ता सबूत के सनसनीखेज खबरें चलाना कितना खतरनाक हो सकता है। पुलिस अब भी बाकी तथ्यों की जांच कर रही है, लेकिन सच यही है कि ये हत्या नहीं, बल्कि स्वास्थ्य वजह से हुई मौत थी।

# सपा विधायक का प्रोफेसर भाई फ्रॉड में गिरफ्तार

### ओमान का उच्चायुक्त बता कर कूटनयिक सुविधाएं ले रहा था

**गाजियाबाद, 16 मार्च (एजेंसियां)।** खुद को ओमान का उच्चायुक्त बताकर गाड़ी और अन्य सरकारी सुविधाएं उठाने वाले एक नामचीन शिक्षाविद् कृष्ण शेखर सिंह राणा को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कई विश्वविद्यालयों का कुलपति भी रह चुका है और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा नाम है। दिल्ली की अमर कॉलोनी के रहने वाले आरोपी ने खुद को ओमान का उच्चायुक्त बताकर उत्तर प्रदेश पुलिस से प्रोटोकॉल की मांग की थी।

आरोपी के पीए ने प्रोटोकॉल सेवाओं के लिए गाजियाबाद पुलिस को एक पत्र लिखा था। इसके बाद उसे प्रोटोकॉल सेवा भी दी गई थी।

पुलिस के अनुसार, प्रोटोकॉल सेवाओं के लिए दिए गए दस्तावेज पुलिस को संदिग्ध लगे। उसके आधार पर आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने कबूल किया कि वह ट्रेड कमिश्नर है, न कि हाई कमिश्नर। उसने बताया कि उसका मकसद सरकारी सेवा हासिल करना था।





66 वर्षीय आरोपी कृष्ण शेखर राणा को गाजियाबाद के यूपी गेट से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से राजनयिक नंबर वाले काले रंग की एक मर्सिडीज कार, एक पहचान पत्र और 46 विजिटिंग कार्ड बरामद किए गए हैं। ट्रांस हिंडन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निमिष पाटिल ने कहा कि कृष्ण शेखर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। डीसीपी पाटिल ने बताया कि ओमान का उच्चायुक्त होने का दावा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वह एक इंडिया-जीसीसी (गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल) नाम की संस्था के लिए काम करता था। वह ट्रेड कमिश्नर था, लेकिन खुद को हाई कमिश्नर बताकर अपने पद का दुरुपयोग करता था।

इंडिया-जीसीसी का संबंध ओमान से है। संस्था के अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ओमान में एक विश्वविद्यालय स्थापित करना चाहता था। इसके बाद ओमान ने उसे ट्रेड कमिश्नर की मानद उपाधि दी थी। भारत-जीसीसी के वली काशवी ने कहा, हम उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ काम करना चाहते थे। उन्हें ओमान आने के लिए कई बार निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे कभी नहीं गए।

डीसीपी पाटिल ने बताया कि कृष्ण शेखर आगरा में जूलॉजी (प्राणी विज्ञान) के अध्यक्ष प्रोफेसर रह चुके हैं। उनके 100 से अधिक शोधपत्र देश और विदेश के जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। आरोपी के निर्देशन में 50 से अधिक छात्र-छात्राएं अपना शोध पूरा कर चुके हैं। आरोपी का आगरा में कृष्ण कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी है। साथ ही वह राजस्थान में एक रिसॉर्ट का भी मालिक है। कभी आगरा के जाट हाउस में रहने वाले आरोपी कृष्ण शेखर ने रिटायरमेंट के बाद साल 2015 से 2018 तक केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय में अप्रेजल अथॉरिटी के रूप में काम किया। मंत्रालय में उनका काम पर्यावरण संबंधी मंजूरियां देना था। इस संबंध में मंत्रालय से जानकारी मांगी गई है। आरोपी को विश्व मानवाधिकार आयोग और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपना शांति दूत (पीस एंबेसडर) भी बनाया था।

आरोपी एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखता है। वह समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक एवं जाट समाज के बड़े नेता विजय सिंह राणा का भाई है। विजय सिंह की 2021 में मृत्यु हो गई थी। आरोपी कृष्ण शेखर ने आगरा के बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में तीन दशकों तक पढ़ाया है। साल 1982 में वह लेक्चरर से 2006 में प्रोफेसर बने और साल 2015 में सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद आरोपी ने कई विश्वविद्यालयों में कुलपति के पद संभाले। इनमें कुमाऊं विश्वविद्यालय, मेवाड़ विश्वविद्यालय और जयपुर तकनीकी विश्वविद्यालय शामिल हैं। आगरा के अंबेडकर विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ प्रोफेसर ने कहा, डॉक्टर कृष्ण शेखर राणा एक प्रतिष्ठित विद्वान हैं और हमने कभी किसी कदाचार के बारे में नहीं सुना। छात्र उन्हें बहुत पसंद करते थे।

आरोपी की लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, उसके पास यूके की कॉमनवेल्थ वोकेशनल यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री है। इसके साथ ही उसने न्यूयॉर्क में विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग से डीएलआईटी की डिग्री ली है। दूसरी तरफ, पुलिस का कहना है कि अभी तक उसे ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे पता चले कि आरोपी ने पैसे कमाने के लिए नकली पहचान का इस्तेमाल किया हो।

पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहली बार आगरा में अंबेडकर विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में जाने के दौरान प्रोटोकॉल की मांग की थी। इसके बाद पिछले साल 25 दिसंबर को फरीदाबाद में रोटरी यूथ लीडरशिप अवॉर्ड्स कार्यक्रम के लिए उसने वीआईपी प्रोटोकॉल मांगा। हालांकि, 22 फरवरी को दिल्ली के एक कार्यक्रम में भाग लेने पर भी उन्होंने वीआईपी प्रोटोकॉल की मांग नहीं की। इसके बाद 8 मार्च को मथुरा में श्री धाम वृंदावन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित होने के बाद आरोपी कृष्ण शेखर ने प्रोटोकॉल की मांग की थी। फिर 11 मार्च को उसने अपने निजी सचिव के द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ एक पत्र गाजियाबाद पुलिस को भेजा। उसमें प्रोटोकॉल का अनुरोध किया गया था। यह प्रोटोकॉल बेटी से मिलने के लिए जाने के दौरान मांगी गई थी।

# भाजपा ने जारी की यूपी के 72 जिलाध्यक्षों की सूची

### विवाद के कारण 26 जिलों की सूची अंटकी

**लखनऊ, 16 मार्च (एजेंसियां)।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश में कई जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी है। जिला अध्यक्षों के चयन के लिए प्रत्येक जिले में पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने गहरे मंथन के बाद जिला अध्यक्षों के नाम का ऐलान किया है। इसके बावजूद 26 जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा विवाद के कारण लंबित रखी गई है। सभी जिलाध्यक्षों की घोषणा होने के बाद ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। भाजपा ने करीब दो महीने की मशक्कत के बाद रविवार को 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के नवनियुक्त जिला और महानगर अध्यक्षों को बधाई दी है।

भाजपा की ओर से की गई घोषणा के मुताबिक, बुलंदशहर में विकास चौहान, इटावा में अन्नू गुप्ता, ग़ाज़ीपुर में ओमप्रकाश राय, ललितपुर में हरिश्चंद्र रावत, आगरा में प्रशांत पोनिया, मुरादाबाद में आकाश पाल, कासगंज में नीरज शर्मा, लखनऊ में विजय मौर्या, महाराजगंज में संजय पांडेय, उन्नाव में अनुराग, रायबरेली में बुद्धि लाल को जिला अध्यक्ष की कमान मिली है। गौतम बुद्ध नगर में अभिषेक शर्मा, सोनभद्र में नन्दलाल गुप्ता, गोरखपुर में जनार्दन तिवारी, आजमगढ़ में ध्रुव सिंह, लालगंज में विनोद राजभर, बस्ती में विवेकानंद मिश्रा, भदोही में दीपक मिश्रा, कानपुर दक्षिण में शिवराम सिंह, प्रतापगढ़ में आशीष श्रीवास्तव, रामपुर में हरीश गंगवार को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा मैनपुरी में ममता राजपूत, फर्रुखाबाद में फतेह चंद्र वर्मा, मथुरा में निर्भय पांडे, इटावा में अन्नू गुप्ता, ललितपुर में हरिश्चंद्र रावत, बहराइच में ब्रजेश पांडेय, सुल्तानपुर में सुशील त्रिपाठी, औरैया में सर्वेश कठेरिया, कासगंज में नीरज शर्मा, बलरामपुर में रवि मिश्रा, गोंडा में अमर किशोर कश्यप, श्रावस्ती में मिश्री लाल वर्मा, कानपुर देहात में रेणुका सचान और कानपुर ग्रामीण में उपेंद्र नाथ पासवान को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा की ओर से बताया गया है कि कन्नौज में वीर कुमार सिंह भदौरिया, संतकबीरनगर में नीतू सिंह, महाराजगंज में अशोक उर्फ संजय पांडेय, मऊ में रामाश्रय मौर्य, बलिया में संजय मिश्रा, प्रयागराज गंगापार में निर्मला पासवान, प्रयागराज यमुनापार में राजेश शुक्ला, प्रयागराज महानगर में संजय गुप्ता, मछलीशहर में अजय कुमार सिंह, महोबा में मोहनलाल कुशवाहा, चित्रकूट में महेंद्र कोटार्य को जिला अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी मिली है। जिन्हें महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है उनमें मथुरा में राजू यादव, आगरा में राजकुमार गुप्ता, मुरादाबाद में गिरीश भंडुला, गाजियाबाद में मयंक गोयल, नोएडा में महेश चौहान, लखनऊ में आनंद द्विवेदी, मेरठ में विवेक रस्तोगी, गोरखपुर में देवेश श्रीवास्तव और कानपुर महानगर उत्तर मे अनिल दीक्षित को कमान सौंपी गई है।

भाजपा संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पिछले साल में शुरू हुई थी। उस समय मंडल अध्यक्षों का चुनाव दिसंबर और जिलाध्यक्षों का चुनाव जनवरी के अंत तक कराने की समय सीमा तय की गई थी। लेकिन, मंडल अध्यक्षों का चुनाव ही जनवरी में संपन्न हो पाया। तमाम जिलों की सूची में शामिल नाम पर सवाल भी उठने लगे थे। साथ ही सूची पिछड़े, दलित और महिलाओं की भागीदारी की कमी रह गई थी। इस पर शीर्ष नेतृत्व ने आपत्ति जताई थी। ऐसे में प्रदेश स्तर पर संगठन मंत्री ने एक-एक सूची की गहनता से परीक्षण कर सभी विसंगितियों को दूर करके सूची तैयार कराई है। अब मार्च महीने की 16 तारीख को यह घोषणा हो पाई है।

भाजपा के 72 जिलाध्यक्षों की सूची में पांच महिलाओं को जिलों की कमान मिली है। मैनपुरी में पहली बार है जब भाजपा ने किसी महिला को जिले की कमान सौंपी है। भाजपा ने सपा के गढ़ वाले जिले में संगठन की मजबूती के लिए इस बार यह नया प्रयोग किया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने रविवार को 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जिसमें महिलाओं की महज सात फीसदी हिस्सेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची में ब्राम्हण, क्षत्रिय, ओबीसी और एससी के साथ सामंजस्य बैठाने की कोशिश की गई है। भाजपा ने किसी भी मुस्लिम को जिले की कमान नहीं दी है। इससे यह साफ है कि पार्टी अपने सिद्धांतों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

आपसी विवाद और राजनीतिक दबाव को देखते हुए दो दर्जन से अधिक जिलाध्यक्षों की सूची अभी जारी नहीं की गई है। भाजपा के संगठनात्मक नजरिए से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों के अध्यक्षों के नाम पर सहमति न बन पाने की वजह से इसे रविवार को जारी करने से रोक दिया गया है। इनमें अयोध्या, अंबेडकरनगर, सीतापुर, झांसी, मेरठ जिला समेत अन्य कई जिले शामिल हैं।






# श्रीलंका के थिसारा ने आखिरी ओवर में 36 रन बनाकर मचाई खलबली, विश्व क्रिकेट हैरत में

**उदयपुर,16 मार्च (एजेंसियां) ।**

किसी भी बल्लेबाज के लिए 6 गेंद पर 6 छक्का लगाना आसान नहीं है लेकिन मॉर्डन डे क्रिकेट में ऐसी घटना लागतार देखने को मिल ही जाती है। अब एक बार फिर विश्व क्रिकेट में एक बल्लेबाज ने 6 गेंद पर 6 छक्के लगाकर दुनिया को चौंका कर रख दिया है। विश्व क्रिकेट की बात करें तो युवराज सिंह, हर्षल गिब्स, कीरोन पोलार्ड, रवि शास्त्री के अलावा और भी कुछ बल्लेबाज रहे हैं जिन्होंने 6 गेंद पर 6 छक्के लगाने का कमाल किया है। वहीं, अब श्रीलंका के थिसारा परेरा ने एशियन लीजेंड्स लीग के एलिमिनेटर मैच में अफगानिस्तान पठान्स के खिलाफ मैच में तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की और केवल 36 गेंद पर 108 रन की पारी खेली। परेरा ने अपनी पारी के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने का भी कमाल लिया। बता दें कि परेरा ने 35 गेंद पर अपना शतक पूरा किया था।

श्रीलंका लायंस के कप्तान के तौर पर इस टूर्नामेंट में खेल रहे। परेरा ने श्रीलंका लायंक की पारी के 20वें ओवर में स्पिनर अयान खान के ओवर में 6 छक्के लगाकर फैन्स के बीच खलबली मचा दी। बता दें कि परेरा ने ऐसा कमाल पहली बार नहीं किया है बल्कि साल 2021 में मेजर क्लब टूर्नामेंट में ब्लूमफील्ड क्रिकेट और एथलेटिक क्लब के खिलाफ मैच में आर्मी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के लिए खेलते हुए एक ओवर में 6 छक्के लगाने का कमाल किया था। अब परेरा ने एक बार फिर इस कारनामें को दोहराकर यकीनन फैन्स को हैरान कर दिया है। इस मैच की बात करें तो परेरा के धमाके के कारण श्रीलंका लायंस की टीम 20 ओवर में 230/3 का स्कोर करने में सफल रही। परेरा ने 108 रन की पारी खेली जिसमें 13 छक्के और दो चौके लगाए। परेरा के अलावा मैच में मेवन फर्नांडो ने 81 रन की पारी खेली। बाद में अफगानिस्तान पठान्स की टीम 20 ओवर के बाद 204/4 रन ही बना सकी। श्रीलंका लायंस इस मैच को 26 रन से जीतने में सफल रही। परेरा को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

बता दें कि थिसारा परेरा ने श्रीलंका के लिए 6 टेस्ट मैच खेले और 203 रन बनाने में सफल रहे। वही वनडे में166 मैच खेलकर 2338 रन बनाने में सफलता हासिल करने में सफल रहे। वनडे में परेरा ने 10 अर्धशतक और 1 शतक लगाने में सफल रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत के खराडी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड मस्क ने साझा किया वीडियो



**सूरत।** भारत के विस्पी खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को सबसे ज्यादा समय तक पकड़ने का नया विश्व रिकार्ड बनाया है। खराडी ने 2 मिनट और 10.75 सेकंड तक विशाल पिलर को थामे रखकर सभी को हैरान कर दिया। इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ है। ये खंभे 123 इंच ऊंचे थे और इनका व्यास 20.5 इंच था। 166.7 किलोग्राम और 168.9 किलोग्राम वजन वाले इन खंभों को पकड़कर खराडी ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिये। उनकी इस उपलब्धि को टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने भी सोशल मीडिया में साझा किया है। खराडी ने इसके बाद सोशल मीडिया में खुशी जताते हुए लिखा कि मस्क ने उनके प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया है जिससे उन्हें बेहद खुशी हुई। इस वीडियो को मूल रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक अकाउंट से जारी किया गया था। खराडी ने सोशल मीडिया में लिखा, यह जानकर वाकई बहुत अच्छा लगा कि मस्क ने मेरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड वीडियो सोशल मीडिया में साझा किया है। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि एक भारतीय की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। खराडी के नाम कई ब्लैक बेल्ट और 13 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं। फिटनेस विशेषज्ञ होने के अलावा वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडो को युद्ध का प्रशिक्षण देते हैं। उनके पिछले कुछ रिकॉर्ड में एक मिनट में सबसे ज़्यादा ड्रिंक कैन को हाथ से मसलने का भी रिकार्ड है।

### बिधाननगर के साई कॉम्प्लेक्स में होगा 4 दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन



**कोलकाता।** अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन साल्ट लेक स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के एस्ट्रोटर्फ मैदान में किया जा रहा है। ये हॉकी टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होगा और गुरुवार यानी 20 मार्च को फाइनल होगा। पूल-ए और पूल-बी दोनों में छह टीमें भाग ले रही हैं। इनमें सेल, यूबीआई, नाल्को, एफसीआई, केनरा बैंक और सीआईएल शामिल हैं। आयोजक कोल इंडिया लिमिटेड ने बताया कि अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। पहला मैच सुबह 11:30 बजे और दूसरा दोपहर एक बजे होगा। सेमीफाइनल मैच सुबह 11 बजे और फाइनल मैच दोपहर 12 बजे खेला जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेल और नाल्को सोमवार को सुबह 9.30 बजे पूल ए में उद्घाटन मैच में आमने-सामने होंगे। पूल बी में दूसरा मैच एफसीआई-सीआईएल के बीच होगा।

### 20 साल बाद फिर 'आई लव यू' का प्लेकार्ड पकड़े पहुंची प्रशंसक को देखकर हैरान हुए जहीर खान




**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान के संन्यास लिए हुए काफी समय हो गया पर अभी भी उनके प्रशंसकों की तादाद काफी अधिक है। जहीर आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कोच बनाये गये है। इसी कारण वह लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कैंप पहुंचे थे। जहीर जब होटल पहुंचे तो प्रशंसकों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके कई प्रशंसक भी साथ में नजर आये। इन्हीं में एक ऐसी भी प्रशंसक थी जो आई लव यू लिखा हुआ एक प्लेकार्ड पकड़े हुए थी। जब जहीर को बताया गया कि ये वहीं लड़की थी जोकि 20 साल पहले भारत और पाकिस्तान टेस्ट के दौरान इसी तरह का प्लेकार्ड पकड़े हुए थी तो वह हैरत में पड़ गये। स्वागत वीडियो में, जहीर प्लेकार्ड को देखकर बेहद खुश नजर आये। जहीर को गौतम गंभीर की जगह पर सुपर जायंट्स के कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। वह युवा गेंदबाजी लाइनअप के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें उनकी कमियों को दूर करने की सलाह देंगे। जहीर ने कहा कि लखनऊ आईपीएल में अपेक्षाकृत नई फ्रेंचाइजी है पर इसकी नींव मजबूत है। उन्होंने साथ ही कहा कि इस टीम ने काफी प्रगति की है। प्लेऑफ में पहुंचने की निरंतरता से ये साबित होता है। इससे मेरा भी मनोबल टीम को लेकर बढ़ा हुआ है। अब मैं फ्रेंचाइजी की सफलता में योगदान देने तैयार हूं। इस सत्र में टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कर रहे हैं।

## महिला प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल

# मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 रन से हराकर जीता खिताब

**मुंबई,17 मार्च (एजेंसियां) ।**

मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 08 रनों से हराकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मैच में दर्शकों को कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में मुंबई की टीम ने बाजी मार ली।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शुरुआती झटकों के बाद हरमनप्रीत कौर और नेट साइवर ब्रंट की जोड़ी ने टीम को मुश्किल से उबारा। हरमनप्रीत ने 66 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि साइवर ब्रंट ने 30 रन बनाए। इस साझेदारी की बदौलत मुंबई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत भी खराब रही। हालांकि, मैरिजेन कैप (40 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (30 रन) ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मैच के अंतिम ओवरों में दिल्ली के बल्लेबाजों ने जीत के लिए संघर्ष जारी रखा, लेकिन मुंबई की सधी हुई गेंदबाजी के चलते लक्ष्य से 8 रन पीछे रह गई।

यह लगातार तीसरा मौका था जब दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंचकर ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही। 2023 में मुंबई इंडियंस, 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और अब 2025 में फिर से मुंबई इंडियंस ने दिल्ली का सपना तोड़ दिया।

मुंबई इंडियंस अब डब्ल्यूपीएल की पहली टीम बन गई है जिसने दो बार खिताब जीता है। इससे पहले, उन्होंने 2023 में पहला सीजन जीता था, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया था। इस बार भी उन्होंने दिल्ली को 8 रनों से हराकर अपनी बादशाहत कायम रखी।





### डब्ल्यूपीएल में जीत के साथ ही मुम्बई इंडियंस के नाम हुए सबसे अधिक खिताब

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताबी मुकाबले मे दिल्ली कैपटल्स को हराकर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। अब मुम्बई इंडियंस टी20 क्रिकेट की सबसे सफल टीम बन गयी है। पुरुष और महिला वर्ग को मिलाकर उसने अलग-अलग लीग में देखें तो अब तक कुल 12 खिताब जीते हैं। उसने साल 2008 में आईपीएल में जीत के साथ ही अपना अभियान शुरु किया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उसने 2013, 2015, 2017, 2019, 2020 के साथ ही कुल पांच खिताब जीते हैं। उसने साल 2019 और 2020 में लगातार खिताब जीते हैं। अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में भी मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता है। साल 2011 में हरभजन सिंह और 2013 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं महिला प्रीमियर लीग में उसेन 2023, 2025 में जीत के साथ ही दो खिताब अपने नाम किये हैं। मुंबई इंडियंस ने 2023 में शुरू हुई डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में खिताब जीता था। तब टीम को हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में जीत मिली थी। वहीं अमेरिका में शुरू हुई मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) में उसे 2023 में एक बार जीत मिली है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20) में टीम को साल 2024 में जीत मिली थी। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका में हुए एसए 2025 में मुंबई इंडियंस की सहयोगी टीम, एमआई केप टाउन ने खिताब जीता था।

# ओलंपिक के लिए संन्यास छोड़कर वापसी कर सकते हैं विराट कोहली

**नई दिल्ली,16 मार्च (एजेंसियां) ।**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि अगर भारतीय टीम ओलंपिक के फाइनल में पहुंचती है तो वह एक मैच के लिए संन्यास से निकलकर वापसी को तैयार हैं। विराट ने 2024 टी20 विश्वकप में जीत के बाद टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया था। अब जबकि 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किये जाने की संभावना है तो विराट के मन ओलंपिक खितबा जीतने की इच्छा जोर पकड़ने लगी है। वह जानते हैं कि ये अवसर निकल गया तो उनके पास ओलंपिक स्वर्ण जीतने का अवसर नहीं होगा। क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है और इसमें भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें स्वर्ण से कम कुछ नहीं चाहती हैं। विराट वैसे तो इस इवेंट का हिस्सा नहीं होंगे पर ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए मैच में वापसी कर सकते हैं।

विराट ने कहा, 'अगर भारत 2028 ओलंपिक के फाइनल में पहुंचता है, तो मैं उस एक मैच के लिए संन्यास से बाहर आने पर विचार कर सकता हूं क्योंकि ओलंपिक पदक जीतना सुखद अनुभव होगा।' वहीं नियमों के अनुसार विराट को टी20 20 क्रिकेट में वापसी का अधिकार है पर वह केवल एक मैच के लिए नहीं। ऐसे अगर वह खेलना चाहते हैं तो उन्हें सभी मैचों के लिए उपलब्ध रहना होगा। वह अभी भी टेस्ट और एकदिवसीय खेल रहे हैं और उनकी फिटनेस भी अच्छी है।

### खेल पर ध्यान देने सोशल मीडिया से दूरी बन रहे विराट

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह सोशल मीडिया से अब दूरी रखकर अपने खेल पर ही ध्यान देना चाहते हैं। विराट केलंबे समय से सोशल मीडिया पर सक्रिय नहीं होन से प्रशंसक कई तरह की अटकलें लगा रहे थे। उनका अंदाज था कि विराट बीसीसीआई से एक विवाद के चलते सोशल मीडिया पर अब कुछ पोस्ट नहीं करते। वहीं इसी को लेकर अब विराट ने कहा कि उनके पास सोशल मीडिया पर समय बिताने की ऊर्जा नहीं है। इसी कारण चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद भी उन्होंने कोई पोस्ट नहीं डाली थी। इसकी जगह, फाइनल के एक दिन बाद उनके हैंडल पर एक स्पॉन्सर्ड पोस्ट दिखाई दी। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट में कोहली ने सोशल मीडिया से अपनी अनुपस्थिति का कारण बताया। उन्होंने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बारे में पोस्ट करने से मेरे दिल की खुशी नहीं बढ़ेगी। सबको पता है कि हमने ट्रॉफी जीती है, इसलिए मेरे पोस्ट करने से हमें दो ट्रॉफी नहीं मिल जाएंगी। वास्तविकता वही रहेगी। मैं इसे ऐसे ही देखता हूं। लोग कमेंट्स में ओह, तुम कमाल हो कहें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कोहली ने आगे कहा कि बिना किसी लक्ष्य के तकनीक काफी विचलित करने वाली हो सकती है। उन्होंने अपने खेल करियर में ऐसा अनुभव किया है। पूर्व भारतीय कप्तान ने साथ ही कहा, सौभाग्य से, मैं ऐसे समय में पला-बढ़ा हूं जब आपके पास स्मार्टफोन नहीं होता था। इसलिए इसे किनारे रखना बहुत आसान है।

### न्यूजीलैंड ने पाक को पहले टी20 में 9 विकेट से हराया, 10 ओवर में ही हासिल किया लक्ष्य



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड दौरे में पाकिस्तान को पहले ही टी20 मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। मेजबान टीम ने इस मैच को केवल दस ओवर और एक गेंद में ही जीत लिया। इस प्रकार कीवी टीम को पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त मिल गयी है। इस मैच में टॉस जीतकर मेजबान टीम ने पाकिस्तान को केवल 91 रन रनों पर ही आउट कर दिया। पाक टीम मेजबान जेकब डफी और काइले जेमिसन की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी और उसे 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैच में पाक टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने 1 रन पर ही तीन विकेट खो दिये। मोहम्मद हारिस पहले ओवर जैमिसन का शिकार बने। इसके बाद डफी ने हसन नवाज को शून्य पर कैच करा दिया। इरफान खान को जैमिसन ने सिर्फ 1 रन बनाकर आउट कर दिया। टीम बड़ी मुश्किल से 18.4 ओवर में 91 रन बना पायी। खुशदिल शाह ने सबसे अधिक 32 रन बनाये। कप्तान सलमान आगा 18 जबकि जहानदाद खान ने 17 रन बनाए। इन तीन बल्लेबाज के अलावा कोई भी पाक बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया। डफी ने 14 रन लेकर 4 विकेट जबकि जेमिसन ने 4 ओवर में 8 रन देकर 3 विकेट लिए। ईश सोढी ने दो विकेट लिए।

# इस बार आईपीएल-2025 में बदले नजर आएंगे कई टीमों के कप्तान

**मुंबई,17 मार्च (एजेंसियां) ।**

### चेन्नई ने ऋतुराज तो लखनऊ ने ऋषभ पंत को सौंपी है कमान



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार कई टीमों ने कप्तान बदले हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स की कमान ऋतुराज गायकवाड़ के हाथ में सौंपी गई है। चेन्नई ने पिछले सीजन में ही ऋतुराज को कप्तानी सौंपी थी। जब सभी टीमों के कप्तान फोटो सेशन के लिए आए तब जाकर इसके बारे में पता चला था। वहीं लखनऊ सुपरजायंट्स ने इस सीजन में अपना कप्तान बदला है। लखनऊ ने ऋषभ पंत को टीम कप्तान बनाया है। पंत को एलएसजी की टीम ने 27 करोड़ रुपए की भारी-भरकम रकम चुकाकर अपने साथ किया है।

मुंबई इंडियंस ने पिछले साल ही रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान दिया था। हालांकि पिछले सीजन में हार्दिक की खूब आलोचना हुई थी। इसके बाद हार्दिक ने टी20 वर्ल्डकप और चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अच्छे खेल से प्रशंसकों का दिल जीता है। उन्हें इस सीजन में समर्थन की उम्मीद है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में काफी संघर्ष किया है। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को कमान सौंपी थी। इसके बाद कमिंस एसआरएच को फाइनल तक ले गए थे।

वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी नेतृत्व परिवर्तन किया है। पिछले साल केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन नहीं किया। अब इस साल उन्होंने अजिंक्या रहाणे को कप्तान बनाया है। उम्मीद है रहाणे के अनुभव का फायदा केकेआर को मिलेगा।

पिछले साल जब हार्दिक पांड्या गुजरात का साथ छोड़कर गए थे तो टीम ने उनकी जगह गिल को कप्तान बनाया था। हालांकि गिल के लिए बतौर कप्तान पहला सीजन यादगार नहीं रहा, लेकिन इस साल टीम इंडिया में अच्छे प्रदर्शन के बाद वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए इसे दोहराना चाहेंगे। पंजाब किंग्स ने भी अपना कप्तान बदल दिया है। अभी तक टीम की कप्तानी शिखर धवन कर रहे थे। इस साल पंजाब ने श्रेयस को कप्तानी सौंप दी है।

दिल्ली कैपिटल्स का इस सीजन में कप्तान कौन होगा, इसको लेकर काफी ऊहापोह की स्थिति थी। वजह, उनके खेमे में लखनऊ के कप्तान रहे केएल राहुल भी थे और आरसीबी की कमान संभालने वाले फाफ डू प्लेसिस भी, लेकिन दिल्ली की बागडोर अक्षर पटेल को मिली है। संजू सैमसन लंबे अरसे से राजस्थान रॉयल्स के कप्तान हैं। उनकी कप्तानी में टीम का अच्छा प्रदर्शन रहा है। अब उन्हें कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का साथ मिला है। हालांकि टीम से बटलर, चहल और ट्रेंट बोल्ट के जाने की कमी खलेगी, लेकिन सैमसन चाहेंगे कि इस बार वह अपनी टीम से बेस्ट निकालकर दें। फाफ डु प्लेसिस के जाने के बाद आरसीबी के फैन्स चाहते थे कि कप्तानी एक बार फिर विराट कोहली को सौंप दी जाए, लेकिन आरसीबी टीम मैनेजमेंट ने युवा खून के साथ जाने का फैसला किया। ऐसे में रजत पाटीदार को नया कप्तान बनाया है।

# सचिन ने 16 मार्च के दिन बनाया था शतकों का महारिकॉर्ड, जिसे तोड़ पाना मुश्किल है

**नई दिल्ली,17 मार्च (एजेंसियां) ।**

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट में विश्व के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर में अनेक रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। उनके कई रिकॉर्ड ऐसे हैं, जिन्हें अब तक कोई नहीं तोड़ सका है। उन्हीं में से एक रिकॉर्ड ऐसा है, जिसे शायद ही कोई बल्लेबाज तोड़ पाए। हम बात कर रहे हैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सौ शतकों के रिकॉर्ड की। महान बल्लेबाज ने यह उपलब्धि आज ही के दिन साल 2012 में हासिल की थी। आज उनके इस रिकॉर्ड को 13 साल हो गए हैं और उनका यह महा रिकॉर्ड अभी भी कायम है।

बांग्लादेश के खिलाफ हासिल की थी उपलब्धि मास्टर ब्लास्टर के नाम से मशहूर सचिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक पूरे करने की यह उपलब्धि बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान हासिल की थी। यह मैच 16 मार्च, 2012 को मीरपुर में खेला गया था। इस मैच में सचिन ने 147 गेंदों पर 114 रन बनाए थे। इससे मैच में भारतीय टीम पांच विकेट पर 289 रन बनाने में सफल रही थी। हालांकि, भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था।

बीसीसीआई ने किया यादभारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सचिन की इस उपलब्धि को याद किया। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, शतकों का शतक! इस दिन 2012 में महान सचिन ने अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया था। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे एकमात्र क्रिकेटर हैं।




कोहली कर रहे पीछासचिन विश्व के एकमात्र बल्लेबाज हैं जिनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में टेस्ट में 51 और वनडे में 49 शतक लगाए हैं। सचिन के बाद मौजूदा भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। कोहली अब तक अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 82 शतक लगा चुके हैं, लेकिन अभी भी वह सचिन से काफी पीछे हैं। हालांकि, विराट वनडे में शतक लगाने के मामले में सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं। कोहली वनडे में 51 शतक लगा चुके हैं, जबकि सचिन के वनडे में 49 शतक हैं, लेकिन ओवरऑल कोहली अभी सचिन से बहुत पीछे हैं। कोहली के वनडे में 51, टेस्ट में 30 और टी20 में एक शतक है। कोहली टी20 अंतरराष्ट्रीय से रिटायरमेंट ले चुके हैं। वनडे और टेस्ट फार्मेट में खेल रहे हैं। फिलहाल कोहली इस समय 36 साल के हैं। अगर वह आने वाले सालों में भारतीय टीम के लिए लंबा खेलते हैं तो उनके पास यह रिकॉर्ड तोड़ना का मौका है।

नवंबर 2013 में लिया था संन्यासमहान बल्लेबाज सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चुका है। सचिन ने 16 नवंबर 2013 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 463 वनडे मैच खेले और 18426 रन बनाए थे। वनडे में उन्होंने 49 शतक और 96 अर्धशतक लगाए। इसके अलावा 200 टेस्ट मैच खेलते हुए सचिन ने 15921 रन बनाए। टेस्ट में अनके बल्ले से 51 शतक और 68 अर्धशतक निकले। सचिन ने एक मात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला, जिसमें उन्होंने 10 रन बनाए।



# एनसीआर में बिछेगी एक और मेट्रो लाइन, टेंडर जारी

## 15.2 किलोमीटर लंबे वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशनों का किया जाएगा निर्माण

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।** गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) ने गुरुग्राम को एक और मेट्रो लाइन की खुशखबरी दी है। इस परियोजना के तहत हुडा सिटी सेंटर से सेक्टर 9 तक 15.2 किलोमीटर लंबे वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1,286 करोड़ रुपए है और टेंडर की बोलियां 22 अप्रैल को खोली जाएंगी। अगर सब कुछ समय पर हुआ तो नई मेट्रो लाइन का पहला चरण 2027 तक तैयार हो जाएगा।


### चयनित ठेकेदार को दी जाएगी जिम्मेदारी

गुरुग्राम में एक और महत्वपूर्ण व्यवसायिक संपत्ति का निर्माण शुरू हो रहा है, जो गुरुग्राम को महत्वपूर्ण शहरों से जोड़ेगा और सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस परियोजना के माध्यम से हुडा सिटी सेंटर से सेक्टर 45, सेक्टर 46 (साइबर पार्क), सेक्टर 47, सुभाष चौक, सेक्टर 48, सेक्टर 33, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार 6, सेक्टर 10, सेक्टर 37, बसई और सेक्टर 9 तक स्टेशनों का निर्माण होगा। चयनित ठेकेदार को वायडक्ट संरेखण का सर्वेक्षण करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे परियोजना का सफल निर्माण सुनिश्चित होगा। इस परियोजना के अनुसार, गुरुग्राम में बनने वाली पूरी मेट्रो परियोजना 28.5 किमी लंबी होगी और इसमें बसई गांव से द्वारका एक्सप्रेसवे तक 1.85 किमी का हिस्सा भी शामिल होगा। हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 26.65 किमी लंबा मुख्य कॉरिडोर एलिवेटेड होगा, जिसमें कुल 27 स्टेशन होंगे।

दिल्ली मेट्रो की यलो लाइन के साथ एक डिपो इंटरचेंज भी बनाया जाएगा, जो गुरुग्राम और दिल्ली के महत्वपूर्ण हिस्सों के बीच सीधी कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। इस मेट्रो लाइन के निर्माण से गुरुग्राम की जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शहर का विकास गति से आगे बढ़ेगा। यह परियोजना शहर के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा और गुरुग्राम को एक मॉडर्न और उन्नत नगर बनाने में मदद करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र की क्षमता बढ़ाकर 90 लाख टन करेगी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 30,000 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) की क्षमता को दोगुना से अधिक बढ़ाकर लगभग 90 लाख टन सालाना करने की योजना बनाई है। इस कदम से आर्थिक सेक्टरों में आपूर्ति में वृद्धि की उम्मीद है। आरएसपी के प्रभारी-निदेशक ने बताया कि इस विस्तार के बाद आरएसपी सेल के 2030 तक 3.5 करोड़ टन सालाना का उत्पादन करने का लक्ष्य रखती है। यह विस्तार 1,200 एकड़ क्षेत्र में होगा और इसमें लगभग 30,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। राउरकेला इस्पात संयंत्र, जो ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लगभग 320 किलोमीटर दूर है, भारत में पहला सार्वजनिक क्षेत्र का इस्पात संयंत्र है और इसका गौरवपूर्ण इतिहास है। इसे 1950 के दशक में जर्मनी के सहयोग से शुरू किया गया था। आरएसपी ने ब्लास्ट फर्नेस, स्टील मेल्टिंग शॉप, विभिन्न उत्पादन संयंत्र और लॉजिस्टिक्स को शामिल कर रही है। इस नई विस्तार प्रोजेक्ट के तहत, विस्तारित क्षेत्र में उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

### रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2022-24 में 18,112 करोड़ की जमीन खरीदी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2022-24 के दौरान 5,885 एकड़ जमीन 90,000 करोड़ रुपये में खरीदी है जिससे आवास और कमर्शियल संपत्तियों की मांग को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट विकसित किए जा सकें। जेएलएल इंडिया के अनुसार इसमें पहले एकड़ जमीन 1,603 एकड़ में 18,112 करोड़ रुपये में खरीदी गई, 2023 में 1,947 एकड़ में 32,203 करोड़ रुपये में और 2024 में 2,335 एकड़ में 39,742 करोड़ रुपये में। इस डेटा के मुताबिक, रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2022 में 1,603 एकड़ जमीन 18,112 करोड़ रुपये में, 2023 में 1,947 एकड़ जमीन 32,203 करोड़ रुपये में खरीदी। 2024 के दौरान, डेवलपर्स द्वारा जमीन खरीद 2,335 एकड़ तक पहुंच गई, जिसकी कीमत 39,742 करोड़ रुपये थी। 2022-24 के दौरान, रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 5,885 एकड़ जमीन 90,057 करोड़ रुपये में खरीदी। इस डेटा में केवल रियल एस्टेट डेवलपर्स द्वारा सीधे खरीद को किया गया है। डेवलपर्स और जमीन मालिकों के बीच हुए जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट को विश्लेषण में शामिल नहीं किया गया है। बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन और पुणे जैसे टियर ढ्ढ शहरों में कंपनी ने अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी और जमीन खरीद का 72 प्रतिशत हिस्सा इनका रहा। टियर 2 और 3 शहरों ने 28 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया, जो 662 एकड़ जमीन के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में 2,335 एकड़ जमीन की खरीद से 194 मिलियन (1,940 लाख) वर्ग फीट रियल एस्टेट का डेवलपमेंट पोटेंशियल पैदा होगा। इसकी कुल कीमत जिसकी कीमत 39,742 करोड़ रुपये थी।

### ओयो होटल्स ने घोषित किया मुफ्त ठहरने का बड़ा ऑफर




**नई दिल्ली।** देशभर में ओयो होटल्स के ठहरने वाले ग्राहकों के लिए बड़ी खबर है। ओयो कंपनी ने घोषित किया है कि लोग अब पांच दिनों तक मुफ्त ठहर सकते हैं। इस ऑफर के तहत, देशभर में 1000 होटलों में यह सुविधा उपलब्ध है। इस ऑफर की शुरुआत होली के मौके पर की गई है, जो भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के उत्सव के बाद है। ओयो के फाउंडर ने एक्स पर एक पोस्ट करके बताया कि इस ऑफर का मुख्य उद्देश्य यात्रा करने और प्रियजनों के साथ समय बिताने की प्रोत्साहन है। इस खास मौके पर ऑफर का नवाजा जाएगा, इसमें प्रीमियम से बजट और टाउनहाउस कमरे शामिल हैं। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को ओयो की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग करनी होगी और चैंपियन कूपन कोड का उपयोग करना होगा। यह ऑफर केवल पहले 2000 बुकिंग्स तक ही सीमित है, इसलिए जल्दी ही बुक करें और इस होली को और भी यादगार बनाएं।

## शेयर मार्केट : साप्ताहिक समीक्षा

# उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।** सोमवार से गुरुवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार वैश्विक दबाव की वजह से साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि इस सप्ताह के दौरान इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन और रिटेल इन्फ्लेशन के आंकड़ों की मजबूती के कारण बाजार को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के कारण घरेलू शेयर बाजार में ओवरऑल कमजोरी आ गई। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स 503.67 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिर कर 73,898.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 155.30 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,397.20 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

सोमवार से गुरुवार के बीच हुए कारोबार के दौरान बीएसई के लार्जकैप इंडेक्स में 0.80 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल कंपनी में से जोमैटो, विप्रो, इन्फो एज इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, मैक्रोटेक डेवलपर्स, एलटी माइंडट्री और इंफोसिस के शेयर बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। दूसरी ओर सन फार्मास्यूटिकल, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एवेन्यू सुपरमार्ट्स, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयरों में तेजी का रुख बना रहा।

बीएसई का मिडकैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में रिलैक्सो फुटवियर्स, एलटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, द रैम्को सीमेंट्स, केपीआईटी टेक्नोलॉजीज, एस्ट्रल और इंडियन बैंक शामिल हैं। दूसरी ओर, ट्यूब इन्वेस्टमेंट ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, टाटा कम्युनिकेशंस और सोलर इंडस्ट्रीज (इंडिया) के शेयरों में साप्ताहिक आधार पर बढ़त दर्ज की गई।

पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान बीएसई का स्मॉल कैप इंडेक्स सबसे अधिक 5 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। इस इंडेक्स में शामिल केआर रेल इंजीनियरिंग, कॉफी डे एंटरप्राइजेज, ऑर्किड फार्मा, वेरंडा लर्निंग सॉल्यूशंस, जय कॉर्प, जेनसोल इंजीनियरिंग, ईकेआई एनर्जी सर्विसेज, त्रिवेणी टरबाइन, मैक्स एस्टेट्स, सुयोग टेलीमैटिक्स, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज, जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज, सेनको गोल्ड और साधना नाइट्रोकेम के शेयरों में 15 से 42 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनएसीएल इंडस्टरीज, ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स, शारदा एनर्जी एंड मिनिरल्स, इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस, महानगर टेलीफोन निगम, कैरीसिल, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, एसईपीसी, पीसी ज्वैलर, एएवीएएस फाइनेंसर्स और ट्रांस इंडिया रियल एस्टेट के शेयरों में 10 से 31 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।

पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी का आईटी इंडेक्स 4.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी का मीडिया इंडेक्स 3.4 प्रतिशत टूट गया। वहीं, निफ्टी के पीएसयू बैंक इंडेक्स में पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी का ऑटोमोबाइल और रियल्टी इंडेक्स दो-दो प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।




### देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 653.96 अरब डॉलर

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान 15.26 अरब डॉलर बढ़कर 653.96 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह यह 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया था। रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 13.99 अरब डॉलर बढ़कर 557.28 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.05 अरब डॉलर घटकर 74.32 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.2 करोड डॉलर बढ़कर 18.21 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 6.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.14 अरब डॉलर रहा।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत



**आधार पर सोने में 1,800 से 1,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी**

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।** अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी को लेकर बनी अनिश्चितता, ट्रेड वॉर की आशंका और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना के कारण सेफ एसेट के रूप में वैश्विक स्तर पर पिछले सप्ताह के दौरान सोने की मांग में तेजी बनी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहली बार शुक्रवार को सोना 3 हजार डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गया। घरेलू सर्राफा बाजार में भी पिछले सप्ताह के दौरान सोने के भाव में ओवरऑल तेजी बनी रही। इस एक सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने के भाव में 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है।

दूसरी ओर, घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये से लेकर 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये से लेकर 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# टाटा कम्युनिकेशंस ने एन गणपति सुब्रमण्यम को निदेशक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया

**मुंबई, 16 मार्च (एजेंसियां)।** टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड ने एन गणपति सुब्रमण्यम को टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी।सुब्रमण्यम 2 दिसंबर, 2021 को टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में शामिल हुए थे।वे 40 से अधिक वर्षों से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) और भारतीय आईटी इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं।उन्होंने मई 2024 में टीसीएस के मुख्य परिचालन अधिकारी और कार्यकारी निदेशक के पद से इस्तीफा दिया।टाटा कम्युनिकेशंस ने घोषणा की कि कंपनी के निदेशक मंडल ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के आधार पर, 14 मार्च, 2025 से कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में एन. गणपति सुब्रमण्यम को गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है।कंपनी ने एक बयान में कहा, उन्होंने बैंकिंग, टेलीकॉम और पब्लिक सर्विस में वैश्विक स्तर पर टीसीएस द्वारा शुरू की गई कई ऐतिहासिक पहलों में रणनीतिक भूमिका निभाई है।कंपनी के बयान के अनुसार, उन्हें टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन और चेंज मैनेजमेंट को लेकर गहरी समझ और ज्ञान है।वर्तमान में, एन. गणपति सुब्रमण्यम टाटा एलेक्सी लिमिटेड में बोर्ड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक, तेजस नेटवर्क लिमिटेड में बोर्ड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक, भारत 6 जी एलायंस की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के पद भी संभाल रहे हैं।इसके अलावा, वे 'श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजीऴ में इंस्टीट्यूट बॉडी के सदस्य हैं और 'द सोसाइटी फॉर द रिहैबिलिटेशन ऑफ क्रिपल्ड चिल्ड्रन, मुंबईऴ में कार्यकारी समिति के अध्यक्ष हैं।टाटा कम्युनिकेशंस ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 236 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 424 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाता है।

# सरसों-सोयाबीन के दाम गिरे, मूंगफली-पाम तेल के भाव उछले

**सरसों दाने का थोक भाव 150 रुपये गिरकर 6,110-6,210 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद**

**नई दिल्ली, 16 मार्च (एजेंसियां)।** पिछले सप्ताह सरसों की खाली पाइपलाइन ने तेल पेराई मिलों को हाजिर बाजार में दाम तोड़ने पर मजबूर कर दिया। सरसों तेल और सोयाबीन सीड (तिलहन) के दाम गिर गए जबकि मूंगफली और पाम तेल के दाम बढ़ गए। बिनौला तेल भी अपने दाम में सुधार दर्ज करते हुए नजर आया। इसके अलावा बैंकों में अपने ऋण साख-पत्र चलाने के लिए आयातकों ने सोयाबीन तेल को कम दाम पर बेचना शुरू कर दिया है। किसानों के पास अब मूंगफली का अधिक स्टॉक नहीं है, जिससे दाम में बढ़ोतरी देखने को मिली। इसी बीच, कपास की फसल भी बाजार में कप चुकी है और किसान अब उसके ऊंचे भाव मिलने का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही विदेशों में सीपीओ के दाम में सुधार आया है जिसके कारण सीपीओ और पामोलीन कीमतें में सुधार दर्ज हुआ। हालांकि, यह सुधार आयातकों को कुछ नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा, बिनौला सीड के दाम में वृद्धि की वजह से उत्तर भारत की तेल मिलें महाराष्ट्र से खरीदना पड़ रहा है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 6,110-6,210 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 325 रुपये की गिरावट के साथ 13,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,350-2,450 रुपये और 2,350-2,475 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव भी क्रमशः 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,150-4,200 रुपये और 3,850-3,900 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 275 रुपये, 275 रुपये और 300 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 13,925 रुपये, 13,575 रुपये और 9,825 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। दूसरी ओर समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये के सुधार के साथ 5,700-6,025 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 50 रुपये और 15 रुपये के सुधार के साथ 14,450 रुपये और 2,240-2,540 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 13,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 25 रुपये की तेजी के साथ 14,825 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 25 रुपये सुधार के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। तेजी के आम रुख के अनुरूप सबसे सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 13,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मेरी ताकत...

हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है... आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक संगठन की शुरुआत की। उनके देश भर में करीब 25 हजार स्कूल चलते हैं, एक समय में 30 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते हैं... वामपंथियों द्वारा प्रचारित श्रमिक आंदोलन दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ! का नारा लगाते हैं, जबकि आरएसएस का श्रमिक संगठन मजदूरों, दुनिया को एक करो! का नारा लगाता है।

### नंगा करूंगा...

इसके बाद 12 मार्च को पुलिस ने पल्स न्यूज नाम से यूट्यूब चैनल चलाने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का कहना है कि दोनों महिलाओं ने बीआरएस ऑफिस में वीडियो शूट किया था। जिस वीडियो को लेकर सीएम रेड्डी पत्रकारों को धमकी दे रहे हैं, उस वीडियो में एक किसान ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ टिप्पणियाँ की थीं। अब चूँकि इस इंटरव्यू को ङ्गपल्स न्यूजफ द्वारा रिकॉर्ड किया गया था, इसीलिए माना गया कि ये सब पल्स न्यूज ने मुख्यमंत्री की छवि को खराब करने के उद्देश्य से किया है। इसके बाद कॉन्ग्रेस के सोशल मीडिया सेल के प्रदेश सचिव ने इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई।

### सरकारों के पैनल..

सोराबजी की शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था।उन्होंने ने उन महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला जिन्होंने पेशेवर बाधाओं को पार किया है। उन्होंने सोराबजी की उपलब्धियों, विशेषकर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से सिविल लॉ में स्नातक की डिग्री पूरी करने की चर्चा की, जिससे वह ऐसा करने वाली पहली महिला बन गईं। सोराबजी कानून की प्रैक्टिस करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं और उन्होंने कमजोर महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए अपनी कानूनी विशेषज्ञता का उपयोग किया।

### गडकरी के...

वह हमेशा अपनी अलग सोच के लिए जाने जाते हैं, इसलिए वह सरकार और पार्टी लाइन से हटकर बयान देते हैं। जहां तक मुस्लिम समाज में शिक्षा की आवश्यकता का सवाल है तो सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में भी बताया गया है कि वे बहुत ही पिछड़े हुए हैं और नौकरी से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में काफी कमजोर भी हैं। अगर हमें पूरे देश को मजबूत बनाना है तो मुस्लिम समाज को मुख्य धारा में लाना होगा।

### उत्तरी मैसेडोनिया ...

उन्होंने आगे कहा, दुख के इस समय में, हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं और मृतकों के परिवारों को इस अकल्पनीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान किए जाने की प्रार्थना करता हूं। आम लोग और सरकार उनके दर्द को कम करने और इन कठिन क्षणों में उनकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।पीएम ने हर संभव सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा, मैं सभी सक्षम संस्थानों - स्वास्थ्य सेवाओं, पुलिस, स्थानीय अधिकारियों - से घायलों की मदद के लिए तत्काल उपाय करने और प्रभावित परिवारों की सहायता करने का आह्वान करता हूं। सरकार पूरी तरह से सक्रिय है और परिणामों से निपटने और इस त्रासदी के कारणों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।पीएम ने लोगों से इस दुख की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की अपील करते हुए कहा, गहरे दुख के इस समय में, जब हमारे दिल इस भयानक त्रासदी के दर्द से टूट गए हैं, मैं एकजुटता, मानवता और जिम्मेदारी का आह्वान करता हूं। ईश्वर पीड़ितों और घायलों के परिवारों और मैसेडोनिया के लोगों के साथ रहें!

### चारधाम यात्रा ...

उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, बीजेपी उनके बयान का समर्थन करती है क्योंकि यह हिंदू धर्म की भावनाओं से जुड़ा है। सनातन धर्म में ये चार तीर्थस्थल महत्वपूर्ण हैं और हर साल लाखों की संख्या में लोग यहां तीर्थयात्रा करते हैं। चौहान ने कहा कि क्षेत्र के व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि केदारनाथ में शराब और मांस बेचा जाता है। उन्होंने कहा, ङ्गपिछले कुछ सालों में मुसलमानों द्वारा उपद्रव मचाने और क्षेत्र में मांस बेचने की खबरें आई हैं। केदारनाथ के व्यापारियों ने इसे मुद्दा बनाया है। इस पवित्र धाम में इस तरह का कारोबार करना गलत है। अन्य व्यवसायों की आड़ में शराब की दुकानें भी हैं।उत्तराखंड की आबकारी नीति के मुताबिक धार्मिक स्थलों के पास में शराब पूरी तरह से बैन है। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष करण महारा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विधायक राजनीतिक फायदे के लिए इस तरह की बातें कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी के धर्म के आधार पर गलत और सही का फैसला नहीं किया जा सकता। उन्होंने संविधान के तहत शपथ ली है और भारत एक ऐसा देश है जो कानून के सामने अपने सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करता है। आपने कई आरोप लगाए हैं और आप विधायक हैं, इसलिए लोगों को ऐसे मामलों में शामिल होने से रोकने की कोशिश करें। सिर्फ अल्पसंख्यकों को ही क्यों निशाना बनाया जाए? हर नागरिक को एक नागरिक के तौर पर देखा जाना चाहिए।2023 में केदारनाथ मंदिर के एक वरिष्ठ पुजारी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह के अंदर का सोना पीतल में बदल गया है। उन्होंने दावा किया कि यह 125 करोड़ रुपये का घोटाला था। 2022 में, मंदिर के अंदर की दीवारों पर चांदी की परत को मुंबई के एक कारोबारी द्वारा दान किए गए सोने से बदल दिया गया। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि मंदिर से गायब हुआ 233 किलो का सामान कहां है? इसकी कोई जांच नहीं हुई है। आशा नौटियाल ने इतने गंभीर मुद्दे पर अब तक क्यों नहीं बोला?

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी ने किया अग्रसेन बैंक की सातवीं शाखा का उद्घाटन



**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रसेन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड की सातवीं शाखा रोड नं.12, बंजारा हिल्स में स्थापित की गई। रविवार, दि. 16 मार्च, 2025 को शाखा का उद्घाटन मल्लू भट्टी विक्रमार्क उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश शर्मा - सदस्य एवं अध्यक्ष के ओएसडी-एनबीईएमएस, मुन्नालाल अग्रवाल - अध्यक्ष, अग्रवाल समाज, बंजारा हिल्स रोड नंबर 12, श्रीमती भगवती बलदवा - सीएमडी, कार्तिकेय ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज; निदेशक, एफटीसीसीआई एवं

पी. श्रीनाथ - अध्यक्ष, द एडवोकेट म्यूचुअली एडेड को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।अवसर पर चेयरमैन प्रमोद कुमार केड़िया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बंजारा हिल्स में लांच अग्रसेन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड की यह सातवीं शाखा बैंक द्वारा हैदराबाद में अपनी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। जन-समुदाय को उल्लेखनीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए इसकी और एक शाखा कूकटपल्ली में शीघ्र लांच की जाएँगी। इसके पूर्व 2 मार्च को अत्तापुर में बैंक की पाँचवीं शाखा आरंभ की गयी और 6 मार्च को हिमायतनगर में बैंक की छठी शाखा आरंभ की गई। उन्होंने कहा कि यह सतत विस्तार बैंक की निरंतर सफलता को दर्शाता है, जो शेयरधारकों, ग्राहकों और शुभचिंतकों के समर्थन से संभव हुआ।

अवसर पर बैंक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीए नवीन कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, बीओएम चेयरमैन नारायण दत्त, निदेशक नरसिंग दास, महेश कुमार अग्रवाल, अपूर्वा अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, बजरंग प्रसाद गुप्ता, गोपालचंद अग्रवाल, अनुज केड़िया, सीए पंकज कुमार अग्रवाल, जनरल मैनेजर - सीईओ सी. वी. राव, डिप्टी जनरल मैनेजर आनंद अग्रवाल, शाखा प्रमुख व अग्रसेन बैंक के स्टाफ कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं गणमान्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बैंक के उत्तरोत्तर विकास के लिए बैंक की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।







हिंदू उत्सव समिति भाग्यनगर का 11 रविवार तक जारी रहने वाला राहगीरों में मसाला ठंडी छाँछ वितरण सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार, दि. 16 मार्च, को दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक चला। इस अवसर पर उपस्थित एवं सहयोगियों सेवादारों का किरण तायल ने आभार प्रकट किया।

## हिंदू 2 हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग के तत्वावधान में

# मेगा होली इवेंट गुलाल का भव्य आयोजन




कार्यक्रम में एच2एच के संस्थापक गीतेश काटे, गोपाल बल्दवा, ममता त्रिवेदी, आशीष शर्मा, रागिनी रवि किरण, महेश कुमार, डॉ. पूनम नोमुलवार, अभय अग्रवाल, कमल सोनी, दत्तात्रेय बेन्ने, सुदेश पाटिल, श्रीनिवास सोमन, शशि हरि, अजय सिंह, एमसी कोमल शर्मा एवं सैकड़ों की संख्या में सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिंदू 2 हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग ने 14 मार्च को होली के अवसर पर 7 हिल्स फार्म हाउस, मोइनाबाद, हैदराबाद में मेगा होली इवेंट गुलाल का भव्य आयोजन किया।

पावन रंगों के त्यौहार में हिंदू 2 हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग के सदस्यों और सहायक संगठनों जैसे-लव फॉर काउ और मिसेस इंडिया तेलंगाना ने संयुक्त रूप से धूमधाम एवं हुड़दंग के साथ होली पर्व मनाया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति और होली महोत्सव के संक्षिप्त इतिहास को दर्शाते हुए वॉक फॉर कॉज का प्रदर्शन भी किया, जिसे क्वीन्स द्वारा खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप मेंउद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल बल्दवा, लव फॉर काउ के अध्यक्ष जसमत भाई पटेल तथा क्षेत्रीय निदेशिका मिसेस इंडिया तेलंगाना ममता त्रिवेदी उपस्थित थे। गोपाल जी अग्रवाल (सर्वेसर्वा सिद्दिविनायक पब्लिकेशन्स एवं प्रधान संपादक दैनिक समाचार पत्र शुभ लाभ) ने मीडिया पार्टनर बनकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यक्रम आवश्यक सहयोग दिया। उक्त कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व आशीष शर्मा ने किया।

कार्यक्रम के दूरदर्शी एच2एच के संस्थापक गीतेश काटे ने अपनी टीम रागिनी रवि किरण, महेश कुमार, डॉ. पूनम नोमुलवार, अभय अग्रवाल, कमल सोनी, दत्तात्रेय बेन्ने, सुदेश पाटिल श्रीनिवास सोमन, शशि हरि, अजय सिंह के साथ मिलकर कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाया। कार्यक्रम की एमसी कोमल जी शर्मा थीं। जिन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कार्यक्रम को चार चाँद लगाए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी हिंदुओं को एक छत के नीचे लाना था जिसके लिए गुलाल मंच सबसे अच्छा अवसर था, ऐसा एच2एच संस्थापक गीतेश काटे ने कहा।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत रविवार को श्री भगतराम गोयल-श्रीमती मीणा सांघी के जन्मदिन पर श्री गोयल परिवार (विजय ज्वैलर्स) द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर -सतीश गुप्ता,रामप्रकाश अग्रवाल,सुनीता अग्रवाल,जगत नारायण अग्रवाल,महेश अग्रवाल,प्रीतिका अग्रवाल,ई. जगन (चंपापेट),रोहित अग्रवाल,मायारामजी अग्रवाल,संजय गोयल,किरण गोयल,संजय अग्रवाल,सविता अग्रवाल,नंदगोपाल भटेड़,नंदकिशोर अग्रवाल,भगतराम गोयल,रश्मित गोयल,दिशेन गोयल,गोपाल गोयल,कैलाश चंद केडिया,निर्मला केडिया,गोविंद केडिया,निधि केडिया,इशिता केडिया,अमर गोयल,शेजल गोयल, कीर्ति गोयल, श्रद्धा अग्रवाल,विकास सांघी मीना सांघी एवं राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# तेलंगाना एसएलबीसी सुरंग में फंसे श्रमिकों की तलाश में तेजी आई




**नगरकुरनूल, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंशिक रूप से ध्वस्त श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) में 22 फरवरी से फंसे सात लोगों का पता लगाने के लिए जारी तलाशी अभियान ने रविवार को गति पकड़ ली और टीमें तथा उपकरण सुरंग के अंदर पहुंच गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मिट्टी हटाने के लिए एक स्वायत्त हाइड्रोलिक-संचालित रोबोट का उपयोग किया जा रहा है, साथ ही 30 एचपी क्षमता वाले लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और एक वैक्यूम टैंक मशीन जैसे उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है, जो सुरंग के अंदर मिट्टी और अन्य मलबे को शीघ्र हटाने में मदद करते हैं, जिससे खोज अभियान में तेजी आती है।उन्होंने बताया कि कन्वेयर बेल्ट का उपयोग करके प्रति घंटे सुरंग से लगभग 620 घन मीटर मिट्टी और मलबा हटाया जा सकता है।सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, मानव अवशेष खोजी कुत्ते (एचआरडीडी), सरकारी खनन कम्पनी सिंगरेनी कोलियरीज, हैदराबाद स्थित रोबोटिक्स कम्पनी तथा अन्य एजेंसियां इस मिशन में सक्रिय रूप से शामिल रही हैं।तलाशी अभियान चौबीसों घंटे जारी है, जिसमें पानी निकालने का प्रयास भी शामिल है।टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ऑपरेटर के रूप में काम करने वाले गुरप्रीत सिंह का शव 9 मार्च को बरामद किया गया और पंजाब में उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया।गुरप्रीत सिंह के अलावा, अभी भी फंसे हुए सात अन्य लोगों में मनोज कुमार (उत्तर प्रदेश), सनी सिंह (जम्मू और कश्मीर), गुरप्रीत सिंह (पंजाब), और संदीप साहू, जेगता जेस और अनुज साहू (सभी झारखंड के) शामिल हैं।एसएलबीसी परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह जाने के बाद आठ लोग - जिनमें इंजीनियर और मजदूर शामिल थे - उसमें फंस गए थे।

# अग्रवाल समाज शाहअलीबंडा शाखा का होली के रंग कवियों के संग कवि सम्मेलन सम्पन्न

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज, शाहअलीबंडा शाखा के तत्वावधान में नगरद्वय के कवियों की 44 वर्षों से सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चाँदनी हैदराबाद के सहयोग से श्री साइंर् मंदिर, बीडीपी स्कूल के पास, लाल दरवाज़ा क्रॉस रोड के आगे, शाह-अली-बंडा, हैदराबाद में पूर्णिमा की रात होली के रंग, कवियों के संग कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य, गीत व ग़ज़ल के रचनाकारों ने भाग लिया। गीत चाँदनी के अध्यक्ष व गीतकार श्री चंपालाल बैद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और संस्था की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। शाखा के संस्थापक श्री महावीर प्रसाद डोकानिया ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी कवियों को होली की विशेष माला, विशेष टोपी और स्मृति-चिह्न भेंट किये गये। कवि सम्मेलन का



उद्घाटन विशेष अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती देवी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं श्री अग्रसेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण तथा पूजा के साथ हुआ।

कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य ने अपनी स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। श्री उमेश जी महाराज (बनारस, उत्तर प्रदेश), डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, शोभा दुबे, अंजनी कुमार गोयल, अशोक सेन और श्रुतिकांत भारती बतौर विशेष अतिथि मंच पर विराजित थे।

कवि सम्मेलन में सर्वश्री गोविंद अक्षय, रत्नकला मिश्र, सत्यनारायण काकड़ा, उमेशचंद्र श्रीवास्तव, अंजनी कुमार गोयल, पुष्पा वर्मा, शिव कुमार तिवारी कोहिरी, राजू भाई चाटवाला, दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, चंपालाल बैद, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, श्रीपूनम जोधपुरी, अनुज कुमार तिवारी, राजकुमार यादव, तज्जमुल गुलरेज़, संतोष कुमार मिश्र माधुर्य, रेखा देवी वर्मा, प्रवीण कुमार, शोभा दुबे आदि ने होली पर्व के महत्त्व पर तथा देश की ज्वलंत समस्याओं पर अपने गीत, ग़ज़ल, हास्य-व्यंग्य और नयी कविताओं का पाठ कर समाँ बाँध दिया और श्रोताओं से ख़ूब वाह-वाही लूटी।विशेष अतिथि अशोक सेन ने कहा कि गीत चाँदनी ने हैदराबाद के सामाजिक क्षेत्र में एक पहचान बनाई है और देश के विभिन्न भागों के अलग-अलग भाषाओं के कवियों को मंच पर लाकर देश की प्रगति में योगदान दिया है।

अन्य वक्ताओं ने भी होली की शुभकामनाएँ देते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर गीत चाँदनी की संयोजिका व कवयित्री डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव द्वारा कवयित्री पुष्पा वर्मा को भाग्यशाली कवि के रूप में 1100/- रुपयों की राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीत चाँदनी के गीतकार श्री चंपालाल बैद, कवि गोविंद अक्षय, कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य, श्रीमती रत्नकला मिश्र (कोषाध्यक्षा), डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव (संयोजिका) एवं अग्रवाल समाज शाह-अली-बंडा शाखा के श्री रामकिशन अग्रवाल (अध्यक्ष) के साथ-साथ संयोजक श्री आनंद संघी, श्री राजू भाई चाटवाला, सह-संयोजक श्री फतेहचंद मित्तल, श्री अजीत अग्रवाल, प्रचार संयोजक श्री पवन कुमार डोकानिया, स्वागत समिति के श्री संजय अग्रवाल, श्री मिट्ठू लाल अग्रवाल, व्यवस्था समिति के सदस्य कन्हैयालाल अग्रवाल, महावीर प्रसाद डोकानिया, कन्हैयालाल बंसल, सत्यनारायण गुलखंडिया, राजेश मच्छरदारनी वाला, संजय अग्रवाल, गोविंद राम अग्रवाल, शोभा देवेंदर बंसल, हनुमंत राव कुलकर्णी, वासुदेव कुलकर्णी, सत्येंद्रनाथ शर्मा, शोभा देवी अग्रवाल, नीला बाई रांका, कलावती अग्रवाल, आशा शर्मा आदि ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में शाखा के दो दिवंगत सदस्यों श्री विश्वनाथ अग्रवाल और श्री रोशनलाल अग्रवाल की माता जी श्रीमती शोभा देवी बंसल को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। श्री फतेहचंद मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



सनतनगर में भाजपा महिला मोर्चा का होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपास्थित भाजपा नेता सपना गुप्ता, अमीरपेट पार्षद सरला केतनी, लक्ष्मी, अश्वनी, रंजिता व अन्य उपस्थित थे।



कुम्भ मेला अग्रवाल बंधू, अशोक फाउंडेशन के तत्वावधान एवं पंकज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन अनेकता में एकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वश्री पंकज कुमार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राज कुमार, प्रखर अग्रवाल, चेतन अग्रवाल व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभु श्री राधा कृष्ण (जुगल सरकार) का प्रसाद स्वरूप ठंडाई व फलहार का हर्षोलास के साथ आनंद लेते हुए लोग।

# कच्छ के लिये सिधी रेल प्रारंभ करने हेतु ज्ञापन सौंपा



**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री कच्छी मित्र मंडल, प्राणी मित्र रमेश जागीरदार मेमोरीयल फाउण्डेशन एवं अन्य सामाजीक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने केन्द्रीय मंत्री एवं सिकंद्राबाद सांसद जी. किशन रेड्डी से रामकोट स्थित श्री कच्छी मित्र मंडल मे भेंटकर उन्हे हैदराबाद सिकंदराबाद से भूज, गांधीधाम या नलीया एयरबेस (कच्छ) तक सिधी रेल सेवा प्रारंभ करने के लिये ज्ञापन सौंपा।

आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञापती में बताया कि आज श्री कच्छी मित्र मंडल के अध्यक्ष सुशील कापडिया, मंत्री पंकज सावला, सहमंत्री लहेरचंद लोडाया, ट्रस्टी योगेश गोसर, कार्यकारीणी सदस्य जागीरदार फाउण्डेशन के संस्थापक रिद्धीश जागीरदार, कच्छी जैन माईनोरिटी दिनेश गोसर आदि के प्रतिनिधि मंडल ने कच्छ (भूज) के लिए सिधी रेलसेवा हेतु केन्द्रीय मंत्री व सिकंदराबाद सांसद जी. किशन रेड्डी से भेंटकर उन्हे उन्हे हैदराबाद सिकंदराबाद से भूज, गांधीधाम या नलीया एयरबेस (कच्छ) तक सिधी रेल सेवा प्रारंभ करने के लिये ज्ञापन सौंपा। अवसर पर श्री कच्छी मित्र मंडल, तेलंगाना आंध्रप्रदेश कच्छ कडवा पाटीदार समाज, श्री हैदराबाद कच्छ कडवा पाटीदार समाज, श्री सिकंदराबाद कच्छ कडवा पाटीदार समाज, श्री हैदराबाद सिकंदराबाद गुजराती ब्रह्मण समाज, श्री कच्छी दशा ओसवाल जैन महाजन, श्री कच्छी गुर्जर जैन परिवार, कच्छी ओसवाल म्युच्यली एडेड सोसायटी की ओर से ज्ञापन सौंपा। अवसर पर देवचंद गाला, अनीश छेडा, कौशीक मैशेरी, रमण नागडा, झेनी हेमांग मोमाया, वैशाली शाह, बिजेपी नेता सुर्यप्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

रिद्धीश जागीरदार ने ज्ञापन सौपते हुए कहा कि कच्छ गुजरात और इसके आस-पास के क्षेत्रों के करीब 2 लाख लोग हैदराबाद और सिकंदराबाद के साथ साथ तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलो में बसे हुए हैं, जिनमे कच्छी जैन, कच्छी पटेल, कच्छी ब्राह्मण, कच्छी गुर्जर, गुजराती पटेल, लेवा पटेल, कडवा पटेल आदि कई प्रांत के लोग शामिल है, जो नियमित रूप से सपरिवार धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर तथा सामाजीक, वैवाहिक, आदि अवसर पर इन क्षेत्रों की यात्रा करते हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के कच्छ प्रांत मे नलीया एयरबेस, सांघी सीमेन्ट्स, आदानी पोर्ट, कांदला पोर्ट, टाटा पावर, अदानी पावर, आदि कई बडे उद्य-ोगो मे तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश के तेलुगु भाषी लोग बहुसंख्या मे इस प्रांत मे कार्यरत है । माननीय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व मे आज कच्छ व गुजरात मे बडी संख्या मे पर्याटन स्थलो को बढावा दिया गया है, सफेद रण, माता नो मढ, नारायण सरोवर, लखपत आदि कई क्षेत्रो मे आज लाखो की सख्या मे सैलानी पर्याटन के लिए जाते है, दुर्भाग्यवश, हैदराबाद और कच्छ के बीच सीधी रेल सेवा न होने के कारण इन यात्रियों को भारी यात्रा शुल्क वहन करना पड़ता है और अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए काफी समय भी खर्च करना पड़ता है। अपनी मातृभूमि और कर्मभूमी पर पहुँचने के लिए इन लोगों को काफी असुविधा भी झेलनी पड़ रही है।

प्रतिनिधि मंडल ने अनुरोध किया कि उक्त मार्ग पर सीधी रेल सेवा का प्रबंध करें और संसद सत्र में इसके लिए विशेष प्रावधान के लिए कदम उठाये जाये इससे न केवल रेलवे के राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि कच्छ-गुजरात वासियों को रोज़गार/व्यापार के और भी अधिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। साथ ही, राष्ट्र की सेवा में समर्पित हज़ारों सैनिक भी भुज के नलिया एयर बेस एवं पाकिस्तान सीमा पर तैनात हैं। इन सैनिकों को भी अपने गृह-प्रदेश (तेलंगाना व आंध्र-प्रदेश) आने-जाने में काफी समस्याएँ उठानी पड़ रही हैं। अत: आपसे आग्रह है कि इस दिशा में विशेष कदम उठाएँ।इससे पूर्व भी कच्छी समाज ने पूर्व रेलमंत्री सी.के जाफर शरीफ, बंडारी दत्तारेया, के.एच.मुनीयप्पा, पूर्व रेल राज्यमंत्री सुर्यप्रकाश रेड्डी, पूर्व केन्द्रीय रेलमंत्री ममता बेनरजी, दिनेश त्रिवेदी, सुरेश प्रभु, पियुश गौयल, पूर्व दमरे महाप्रबंधक जी.एन. आस्थाना, रविन्द्र गुप्ता, विनोदकुमार यादव , वर्तमान जी.एम. अरूण जैन आदि से भी इस संबंध मे भेट कर ज्ञापन सौंपा गया। वर्तमान रेलमंत्री अश्वीन वैशणव को भी गत वर्ष भेट कर इस संबंध मे यथा योग्य करने का निवेदन किया गया। कच्छी समाज मे पिछले 22 वर्षो से इस संबंध मे कई मंत्रीयो, अधिकारीयो के इसके लिये ज्ञापन सौपा जा रहा है।केन्द्रीय मंत्री एवं सिकंदराबाद सासंद जी. किशन रेड्डी ने कहा कि उन्हेने रेलमंत्री से इस संबंध मे पत्र लिखा है और जल्द ही इस संबंध मे आवश्यक करने का आश्वासन दिया। किशन रेड्डी ने कहा कि कच्छी, गुजराती, जैन बंधुओ की इस विशेष अपील को जल्द से जल्द पुरा करने के लिए वे अपनी ओर से वह भरसक प्रयास करेंगे । उन्होने आगे कहा कि वह चाहते है कि कच्छ के लिए विशेष ट्रेन प्रारंभ कि जाये तथा कच्छ प्रांत के लोगो की काफी समय से चली आ रही मांग को जल्द से जल्द पुरा करने का आश्वासन दिया। उन्होने अगले सप्ताह एक प्रतिनिधि मंडल के साथ नई दिल्ली आने का निमंत्रण दिया जिससे की माननीय रेलमंत्री से सिधे भेटकर इस संदर्भ मे व्यवस्था की जा सके।



सर्वसम्मति से माथुर वैश्य चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बने विमल गुप्ता। इसी तरह ट्रस्ट के उपाध्यक्ष के रूप में दिलीप गुप्ता, मंत्री राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जॉइंट सेक्रेटरी श्रद्धा गुप्ता, सदस्य प्रदीप गुप्ता, निर्भय गुप्ता , रूपेश गुप्ता, रोहित गोलास, अमित गुप्ता, अंशुल गुप्ता, विजय गुप्ता बने। दक्षिणांचल अध्यक्षा सपना गुप्ता ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




अग्रवाल समाज बंजारा सेंट्रल शाखा के तत्वावधान में होली महात्सिव का भव्य आयोजन बंजारा हिल्स रोड नं. 13 में किया गया।

# अग्रवाल समाज श्याम मन्दिर शाखा का रंगोत्सव आयोजित



**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज श्याम मन्दिर शाखा द्वारा आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम रंगो का बन्धन-कान्हा के संग रामकोट स्थित नवजीवन बालिका विद्यालय के सभागार में 14 मार्च सांयकाल को बहुत ही उत्साह एवं आनन्द के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को मनोरंजक एवं आकर्षण बनाने के लिए आयोजकों विभिन्न प्रकार के मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अन्तर्गत फैन्सी ड्रेस एवं टैलेंट शो प्रतियोगिता बच्चों एवं बड़ों के लिए रखी गयी थी। तत्पश्चात फूलों की होली का सभी सदस्यों ने सामुहिक नृत्य गान आनन्द लिया।

फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार वेदांत अग्रवाल एवं द्वितीय पुरस्कार मोहिनीअग्रवाल ने प्राप्त किया। इसी श्रेणी में टैलेंट शो में प्रथम पुरस्कार उदित गोयल एवं द्वितीय पुरस्कार शौर्य अग्रवाल ने प्राप्त किया। बड़ों की श्रेणी में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सीमा मोदी ने एवं द्वितीय पुरस्कार अंजु पित्ती ने प्राप्त किया। टैलेंट शो में अनुश्री कसेरवाल प्रथम एवं कोमल अग्रवाल ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। अन्य मंच सहभागियों को सान्त्वना पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन हर्षिता अग्रवाल ने किया। श्रीमती मीना केड़िया एवं डा.शिखा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के पश्चात लजीज व्यंजनों का सभी सदस्यों ने भरपूर आनन्द लिया।



होली के अवसर पर मेलकोटे पार्क में अग्र महिला मंच तेलंगाना की अध्यक्षा दीपा गर्ग द्वारा पार्क के प्रभारी भूषण भाई, लॉफिंग क्लब की अध्यक्षा सुषमा शाह ऑर महेश भारई, गोप भाई, किरण भाई, हितेश भाई का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर मंच की ओर से मधु गोयल, अंजू गोयल, अर्चना अग्रवाल व सरला अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# तेलंगाना वक्फ बोर्ड ने शिकायत प्रकोष्ठ शुरू किया

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना वक्फ बोर्ड ने शनिवार, 15 मार्च को जनता द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के समाधान के लिए एक शिकायत प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया।

शिकायत प्रकोष्ठ शनिवार को नामपल्ली के हज हाउस में वक्फ बोर्ड के सीईओ कार्यालय में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक काम करेगा। नए प्रकोष्ठ का प्रबंधन वक्फ बोर्ड के प्रजावाणी अनुभाग के तहत किया जाएगा।जनता को निर्धारित समय के भीतर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।वरिष्ठ अधिकारियों, लेखा अधिकारियों और कानून अधिकारियों की एक टीम शिकायत प्रकोष्ठ में लोगों की सहायता करेगी। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति निगरानी एजेंसी के बाद तेलंगाना वक्फ बोर्ड शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित करने वाला नवीनतम बोर्ड है।



आकांक्षा महिला संस्था हैदराबाद की होली महोत्सव कार्यक्रम आला लिबर्टी होटल बंजारा हिल्स हैदराबाद में आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्य सुशीला, सुमन कृष्णा, कुसुम का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका सुमन गुप्ता, ममता, विनीता के साथ सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6946384A NK PRABHU P of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my mother Name is changed from ARUKKANI to ARUKKANI P

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6946409F NK SIVA KUMAR S of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my mother Name is changed from RATNA to S RATHNA and my father name is changed from SETTU to C SETTU

# हरीश राव ने केसीआर पर टिप्पणी के लिए रेवंत रेड्डी से माफी की मांग की

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी.हरीश राव ने रविवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर जमकर निशाना साधा और पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग की। उन्होंने रेवंत रेड्डी पर अपनी शवगृह टिप्पणी के बारे में जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया और दावा किया कि मुख्यमंत्री अब अपनी कही बात से पीछे हट रहे हैं।



रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में अपनी शवगृह टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा था कि उनका लक्ष्य बीआरएस था, न कि पूर्व मुख्यमंत्री। हालांकि, हरीश राव ने भाषण का फुटेज जारी किया जिसमें रेवंत रेड्डी ने कहा था कि कद के बारे में बोलने वाले को स्ट्रेचर पर रखा गया था और जल्द ही उसे शवगृह भेज दिया जाएगा। हरीश राव ने पूछा, क्या आप चंद्रशेखर राव की मौत चाहते हैं, जिस नेता ने तेलंगाना के लिए सब कुछ बलिदान कर दिया? उन्होंने जोर देकर कहा कि बीआरएस प्रमुख ने न केवल राज्य का दर्जा हासिल किया, बल्कि एक दशक तक इसके विकास का नेतृत्व भी किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री पर अपमानजनक भाषा की संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और उन्हें अभद्र भाषा, झूठे आख्यान, बॉडीशेमिंग और सोशल मीडिया पापियों का जनक और झूठ का ब्रांड एंबेसडर कहा। उन्होंने कहा कि अगर रेवंत रेड्डी के झूठ पर जीएसटी लगाया गया तो राज्य का खजाना खाली हो जाएगा।

अध्यक्ष के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के झूठे आरोप में बीआरएस विधायक जगदीश रेड्डी को निलंबित करने की निंदा करते हुए पूर्व मंत्री ने विधानसभा द्वारा रेवंत रेड्डी की अभद्र भाषा को बर्दाश्त करने पर सवाल उठाया।

सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग के खिलाफ रेवंत रेड्डी की चेतावनी पर उन्होंने विधानसभा में नैतिकता का उपदेश देने, लेकिन उसी अभद्र भाषा का प्रयोग जारी रखने के लिए रेवंत रेड्डी पर कटाक्ष किया।उन्होंने याद दिलाया कि यह रेवंत रेड्डी ही थे जिन्होंने सार्वजनिक मंचों पर असंसदीय भाषा का प्रयोग करना शुरू किया था।उन्होंने कहा, जहां चंद्रशेखर राव तेलंगाना के पिता हैं, वहीं रेवंत रेड्डी बदनामी के पिता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह एहसास नहीं है कि उनके विरोधियों के भी परिवार हैं और वे तब तक उनके साथ दुर्व्यवहार करते रहे जब तक किसी ने उनके परिवार को निशाना नहीं बनाया।

उन्होंने बताया कि रेवंत रेड्डी ने एक बार चंद्रशेखर राव को गोली मारने और प्रगति भवन में उनके आधिकारिक आवास को उड़ाने की बात कही थी। उन्होंने कहा, उन्होंने बॉडीशेमिंग करते हुए मुझे या केटीआर के बेटे को भी नहीं बख्शा। राज्य की राजनीति में अपमानजनक भाषा के लिए आप पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

# पुनर्विभाजन पर बैठक के लिए सभी दलों को आमंत्रित किया

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्विभाजन पर सरकार जल्द ही एक बैठक बुलाने जा रही है, जिसमें सभी दलों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के तहत भट्टी शनिवार को वरिष्ठ नेता जना रेड्डी के आवास पर गए और उनसे मुलाकात की।



दोनों ने राजनीति से इतर सभी से सलाह-मशविरा करके तेलंगाना राज्य के हितों की रक्षा करने का निर्णय लिया। सभी दलों के नेताओं से फोन पर बात करने और किसी को कोई असुविधा न पहुंचाते हुए सचिवालय या प्रजा भवन में बैठक करने का निर्णय लिया गया।

भट्टी ने कहा कि सीएम रेवंत रेड्डी ने पिछली कैबिनेट बैठक में यह स्पष्ट कर दिया था कि जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्विभाजन को रोकने के लिए पहले से ही सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य के सभी दलों से बात करने का सुझाव दिया था।

# सैदाबाद में मंदिर के अकाउंटेंट पर एसिड अटैक के आरोप में दो गिरफ्तार

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सैदाबाद में 12 मार्च को एक मंदिर के अकाउंटेंट पर तेजाब फेंकने के आरोप में शनिवार 15 मार्च को दो लोगों को हिरासत में लिया गया।

यह घटना पेड्डा थोटा भू लक्ष्मी मंदिर में हुई। पीड़ित की पहचान नरसिंह राव के रूप में हुई है, जिस पर संदिग्धों ने हमला किया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया। शिकायत के बाद, सैदाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी राव कई सालों से मंदिर में काम कर रहे थे। यह हमला तब हुआ जब एक व्यक्ति उनके पास आया और पूजा-अर्चना और होम करने का अनुरोध किया। जब राव रसीद बुक तैयार कर रहे थे, तभी हमलावर ने अचानक उन पर तेजाब फेंक दिया और मोटरसाइकिल पर भाग गया।

स्थानीय लोग और श्रद्धालु मंदिर में इकट्ठा हुए और तत्काल न्याय की मांग की। हिंदू संगठनों ने हमलावर की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपियों को पकड़ लिया गया। एसिड अटैक के पीछे का मकसद अभी स्पष्ट नहीं है।

# आईएमडी ने तापमान 44 डिग्री तक बढ़ने का अनुमान लगाया



**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) हैदराबाद ने सोमवार को तेलंगाना के आठ जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान लगाया है। अगले चार दिनों में अन्य सभी जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

हैदराबाद में गर्मी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब कल शहर का तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह आसिफनगर में दर्ज किया गया।गोलकुंडा, मुशीराबाद, चारमीनार, बहादुरपुरा, बंदलागुडा, अंबरपेट, मारेडपल्ली, मुशीराबाद, हिमायतनगर, शैकपेट, खैरताबाद और सैदाबाद में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।इस बीच, शनिवार को कुमुराम भीम और करीमनगर में तेलंगाना का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की आशंका के मद्देनजर मौसम विभाग ने विभिन्न जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।इन जिलों में आदिलाबाद, जगितियाल, करीमनगर, कोमाराम भीम, मंचेरियल, निर्मल, पेद्दापल्ले और राजन्ना सिरसिला शामिल हैं। हैदराबाद के लिए, आईएमडी ने पूर्वानुमान लगाया है कि गर्मी बढ़ेगी तथा शहर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना के कारण पीला अलर्ट जारी किया है।

# छात्रा ने हॉस्टल के बाथरूम में की आत्महत्या की कोशिश

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिद्दीपेट जिले के दुब्बाक मंडल के हब्सीपुर गुरुकुल स्कूल के 7वीं कक्षा के एक छात्र ने हॉस्टल के बाथरूम में आत्महत्या करने की कोशिश की । हालांकि, उसके सहपाठियों ने समय रहते इस घटना को देख लिया और स्कूल स्टाफ को सूचित कर दिया, जिससे हादसा टल गया।छात्र को आपातकालीन उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गयादौलताबाद मंडल के गौले गांव के अखिल नामक छात्र को उसके साथियों ने गंभीर हालत में पाया और तुरंत शिक्षकों को इसकी सूचना दी।स्कूल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 108 एम्बुलेंस बुलाई और उसे सिद्दीपेट सरकारी अस्पताल पहुंचाया।उनकी बिगड़ती हालत के कारण डॉक्टरों ने उन्हें उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए हैदराबाद के निलोफर अस्पताल में रेफर कर दिया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार अखिल की हालत स्थिर हो गई है और उसे निगरानी में रखा गया है । अधिकारी आत्महत्या के प्रयास के पीछे संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं ।

यह घटना छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में गंभीर चिंताएँ पैदा करती है । विशेषज्ञों ने स्कूलों, अभिभावकों और अधिकारियों से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए छात्रों को परामर्श और भावनात्मक समर्थन प्रदान करने का आग्रह किया है।

# गच्चीबोवली में नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में तीन किशोरों पर मामला दर्ज

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गच्चीबोवली स्थित एक स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा के साथ तीन नाबालिग लड़कों ने यौन उत्पीड़न किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता ने उन लड़कों में से एक से दोस्ती की जिसने कथित तौर पर उसकी तस्वीरें बदल कर पीड़िता को दिखाईं। लड़के ने लड़की को धमकाया और उसका यौन शोषण किया, इस कृत्य को दूसरे लड़के ने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड कर लिया।घटना के बाद पीड़िता ने फोन छीन लिया और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के कुछ दिनों बाद एक अन्य लड़के ने पीड़िता को यौन शोषण की धमकी दी। लड़की ने घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताया जिन्होंने गचीबोवली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# आदिलाबाद में चनाका-कोराटा सिंचाई परियोजना के पूरा होने पर अनिश्चितता

**आदिलाबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पेनगंगा नदी पर बनने वाली महत्वाकांक्षी चनाका-कोराटा (रुधा) अंतर-राज्यीय सिंचाई परियोजना के पूरा होने पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। इस परियोजना का काम पिछली बीआरएस सरकार ने करीब नौ साल पहले शुरू किया था।आदिलाबाद जिले के लिए जीवन रेखा बनने की उम्मीद वाली इस प्रमुख सिंचाई परियोजना को नवंबर 2015 में 368 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर बीआरएस सरकार द्वारा प्रशासनिक मंजूरी दी गई थी। जनवरी 2022 में 795.94 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना का हिस्सा बनने वाले अतिरिक्त घटकों के कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी।



लिफ्ट सिंचाई परियोजना महाराष्ट्र के जयनाथ मंडल के चनाका गांव और कोरटा गांव में वर्धा नदी की सहायक नदी पेनगंगा पर बनाई जा रही है, जिससे आदिलाबाद और बोथ विधानसभा क्षेत्रों में 51,000 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई की जा सकेगी।अनुमानित लागत को संशोधित कर 1,227 करोड़ रुपए कर दिया गया। बाद में निर्माण की लागत बढ़कर 2,000 करोड़ रुपए हो गई।

कोविड-19 महामारी के कारण परियोजना के काम में काफी समय तक बाधा आई, लेकिन 343 मीटर बैराज का निर्माण और 23 क्रेस्ट गेट लगाने का काम 2022 में पूरा हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र की ओर परियोजना की सुरक्षा दीवार, लिफ्ट, पंप हाउस और नहरों से संबंधित कार्य अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से धन जारी करने में देरी के कारण काम लगभग ठप हो गया है।एक साल तक काम में कोई खास प्रगति नहीं दिखी। अधिकारियों ने बताया कि 800 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने और 43 किलोमीटर लंबी मुख्य नहर बनाने के लिए करीब 350 करोड़ रुपए की जरूरत थी।अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों वितरक नहरों, पिप्पलकोट गांव में जलाशय, माइनर और सब माइनर से संबंधित कार्यों के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजे गए थे, जिसमें धन की मांग की गई थी। हालांकि, अभी तक काम के लिए कोई धनराशि नहीं दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि लंबित कार्य तभी पूरे हो सकते हैं, जब सरकार परियोजना के लिए धन आवंटित करे।क्षेत्र के किसानों को आगामी राज्य बजट पर काफी उम्मीदें टिकी हैं।चनाका के एक किसान हनुमंथु ने कहा, अगर लंबे समय से लंबित परियोजना हकीकत बन जाती है तो किसान एक साल में कई फसलें उगाकर कृषि में लाभ कमा सकेंगे। वे नौ साल से इस परियोजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।6 अक्टूबर 1975 को महाराष्ट्र और तत्कालीन आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के बीच एक अंतर-राज्यीय संयुक्त परियोजना के रूप में नदी के पार परियोजना के निर्माण के लिए सहमति बनी थी।तदनुसार, बीआरएस सरकार द्वारा 2015 में महाराष्ट्र सरकार के साथ कई बार विचार-विमर्श करने के बाद दोनों राज्यों की सरकारों ने संयुक्त रूप से परियोजना शुरू की।

# बोलराम में आरटीसी बस में सीट को लेकर तीन महिलाओं में झगड़ा, मामला दर्ज

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एक और घटना में, हैदराबाद में तेलंगाना आरटीसी बस में सीट के लिए लड़ते हुए तीन महिलाएं कैमरे पर कैद हो गईं।सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें तीन गुस्साई महिलाएं सीट के लिए लड़ रही हैं। उनमें से एक ने दूसरी पर जूता फेंका, जबकि एक बुजुर्ग पुरुष यात्री ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की।आरटीसी बस रंगारेड्डी जिले के हकीमपेट डिपो से हैदराबाद जा रही थी। यह हादसा उस समय हुआ जब बस बोल्लाराम बस स्टॉप पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।ऐसी घटनाएं अकेली नहीं हैं।

1 जनवरी को एक वीडियो सामने आया जिसमें टीएसजीआरटीसी बस में कई महिलाएं एक-दूसरे पर हमला करती दिख रही हैं। इस अफरातफरी में एक बच्ची रोती हुई दिख रही है क्योंकि वह दो लड़ती महिलाओं के बीच आ गई है।बस में सवार अन्य यात्रियों को भी इस झगड़े को रोकने के लिए बीच-बचाव करना पड़ा।जब से सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मुफ्त बस यात्रा प्रदान करने वाली महालक्ष्मी योजना शुरू की है, तब से इस तरह की कई घटनाएं ऑनलाइन सामने आई हैं।

# बचुपल्ली से टी-हब तक दो नई टीजीएसआरटीसी बसें चलेंगी

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) ने रविवार 16 मार्च को हैदराबाद में बाचुपल्ली से टी-हब तक दो नई ग्रीन मेट्रो इलेक्ट्रिक बसों की घोषणा की।बसें बचुपल्ली, राजीव गांधी नगर, निजामपेट गांव, निजामपेट एक्स रोड, जेएनटीयू, फोरम मॉल, मलेसियन टाउनशिप, साइबर टावर्स (हाई-टेक सिटी), टीसीएस, रायदुर्गम मेट्रो स्टेशन, माइंडस्पेस जंक्शन और अंत में टी-हब तक जाएंगी।



पहली बस बाचुपल्ली-टी हब से सुबह 6:10 बजे रवाना होगी और आखिरी बस शाम 7:10 बजे रवाना होगी। टी-हब-बाचुपल्ली से यात्रा करने वाली पहली बस सुबह 6:55 बजे रवाना होगी और आखिरी बस शाम 7:55 बजे रवाना होगी। ये सेवाएं सोमवार, 17 मार्च से शुरू होंगी।टीजीएसआरटीसी ने 6 इलेक्ट्रिक एसी बसें पेश कीं।नई ग्रीन मेट्रो इलेक्ट्रिक बसों के साथ, टीजीएसआरटीसी ने आईटी कॉरिडोर यात्रियों के लिए छह ग्रीन मेट्रो लक्जरी इलेक्ट्रिक एसी बसें शुरू करने की घोषणा की।नई शुरू की गई बसें दो प्रमुख मार्गों पर चलेंगी: बस संख्या 216W, जो नल्लागंडला, विप्रो सर्कल, नानकरामगुडा, खाजागुडा, टोलीचौकी और मेहदीपटनम के माध्यम से लिंगमपल्ली और मेहदीपटनम को जोड़ेगी। जबकि, 216 जी बस, जो नल्लागंडला, क्यू सिटी, विप्रो सर्कल और लक्ष्मी गर के माध्यम से लिंगमपल्ली और लक्ष्मी गर के बीच चलेगी।इससे पहले, टीजीएसआरटीसी ने क्षेत्र में सॉफ्टवेयर कर्मचारियों और अन्य लोगों के लिए यातायात संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए पिछले छह महीनों में हैदराबाद के आईटी कॉरिडोर में कई नए बस मार्ग शुरू किए थे।

यह यात्रा पैटर्न, मांग और आवश्यकताओं को समझने के लिए पश्चिमी कॉरिडोर में मेट्रो स्टेशनों, बस स्टेशनों और कार्यस्थलों पर किए गए व्यापक सर्वेक्षणों का परिणाम था।टीजीएसआरटीसी का अगले साल तक 10,000 करोड़ रुपए का कारोबार करने का लक्ष्यप्रबंध निदेशक वी.सी. सज्जनार ने हाल ही में कहा कि टीजीएसआरटीसी अगले वर्ष तक 10,000 करोड़ रुपए का कारोबार हासिल करने की राह पर है।उन्होंने याद किया कि जब उन्होंने सितंबर 2021 में टीजीएसआरटीसी का कार्यभार संभाला था, तब निगम घाटे से जूझ रहा था और इसका कारोबार 3,800 करोड़ रुपए का था। हालांकि, 50,000 कर्मचारियों के समर्पण और मजबूत सरकारी समर्थन से, टीजीएसआरटीसी अब एक अरब डॉलर की इकाई बन गई है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय वित्तीय पारदर्शिता, मजबूत आंतरिक नियंत्रण और समय पर वेतन वितरण को दिया।

# निजामाबाद में झगड़े के दौरान बेटे ने पीट-पीटकर पिता की हत्या की

**निजामाबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** निजामाबाद जिले के धरपल्ली मंडल के ओन्नाजीपेट गांव में शनिवार रात गरमागरम बहस के बाद 65 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके बेटे ने कथित तौर पर हत्या कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार मृतक पालम मल्लैया शराब के नशे में अक्सर अपने परिवार के सदस्यों से झगड़ता रहता था। इसी तरह की एक बहस के दौरान उसके बेटे मधु ने गुस्से में उसके सिर पर बोतल से वार कर दिया, जिससे गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। मल्लैया की पत्नी लक्ष्मी पर भी हमले में शामिल होने का संदेह है। मृतक के भाई सुमन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।आगे की जांच जारी है।

# तेलंगाना आवासीय विद्यालय के मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे : दुब्बाक विधायक




**सिद्दीपेट :** दुब्बाक विधायक कोठा प्रभाकर रेड्डी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी आवासीय विद्यालयों में आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयासों की घटनाएं छात्रों की दुर्दशा के प्रति सरकार की अज्ञानता को दर्शाती हैं।

शनिवार को दुब्बाक के निकट हब्सीपुर स्थित बीसी आवासीय विद्यालय में आत्महत्या के प्रयास की घटना के बाद, कोठा प्रभाकर रेड्डी ने रविवार को विद्यालय का दौरा किया और छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर रेड्डी ने छात्रों और उनके अभिभावकों को सुझाव दिया कि यदि उन्हें कोई समस्या हो तो वे किसी भी समय उनके कार्यालय में आ सकते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से कोई भी अतिवादी निर्णय न लेने को कहा तथा उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।बीआरएस विधायक ने चालू बजट सत्र के दौरान विधानसभा में सरकार द्वारा आवासीय विद्यालयों की उपेक्षा का मुद्दा उठाने का संकल्प लिया।रेड्डी ने प्रिंसिपल और जिला शिक्षा अधिकारी से भी बात की और उन्हें छात्रों को बेहतरीन सुविधाएं देने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से छात्रों के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा, जब परीक्षाएं नजदीक होंगी।

# मुख्यमंत्री ने स्टेशन घनपुर में 630 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**जनगांव, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार 16 मार्च को जनगांव जिले के स्टेशन घनपुर में 630.27 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।



उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के विकास के तहत तेलंगाना सरकार जाफरगढ़ मंडल के कोनायाचलम गांव में यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजीडेंशियल स्कूल की स्थापना करेगी। इस स्कूल के निर्माण पर 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्टेशन घनपुर में 5.5 करोड़ रुपए की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाएगा और 45.5 करोड़ रुपएकी लागत से 100 बिस्तरों वाला अस्पताल भी स्थापित किया जाएगा। रेवंत रेड्डी ने कहा, 26 करोड़ रुपए की लागत से एक संभागीय कार्यालय स्थापित किया जाएगा। 31 किलोमीटर लंबी नहर के विकास के लिए 12,56 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने इंदिराम्मा इंदु योजना के तहत 25.6 करोड़ रुपए की लागत से 512 घरों के निर्माण को मंजूरी दी है। इनमें से 274 घर घनपुर निर्वाचन क्षेत्र मंडल में और 238 घर धर्मसागर और वेलेयर मंडल में बनाए जाएंगे।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि मल्लनगंडी से थाटीकोंडा, जित्तागुडेम (स्टेशन) से तारिगोप्पुला तक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सड़क चौड़ीकरण का कार्य 15 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा और ग्रामीण सड़क-बीटी पर सड़क रखरखाव का काम 23.5 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

इसी प्रकार विद्युत क्षेत्र में रेवंत रेड्डी ने बताया कि स्टेशन घनपुर में उत्तर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मंडल कार्यालय सह ईआरओ कार्यालय भवन का निर्माण एक करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने घोषणा की, रघुनाथपल्ली मंडल के कुर्चापल्ली गांव में 2.26 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 किलोवाट का सब-स्टेशन बनाया जाएगा और जफरगढ़ मंडल के सागरम गांव में 2.29 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 किलोवाट का सब-स्टेशन बनाया जाएगा। चिलपुर मंडल के कोंडापुर गांव में 2.5 करोड़ रुपए की लागत से इसी तरह के सब-स्टेशन बनाए जाएंगे; रघुनाथपल्ली के फतेहपुर गांव में 2.48 करोड़ रुपए की लागत से इसी तरह के सब-स्टेशन बनाए जाएंगे।रेड्डी ने धर्मसागर मंडल में रायगुडेम उप-स्टेशन का भी उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 1.48 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने 2 करोड़ रुपए की लागत से बंजारा भवन के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गोवर्धनगिरि को चरलाटांडा से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण 11.9 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा और 3.7 करोड़ रुपए की लागत से नक्कापोक्कला थांडा सम्याकुंटा का निर्माण भी किया जाएगा।

अनेक परियोजनाओं के अलावा स्टेशन घनपुर ग्राम पंचायत नगर पालिका के उन्नयन की भी घोषणा की गई। रेड्डी ने कुडा के अंतर्गत पेड्डापेंड्याला गांव में 1.76 करोड़ रुपए की लागत से सड़क चौड़ीकरण का भी प्रस्ताव रखा।

महिला शक्ति के अंतर्गत 102.1 करोड़ रुपए (2.10 करोड़ रुपए) की लागत से सात आरटीसी बसों, स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपए का बैंक लिंकेज भी स्वीकृत किया गया है।

# हल्दी की कीमतों में गिरावट, केंद्र को किसानों की मदद करनी चाहिए : कृषि मंत्री

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने केंद्र सरकार से हल्दी किसानों की मदद के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है, जो गिरती कीमतों के कारण भारी वित्तीय नुकसान का सामना कर रहे हैं।मंत्री ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) कीमतों को स्थिर करने और किसानों को वित्तीय संकट से बचाने के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत हल्दी की खरीद करे।तेलंगाना में 42,093 एकड़ में हल्दी की खेती की जाती है, जिसका उत्पादन 125,436 मीट्रिक टन है। हालांकि, हल्दी की मौजूदा कीमत 17,000 से 11,000 रुपए प्रति क्विंटल है, जिसके और गिरने के संकेत हैं।पिछले वर्ष का स्टॉक अभी तक नहीं बिका है, तथा पिछले दो वर्षों में गुणवत्ता के आधार पर कीमतों में 17% से 27% तक की कमी आई है।मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने किसानों को वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए तत्काल केंद्रीय हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने सुझाव दिया कि नैफेड को स्वामीनाथन समिति की सिफारिश के अनुसार खेती की लागत के आधार पर एमआईएस के तहत हल्दी की खरीद करनी चाहिए।उन्होंने कहा, यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और उन्हें आगे की आर्थिक कठिनाई से बचाया जा सके।



# उस्मानिया विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन और धरने पर प्रतिबंध, बीआरएस ने की निंदा

**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उस्मानिया विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में व्यवधान का हवाला देते हुए अपने परिसर में आंदोलन, धरना और प्रदर्शन पर रोक लगाने वाला एक परिपत्र जारी किया है।

उस्मानिया विश्वविद्यालय में नए निर्देश के तहत, छात्रों और बाहरी लोगों को बिना उचित अनुमति के विश्वविद्यालय भवन में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।इसके अतिरिक्त, उन्हें विरोध प्रदर्शन या धरना-प्रदर्शन करने, विध्वंसकारी नारे लगाने, अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालने, या अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को अपनी शिकायतें सुलझाने के लिए औपचारिक माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी चिंताओं के समाधान के लिए संबंधित संस्थागत प्राधिकारियों से संपर्क करें या रजिस्ट्रार से मुलाकात का समय निर्धारित करें।विश्वविद्यालय का यह कदम हाल के दिनों में लगातार हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद आया है।हालाँकि, इस निर्णय की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने कड़ी आलोचना की है, तथा कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव (के.टी.आर.) ने तेलंगाना कांग्रेस सरकार के निर्णय की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है।केटीआर ने कांग्रेस की लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी ने अपने चुनाव अभियान के दौरान विरोध के अधिकार को बरकरार रखने का वादा किया था।

उन्होंने कांग्रेस पर छात्र प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाकर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया तथा असहमति को दबाने में भाजपा के कदमों की तुलना कांग्रेस से की।उस्मानिया विश्वविद्यालय ऐतिहासिक रूप से छात्र सक्रियता का केंद्र रहा है, जिसने तेलंगाना आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।हाल के विरोध प्रदर्शनों में घटिया छात्रावास भोजन जैसे मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें छात्रों को अपने भोजन में रेजर ब्लेड और कीड़े जैसी विदेशी वस्तुएं मिली हैं।

# श्री आईजी गौशाला में रंगारंग गेर नृत्य व होली महोत्सव सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कापरा मंडल बालाजी नगर स्थित श्री आईजी गौशाला में होली दहन एवं चंग की थाप पर रंगारंग फाल्गुणी राजस्थानी गेर नृत्य कार्यक्रम भव्य रूप से गौभक्तों व विभिन्न क्षेत्रों की गेर टीमों के सान्निध्य में आयोजित किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जगदीश सीरवी, अध्यक्ष मंगलाराम पंवार, सचिव हुक्माराम सानपरा ने बताया कि श्री आईजी गौशाला प्रांगण में होली महोत्सव पर प्रवासी बंधुओं व विभिन्न क्षेत्रों की गैर टीमों द्वारा रंगारंग फाल्गुणी गैर नृत्य कार्यक्रम का राधा-कृष्णा मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। मंगलाराम पंवार ने स्वागत भाषण में सभी पधारे गौभक्तों व गेर टीमों का आभार प्रकट करते हुए होली की शुभकामनाएँ दीं। होली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जावहर नगर पुलिस स्टेशन एस. एच.ओ. एस. सैदाय्या, रामलु नायक , लक्ष्मण, गौशाला के अध्यक्ष द्वारा राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया।इस अवसर पर पधारे सम्मानित अतिथियों, विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों, गेर टीमों व गौभक्तों का गौशाला के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा से सम्मान किया। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों की गेर टीमों ने राजस्थानी वेष-भूषा में भाग लिया। प्रमुख रूप से गडीमैसम्मा , जीडिमेटला ,श्री आईजी सेवा संघ, बालाजीनगर, कोरेमुला, बालाजी नगर,दम्माईगुड़ा, रामपल्ली, मिरजालगुड़ा, एल. बी. नगर, अलवाल, रामंतापुर, करमनघाट, मल्लापुर की टीमें ने फाल्गुणी गीतों पर रंगारंग गेर नृत्य प्रस्तुत कर मनोरंजन किया। सभी गेर टीमो के कप्तानों का मिठाई, व पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। अवसर पर गेरियो ने गौमाता के लिये नकद राशि की घोषणा की। गौभक्तो ने दान-पुण्य कर सपरिवार भोजन प्रसादी का लाभ लिया। जल की व्यवस्था अनाराम राठौड़ नागाराम की तरफ से रखी।कार्यक्रम में मंगलाराम पंवार, कालूराम काग, हुक्माराम सानपुरा, नारायणलाल परिहार, ढगलाराम सेपटा, एन.आर. पटेल, डायाराम लचेटा, चोलाराम हाम्बड़, ओंकारलाल हाम्बड़, भगाराम मुलेवा, भंवरलाल मुलैवा, मोतीलाल काग, गणेशराम बर्फा, मोहनलाल हाम्बड़, भंवरलाल बर्फा, किशनलाल पंवार, माधुराम चोयल, कालुराम काग चितल, नारायणलाल आगलेचा, शंकरलाल बर्फा, पारसमल शर्मा , गिरधारीलाल चोयल, नेमीचन्द्र काग, कालुराम राठौड़, मांगीलाल परिहार, कालकार्यकारिणी समिति के सदस्यों व गौभक्तों ने सहयोग प्रदान किया। गौभक्त ओमप्रकाश पंवार, गौतम पंवार, चन्द्र प्रकाश गेहलोत , ओमप्रकाश काग, किशनलाल परिहार,बगदाराम काग, महेन्द्र सानपुरा , सोहनलाल परिहार, सोहनलाल, प्रकाश चोयल मनोहर आगलेचा, हरिओम बाबूलाल कैलाश सानपुरा गेन-ाराम काग , सुरेश , अनिल परिहार गौशाला में सेवा दिया । श्री श्री 1008श्री गुल्लाराम महराज सेवा संघ मंडल हैदराबाद व्यवस्था में सहयोग किया। भोजन प्रसादी बनाने वाले रमेश का भी सहयोग रहा।मंच संचालन कालूराम काग , हुकमाराम सानपुरा ने किया। कार्यक्रम का विशेष कवरेज पत्रकार जगदीश सीरवी ने किया। साउंड व यू-ट्यूब की व्यवस्था भगवानराम राठौड़, बबलू ने की। कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पधारे सभी गौभक्तो का आभार प्रकट करते हुए अध्यक्ष मंगलाराम पंवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।











स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.